आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर, बुधवार 29 जुलाई 2026 ■ आषाढ़, शुक्ल पक्ष-14 ■ वर्ष -42 ■ अंक-122 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 30 जुलाई 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये

# बिना आंदोलन के नहीं बना छत्तीसगढ़ राज्य

**तरुण छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस पर संगोष्ठी**

## आंदोलनकारियों को भुलाने की कोशिश:मिश्रा

**छग की अस्मिता व संस्कृति को भुलाने की पीड़ा: चौहान**

**आधुनिकता की दौड़ में छग की संस्कृति की उपेक्षा ना हो: सिंघानिया**

**रायपुर, 29 जुलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य आंदोलन से जुड़े रहे आंदोलनकारियों ने एक स्वर में साफ तौर पर कहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य बिना आंदोलन के नहीं बना है। पृथक राज्य बनाने के लिए लाठियां खाई गई है। आंदोलनकारियों ने अपना खून बहाया है तथा जेल की हवा भी खाई है। बिना संघर्ष के यूं ही थाली में परोसकर राज्य नहीं मिला है पृथक राज्य आंदोलनकारियों ने कहा कि रजत जयंती के पार छत्तीसगढ़ का भविष्य उज्जवल तो नजर आता है बशर्ते जो भी सरकार रहे उसकी सोच ईमानदार होनी चाहिए। सांध्य दैनिक तरुण छत्तीसगढ़ ने अपने स्थापना दिवस पर विस्मृत कर दिए गए राज्य आंदोलनकारी डॉ. चंद्रभान सिंह चौहान, ललित मिश्रा व ललित सिंघानिया को आमंत्रित कर उनके विचारों को सामने लाया । सही मायने में चौहान, मिश्रा व सिंघानिया राज्य आंदोलन के सच्चे सेनानी रहे हैं। इन्होंने जो भोगा है उसे सुनकर आंखें नम हो जाती हैं।




छत्तीसगढ़ को राज्य बने 25 वर्ष पूरे हो गए हैं। यानी छत्तीसगढ़ प्रदेश ने रजत जयंती मना ली है। सांध्य दैनिक तरुण छत्तीसगढ़ ने अपने स्थापना के 47 वर्ष का सफर तय करने के अवसर पर रजत जयंती के पार छत्तीसगढ़ विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया। इस संगोष्ठी में छत्तीसगढ़ राज्य के लिए आंदोलन के इतिहास के साथ ही 25 वर्ष के युवा छत्तीसगढ़ तथा रजत जयंती के बाद छत्तीसगढ़ की क्या तस्वीर होनी चाहिए पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे।

अग्रसेन महाविद्यालय पुरानी बस्ती के सभा भवन में मां सरस्वती की पूजा के साथ संगोष्ठी का श्रीगणेश किया गया। तरुण छत्तीसगढ़ के प्रबंधक निदेशक संकल्प मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत किया। चर्चा की शुरुआत करते हुए क्रांतिकारी आंदोलनकारी ललित मिश्रा ने अफसोस व्यक्त करते हुए कहा कि बिना आंदोलन के राज्य बन जाने की बात कहना आंदोलनकारियों को भुलाने की साजिश है।मिश्र ने आंदोलनों के इतिहास को याद करते हुए कहा, सन् 1905 में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. सुंदरलाल शर्मा ने पृथक राज्य की तस्वीर बनाई थी। वे पृथक राज्य के प्रथम कल्पनाकार थे। स्वप्नदृष्टा कहे जाने वाले खूबचंद बघेल ने छग महासभा व भातृ संघ के बैनर तले संघर्ष को आगे बढ़ाया। संत कवि पवन दीवान ने अपनी कविताओं के माध्यम से ऊर्जा का संचार किया था। मिश्रा ने बताया कि हम पर हत्या के प्रयास के तहत कार्रवाई की गई। हमने रेल रोको, आर्थिक नाकेबंदी व महाबंद जैसे कई आंदोलन किए। आंदोलन को रोकने के

...शेष अंतिम पृष्ठ पर

### छत्तीसगढ़ महतारी की पहली प्रतिमा

पृथक छत्तीसगढ़ राज्य के लिए आंदोलन के दौरान छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर ललित मिश्रा ने बनाई थी। बाद में इसी चित्र के आधार छत्तीसगढ़ महतारी की पहली प्रतिमा बनाकर अखंड धरना स्थल पर स्थापित की गई। आज छत्तीसगढ़ महतारी की यही तस्वीर मामूली सुधार के बाद प्रचलन में है।

## अंतिम बड़े नक्सली नेता मिसिर बेसरा समेत 3 गिरफ्तार

**रायपुर,29 जुलाई।** भारतीय सुरक्षा बलों को नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी कामयाबी मिली है। प्रतिबंधित संगठन भाकपा (माओवादी) के शीर्ष नेताओं में शामिल मिसिर बेसरा उर्फ भास्कर, सुनिर्मल और सागर को संयुक्त अभियान के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया है। सुरक्षा एजेंसियों ने 28 जुलाई की देर रात धनबाद-गिरिडीह सीमा क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए उसे पकड़ा, जब वह अपने साथियों के साथ एक वाहन से निकलने की कोशिश कर रहा था। मिसिर बेसरा की गिरफ्तारी के लिए इंटेलिजेंस ब्यूरो (IB), सीआरपीएफ, कोबरा बटालियन, झारखंड जगुआर और झारखंड पुलिस ने मिलकर ऑपरेशन चलाया। खुफिया जानकारी के आधार पर धनबाद-गिरिडीह बॉर्डर के मनियाडीह-टुंडी इलाके में सुरक्षा बलों ने घेराबंदी की और कार्रवाई करते हुए उसे जिंदा गिरफ्तार कर लिया। सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक, गिरफ्तारी से कुछ घंटे पहले 16 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया था। इनमें मिसिर बेसरा का करीबी अंगरक्षक देवन मुर्मू उर्फ शनिश्चरवा भी शामिल था। पूछताछ के दौरान मिली महत्वपूर्ण जानकारियों के आधार पर सुरक्षा बलों ने मिसिर बेसरा की गतिविधियों पर नजर रखी और आखिरकार उसे पकड़ने में सफलता हासिल की। ऑपरेशन के दौरान मिसिर बेसरा के साथ दो अन्य इनामी नक्सलियों को भी गिरफ्तार किया गया है।

## स्वास्थ्य एवं पीएससी सचिव को अवमानना नोटिस

**रायपुर,29 जुलाई।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने नर्सिंग कॉलेजों में 100% महिला आरक्षण के अपने आदेश का पालन नहीं होने पर सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया और पीएससी सचिव डी. राहुल वेंकट को अवमानना नोटिस जारी किया है। मामला सरकारी नर्सिंग कॉलेजों में डिमॉन्स्ट्रेटर और असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती का है। हाईकोर्ट ने 2023 में 100% महिला आरक्षण को असंवैधानिक बताते हुए पुरुष अभ्यर्थियों को भी भर्ती प्रक्रिया में शामिल करने का आदेश दिया था। याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि करीब तीन साल बीतने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग और चिकित्सा शिक्षा संचालनालय ने संशोधित भर्ती विज्ञापन जारी नहीं किया। उल्टा हाल ही में संविदा भर्ती का विज्ञापन जारी कर दिया गया। इस पर दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य सचिव और पीएससी सचिव को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 5 सप्ताह बाद होगी।

## कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ वारंट जारी

**नई दिल्ली,29 जुलाई।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ वारंट जारी हुआ है। पंजाब के संगरूर की अदालत ने उनके खिलाफ 15 हजार रुपये का जमानती वारंट जारी किया। कोर्ट ने खरगे को 19 सितंबर को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है। पीएफआई से बजरंग दल की तुलना करने पर कोर्ट ने यह आदेश सुनाया है। खड़गे को अदालत में खुद पेश होकर जमानत लेनी होगी।

दरअसल यह पूरा मामला 2023 का है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएफआई से बजरंग दल की तुलना की थी। बयान के खिलाफ संगरूर निवासी और बजरंग दल से जुड़े हितेश भारद्वाज ने शिकायत की थी।

## मोदी पर आपत्तिजनक पोस्ट से मचा बवाल

**नई दिल्ली,29 जुलाई।** नीट पेपर लीक के खिलाफ CJP के विरोध-प्रदर्शन के दौरान और बाद में सोशल मीडिया पर पीएम नरेन्द्र मोदी और अन्य संवैधानिक पदों को निशाना बनाकर कथित तौर पर आपत्तिजनक पोस्ट की गई। दुर्भावनापूर्ण और मानहानिकारक सामग्री प्रसारित किए जाने के मामले में दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) को नोटिस भेजा है। पुलिस ने एक्स से संबंधित पोस्ट और वीडियो को तत्काल हटाने या ब्लॉक करने के साथ ही उसे पोस्ट करने वाले अकाउंट की पूरी जानकारी उपलब्ध कराने को कहा है। पुलिस का कहना है कि यह सामग्री संवैधानिक पदों को निशाना बनाकर प्रसारित की जा रही है और इसकी जांच की जा रही है। दिल्ली पुलिस ने एक्स से जिस अकाउंट से संबंधित पोस्ट या वीडियो अपलोड किया गया है, उसके रजिस्ट्रेशन से जुड़ी पूरी जानकारी मांगी है। इसमें अकाउंट धारक का पूरा नाम, पता, मोबाइल नंबर, ई-मेल आईडी के अलावा लॉग-इन और लॉग-आउट का समय व तारीख सहित तकनीकी विवरण शामिल हैं। पुलिस ने प्लेटफॉर्म से कहा है कि संबंधित पोस्ट या वीडियो से जुड़े सभी रिकॉर्ड और डिजिटल साक्ष्यों को भविष्य की जांच के लिए सुरक्षित रखा जाए। साथ ही जांच में उपयोगी कोई अन्य जानकारी भी उपलब्ध कराने को कहा गया है। इसके अलावा BSA की धारा 63(4) के तहत आवश्यक प्रमाणपत्र भी मांगा गया है। यह कार्रवाई सीजेपी प्रोटेस्ट के बाद शुरू की गई है। प्रदर्शन से जुड़े कुछ वीडियो और पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुए थे। इन्हीं में से कुछ सामग्री को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई।



## उफनते नाले ने रोका रास्ता, चारपहिया वाहन में हुआ प्रसव

**गरियाबंद,29 जुलाई।** लगातार हो रही बारिश के कारण उफनाते नाले ने बुधवार को एक गर्भवती महिला का जिला अस्पताल तक पहुंचने का रास्ता रोक दिया। हालात ऐसे बने कि महिला को अस्पताल पहुंचाने के बजाय रास्ते में ही वाहन के भीतर प्रसव कराना पड़ा। राहत की बात यह रही कि स्वास्थ्य कर्मियों,मितानिनों और ग्रामीणों की तत्परता से महिला ने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया और मां-बेटा दोनों सुरक्षित हैं। जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय से लगभग आठ किलोमीटर दूर स्थित ग्राम भेजराडीही की एक गर्भवती महिला को बुधवार सुबह करीब 10 बजे तेज प्रसव पीड़ा होने पर घुटकुनवापरा उप स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।वहां पदस्थ महिला स्वास्थ्य कर्मचारी ने जांच के दौरान प्रसव को जोखिमपूर्ण मानते हुए महिला को तत्काल बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इसके बाद महिला को इक्को वाहन से जिला अस्पताल गरियाबंद ले जाया जा रहा था, लेकिन घुटकुनवापरा के समीप स्थित नाले में लगातार बारिश के कारण बाढ़ आ गई थी। नाले का जलस्तर बढ़ने से वाहन आगे नहीं जा सका। ऐसे में महिला को स्ट्रेचर के माध्यम से नाला पार कर दूसरी ओर खड़े वाहन तक ले जाने की तैयारी की जा रही थी। इसी दौरान प्रसव पीड़ा अत्यधिक बढ़ गई और महिला ने इक्को वाहन के भीतर ही एक बच्चे को जन्म दे दिया।मौके पर मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों, मितानिनों और ग्रामीणों ने तत्काल आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई। प्रसव के बाद मां और नवजात को वापस घुटकुनवापरा उप स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया,जहां दोनों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक उपचार और देखभाल की जा रही है।



स्वास्थ्य विभाग के अनुसार समय पर मिली सहायता और स्थानीय लोगों के सहयोग से मां और नवजात दोनों पूरी तरह सुरक्षित हैं। यदि स्वास्थ्य कर्मियों और ग्रामीणों ने तत्परता नहीं दिखाई होती तो गंभीर स्थिति उत्पन्न हो सकती थी। यह घटना एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश के दौरान आवागमन की समस्याओं और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच की चुनौती को उजागर करती है।

## ऑक्टोपस बार व हार्डवेयर शॉप समेत 3 दुकानों में भीषण आग

**रायपुर,29 जुलाई।** राजधानी के तेलीबांधा चौक स्थित सुंदरानी हार्डवेयर दुकान में भीषण आग लगने से देर रात हड़कंप मच गया. कुछ देर में आग ने विकराल रूप ले लिया, जिसकी चपेट में आकर ऑक्टोपस बार समेत तीन दुकानें जलकर राख हो गई. घटना की सूचना के बाद पुलिस और फायरब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू किया. शुरआती तौर पर शॉर्ट सर्किट से आग लगने की वजह सामने आ रही है. हालांकि पुलिस ने स्पष्ट किया है कि वास्तविक कारण जांच के बाद ही सामने आएगा.जानकारी के मुताबिक, मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात सुंदरानी हार्डवेयर में लगी भड़की और देखते ही देखते उसकी लपटें पास स्थित इलेक्ट्रॉनिक दुकान सहित करीब चार दुकानों तक पहुंच गईं. वहीं दुकान के बाहर खड़ी छह से अधिक दोपहिया वाहन भी आग की चपेट में आकर जल गए. बताया जा रहा है कि लाखों रुपये के नुकसान हुआ है, हालांकि वास्तविक नुकसान का आकलन किया जा रहा है.



**लोगों ने कूदकर बचाई जान,छह वाहन भी आग की चपेट में**

हार्डवेयर दुकान से ऑक्टोपस बार लगा हुआ है, जिस कारण आग ने उसे भी चपेट में ले लिया. बार की ऊपरी मंजिल में मौजूद लोगों ने स्थिति गंभीर होने पर छत के रास्ते बाहर निकलकर अपनी जान बचाई. वहीं पास के मकानों में सो रहे लोगों को भी समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया. राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी जनहानि की सूचना नहीं है. आग लगने की सूचना मिलते ही तेलीबांधा पुलिस और फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं. आग की तीव्रता को देखते हुए निजी पावर प्लांटों की दमकलों की भी सहायता ली गई. कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काफी हद तक काबू पाया गया, हालांकि पूरी तरह बुझाने का अभियान देर तक जारी है. इधर पुलिस ने क्षेत्र को घेराबंद कर लोगों को सुरक्षित दूरी पर रखा. तेलीबांधा टीआई अजय झा के मुताबिक, आग हार्डवेयर दुकान से शुरू हुई थी. आग इतनी भीषण थी कि तेज बारिश के बावजूद उस पर काबू पाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी. ऑक्टोपस बार समेत तीन दुकानों को भारी नुकसान हुआ है.



**रायपुर,29 जुलाई.**ग्राम तुलसी (पाटन) स्थित शिवधाम अघोरेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आज गुरु पूर्णिमा धूमधाम से मनाई गई। पूज्य गुरु भगवान अघोरेश्वर राम की प्रतिमा की पूजा अर्चना की गई। प्रातः 11 बजे ध्वज पूजन व ध्वजारोहण किया गया।। पूर्वान्ह 11:30 बजे श्री गुरु पादुका पूजन के बाद मध्यान्ह 12:30 बजे परम गुरु की आरती की गई। मध्यान्ह 1 बजे प्रसाद का वितरण किया गया.

**राष्ट्रमंडल खेल 2026, राजनांदगांव की ज्ञानेश्वरी यादव ने रजत पदक जीतकर इतिहास रचा**

## पदक जीतते ही खिलाड़ी को हम ईनाम कब देंगे

**आलेख .. जसवंत क्लॉडियस,वरिष्ठ स्वतंत्र खेल पत्रकार, टीवी कमेंटेटर, रायपुर. छ ग**

2026 में ग्लास्गो स्काटलैंड में जारी राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय खिलाड़ी अपनी चुनौती पेश कर रहे हैं। भारत ने 1930 से आरंभ इन खेलों में अब तक आयोजित 22 संस्करणों में से 1030,1950,1962,1986 में भाग नहीं लिया। भारोत्तोलन में हमारे भारोत्तोलन ने 46 स्वर्ण, 36 रजत तथा 36 कांस्य पदक जीते हैं। 20 वीं सदी में भले ही सुविधा,प्रशिक्षण, खेल सामग्री का अभाव रहा हो परंतु 21वीं सदी में केंद्र सरकार ने महिला खिलाड़ियों को धीरे-धीरे प्रोत्साहित करना शुरू किया। आखिरकार 21 वीं सदी के पहले राष्ट्रमंडल खेल 2002 में सबका भ्रम टूटा और पहली बार भारतीय महिला भारोत्तोलक कुंजरानी देवी ने 48 किग्रा. वजन वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर भारत के खेल इतिहास में एक नये अध्याय की शुरुवात की। हालांकि इसके पहले सिड़नी 2000 के ओलंपिक खेलों में भारत की कर्णम मल्लेश्वरी ने 67 कि.ग्राम वजन वर्ग में भारत के लिए किसी महिला खिलाड़ी द्वारा किसी भी खेल में किसी अंतरराष्ट्रीय बहु खेल स्पर्धा में पहली बार कांस्य पदक जीता। कुंजरानी देवी ने भारत के लिए नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए भारोत्तोलन के 49 कि.ग्रा. वर्ग में के तीनों इवेंट ओवर आल, क्लीन एंड जर्क तथा स्नेच का स्वर्ण भारत माता की झोली में ला दिया। फिर तो महिलाओं द्वारा भारोत्तोलन में पदक प्राप्त करने का सिलसिला आरंभ हुआ .2014 के पुरूष भारोत्तोलन दल में रायपुर छत्तीसगढ़ के रूस्तम सारंग ने 62 कि.ग्रा वर्ग में भाग लिया। और वे सातवें स्थान पर थे। 2018 के राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के दल के प्रमुख विक्रम सिसोसिदया थे जो कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के महासचिव है। वर्तमान में 2026 के राष्ट्रमंडल खेलों के 22 वें संस्करण में मीराबाई चानू ने लगातार तीसरी बार और 2014 से निरंतर चौथी बार पदक हासिल कर न सिर्फ महिलाओं बल्कि भारत का मान बढ़ाया है।2026 के राष्ट्रमंडल खेलों में अब तक की बिंदयारानी देवी ने कांस्य पदक प्राप्त कर लिया है। जबकि राजनांदगांव छत्तीसगढ़ की ज्ञानेश्वरी यादव ने 53 कि.ग्रा. वर्ग में रजत पदक जीतकर छत्तीसगढ़ जैसे वनांचल, अनुसूचित जनजाति बहुल साथ ही साथ सर्वांगीण विकास की ओर तेजी से आगे बढ़ते हुए राज्य के निवासियों को गौरवान्वित किया है। छत्तीसगढ़ पुलिस में एएसआई के पद पर कार्यरत ज्ञानेश्वरी ने पिछले सात वर्षों से भारोत्तोलन खेल भी के लिए अपने आपको समर्पित कर दिया है। साधारण एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवार में जन्मी ज्ञानेश्वरी के पिता बिजली मेकेनिक हैं और पूर्व में भारोत्तोलक रह चुके हैं। वे राजनांदगांव से 8 कि.मी. दूर बोड़िया गांव के रहने वाले हैं। बिटिया के खेल भविष्य को संवारने के लिए गांव से राजनांदगांव आकर उन्होंने अपनी लाडली को स्व. पुरुषोत्तम आजमानी द्वारा स्थापित जयभवानी व्यायाम शाला में भर्ती किया जहां पर ज्ञानेश्वरी को राष्ट्रीय स्तर पर भारोत्तोलक स्थापित करने में उनके शुरुवाती, स्थानीय कोच अजय लोहार और खानपान महंगा होने के कारण आर्थिक मदद करने वालों का महत्वपूर्ण योगदान था। राष्ट्रीय चैंपियन होने पर 2022 से भारत सरकार द्वारा संचालित पटियाला स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण के अकादमी में उन्हें निरंतर गहन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसका पहला परिणाम बेहद सुखद रहा .ज्ञानेश्वरी ने जूनियर विश्व भारोत्तोलन प्रतियोगिता में दुनिया भर की उभरती हुई प्रतिभाओं को पछाड़ते हुए देश के लिए रजत पदक हासिल किया तथा अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।ज्ञानेश्वरी छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के रजत जयंती वर्ष में किसी छत्तीसगढ़िया द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर की किसी बहुखेल स्पर्धा के एकल खेल में पदक जीतने वाली पहली प्रतिभागी हो गई है . इतनी बड़ी सफलता मिलने पर दूसरे राज्यों में सरकारी नौकरी, नगद राशि, भूखंड आदि पुरस्कार देने की परंपरा रही है परंतु छत्तीसगढ़ के किसी सरकारी या गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा अब तक ज्ञानेश्वरी की उपलब्धि को गंभीरता से नहीं लिया गया है। छत्तीसगढ़ में एन.एम.डी.सी. एस.ई.सी.एल. एस.ई.सी. रेलवे भिलाई इस्पात संयंत्र, एनटीपीसी और जिंदल का इस्पात संयंत्र है। सभी को ऐसे लाजवाब खिलाड़ी के लिए आगे बढ़कर ईनाम देना चाहिए। छत्तीसगढ़ सरकार को ज्ञानेश्वरी की पदोन्नति उपपुलिस अधीक्षक(डी.एस.पी.) में करने का निर्णय लेने में विलंब नहीं करना चाहिए। ऐसे निर्णय प्रदेश की युवा पीढ़ी के साथ नए खिलाड़ियों के लिए प्रेरणाश्रोत होंगे तथा छत्तीसगढ़ में खेल का माहौल बनेगा।

# आईपीएस जितेंद्र कुमार यादव बने कबीरधाम जिले के पुलिस कप्तान

## आमजन को त्वरित, संवेदनशील एवं गुणवत्तापूर्ण पुलिस सेवा उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी: पुलिस अधीक्षक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 29 जुलाई।** छत्तीसगढ़ शासन, गृह (पुलिस) विभाग द्वारा जारी आदेश के परिपालन में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी जितेंद्र कुमार यादव ने जिला कबीरधाम के पुलिस अधीक्षक के रूप में विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। इससे पूर्व वे पुलिस अधीक्षक, बीजापुर के पद पर पदस्थ थे। पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचने पर उनका अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेंद्र बघेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित पटेल, उप पुलिस अधीक्षक संजय ध्रुव, उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) आशीष शुक्ला, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी (पंडरिया) भूपत सिंह, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी (बोडला) अखिलेश कौशिक सहित समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात पुलिस अधीक्षक श्री यादव ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय की विभिन्न शाखाओं के साथ-साथ थाना सिटी कोतवाली, नक्सल सेल, साइबर सेल एवं पुलिस कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर कार्यप्रणाली की जानकारी ली तथा अधिकारियों-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आमजन को त्वरित, संवेदनशील एवं गुणवत्तापूर्ण पुलिस सेवा उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण, महिला एवं बाल सुरक्षा, साइबर अपराधों की रोकथाम, यातायात व्यवस्था में सुधार तथा सामुदायिक पुलिसिंग के माध्यम से पुलिस एवं जनता के बीच विश्वास को और मजबूत किया जाएगा।

# ललित कला अकादमी के रीजनल सेंटर की स्थापना पर हुई चर्चा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 29 जुलाई।** ललित कला अकादमी के रीजनल सेंटर की भिलाई स्थापना हेतु नवनिर्मित कमेटी का नया रायपुर में मीटिंग संपन्न हुआ। कलाकारों के विशेषज्ञ समिति ने अपने सुझाव संस्कृति विभाग के डायरेक्टर (डॉ. संजय कन्नौजे) आई.ए. एस. को प्रस्तुत किए। इस दौरान कमेटी के चेयरमैन एवं सुप्रसिद्ध मूर्तिकार डॉ. अंकुश देवांगन, अंतरराष्ट्रीय चित्रकार हुकुम लाल वर्मा, खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय से असिस्टेंट प्रोफेसर व चित्रकार संदीप किन्डो, मूर्तिकार तृप्ति खरे और विभाग से कश्यप विशेष रूप से मौजूद थे।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ में केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय का एक भी संस्थान नहीं है। जिसके लिए राज्य शासन ने विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। संस्कृति विभाग के डायरेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने कमेटी मीटिंग में शासन की ओर से हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया। चित्रकार हुकुम वर्मा ने बैठक में वर्तमान समकालीन कला और छत्तीसगढ़ के कलाकारों पर अपने विचार रखे। प्राध्यापक संदीप किन्डो ने खैरागढ़ विश्वविद्यालय से पासआउट छात्रों को अकादमी के खुलने से एक नया आकाश मिलने की बात कही। तृप्ति खरे ने छत्तीसगढ़ी कला के वैश्विक विकास पर बल दिया। वहीं चेयरमेन डॉ. अंकुश देवांगन ने ललित कला में छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोककला को भी शामिल करके एक आदर्श सेंटर बनाए जाने पर विस्तृत विमर्श किया।

# धनोरा में 2 अगस्त को परमानंद की पुण्यतिथि मनाई जाएगी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 29 जुलाई।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में हर साल की भांति इस वर्ष भी स्वर्गीय परमानंद कठोलिया के स्मृति में श्रद्धांजलि एवं पुण्य तिथि मनाया जाएगा दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी ने बताया कि

2 अगस्त रविवार को सुबह 10 बजे से कार्यक्रम प्रारंभ किया जाएगा सबसे पहले स्वर्गीय परमानंद कठोलिया जी के फोटो पर पुजा पाठ करके माल्यार्पण किया जाएगा तत्पश्चात कलाकारों का आगमन एवं सम्मान किया जाएगा इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्म श्री मंमता चन्दाकर श्री प्रेम चन्दाकर फिल्म निर्देशक विशेष अतिथि श्री दुष्यंत हरमुख जी श्रीमती रिंकी देवांगन लोक गायिका स्वर कोकिला दीदी कविता वासनिक सुश्री हिमानी वासनिक कु कनक साहू बाल कलाकार लोकगायिका तृषा साहू लोकगायिका टोमन वर्मा जस जगराता गायक एवं गांव के गणमान्य श्री जीतेन्द्र टंडन जी सभापति जनपद पंचायत दुर्ग श्री राकेश हिरवानी उपाध्यक्ष जनपंद पंचायत दुर्ग श्रीमती रुलेशवरी चन्द्रशेखर बंजारे सरपंच धनोरा श्रीमती



संगीता सपरे उपसरपंच धनोरा ग्रामीण पटेल श्री चैतु राम साहू जी एवं ग्रामीण जन दोपहर 12 बजे से कार्यक्रम प्रारंभ किया जाएगा जिसमे जिसमें अपने अपने गीत संगीत प्रस्तुत किए जाएंगे शाम 5 बजे से सुश्री हिमानी वासनिक द्वारा भरथरी गायन अपने टिम द्वारा किया जाएगा रात्रि 8 बजे से श्री राधा कृष्ण सेवा एवं फाग मंडली भाई गुलाब साहू जी द्वारा झांकी प्रस्तुत किया जाएगा यह कार्यक्रम निरंतर दोपहर 12 बजे से रात्रि 10 बजे तक जारी रहेगा यह जानकारी दरबार प्रति निधी चन्द्र कांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू जी ने दी सभी भक्तों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर इस कार्यक्रम का लाभ उठाएं

## एक नजर

### चोरी के आरोप में सुपरवाइजर गिरफ्तार



**भिलाई, 29 जुलाई (तछसं.)।** भिलाई धमधा थान क्षेत्र के फार्म हाउस निर्माण कार्य के दौरान बची हुई निर्माण सामग्री चोरी कर अपने घर के पास छिपाने वाले आरोपी सुपरवाइजर को थाना धमधा पुलिस ने गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से 9 नग टीन शीट, 10 नग लोहे के एंगल, 25 नग प्लास्टिक पाइप एवं 10 नग जीआई पाइप बरामद किया है धमधा टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि प्रार्थी किशन सिंह यादव निवासी पचरीपारा दुर्ग ने थाना धमधा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम रौंदा स्थित उनकी निजी भूमि पर निर्मित हो रहे फार्म हाउस के निर्माण कार्य के लिए टीन शीट, लोहे के एंगल, प्लास्टिक पाइप एवं जीआई पाइप सहित अन्य सामग्री रखी गई थी निर्माण कार्य की देखरेख के लिए ग्राम रौंदा निवासी मनोज उर्फ मोनू यादव को सुपरवाइजर नियुक्त किया गया था निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरांत बची हुई सामग्री का मिलान करने पर सामग्री कम पाई गई। संदेह होने पर सुपरवाइजर से पूछताछ की। उसने संतोषजनक उत्तर नहीं दिया तथा कार्य पर आना बंद कर दिया। बाद में आरोपी के घर के पास चोरी गई सामग्री रखी होना पाए जाने पर थाना धमधा में रिपोर्ट दर्ज की पूछताछ के दौरान आरोपी मनोज उर्फ मोनू यादव निवासी ग्राम रौंदा ने चोरी करना स्वीकार किया तथा उसके बताए स्थान से चोरी गई संपूर्ण सामग्री बरामद की है।

### स्क्रैप कापर चोरी,2 फरार आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 29 जुलाई (तछसं.)।** भिलाई स्टील प्लांट (बीएसपी) में घुसकर 210 किलोग्राम स्क्रैब कॉपर चोरी करने वाले गिरोह के दो फरार आरोपियों को भट्ठी थाने पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है फरार आरोपियों से पूछताछ में घटना में अपनी सहभागिता स्वीकार किया दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया भट्ठी पुलिस ने बताया कि 24 मई को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल भिलाई ने भट्ठी थाने रिपोर्ट दर्ज कराया कि सुबह 9.56 बजे भिलाई इस्पात संयंत्र के प्लेट मिल-03 के पीछे से कुछ व्यक्तियों ने संयंत्र परिसर में अवैध रूप से प्रवेश कर 210 किलोग्राम स्क्रैब कॉपर चोरी कर ले जाने का प्रयास किया गया, जिन्हें सीआईएसएफ ने पकड़ा। रिपोर्ट पर भट्ठी थाने में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की विवेचना के दौरान आरोपी नेमचंद यादव को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 210 किलोग्राम स्क्रैब कॉपर कीमत लगभग 1,26,000 जब्त किया था प्रकरण के शेष फरार आरोपी आकाश कुहीकर (34 साल ) निवासी ढांचा भवन कुरूद जामुल एवं प्रीतम कुमार उर्फ पंचू निषाद ( 31 साल ) निवासी बजरंग पारा मरोदा रेलवे स्टेशन के पास स्टेशन मरोदा की लगातार तलाश की जा रही थी दोनों आरोपियों को घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया पूछताछ के दौरान दोनों ने मुख्य आरोपी के साथ मिलकर भिलाई इस्पात संयंत्र में चोरी करना स्वीकार किया।

### बीचबचाव करने पर किया हमला

**भिलाई, 29 जुलाई (तछसं.)।** भिलाई वैशाली नगर टीआई राजकुमार लहरे ने बताया कि प्रार्थी आकाश मेश्राम निवासी वार्ड क्रमांक-08 ने थाना वैशालीनगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि रात्रि लगभग 11 बजे मोहल्ले में विवाद की आवाज सुनकर वह बाहर निकला। बाहर आने पर आरोपी किशन निषाद उसकी पत्नी के साथ विवाद एवं गाली-गलौज किया जा रहा था। प्रार्थी ने बीच-बचाव एवं समझाइश देने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पास रखे धारदार हथियार से प्रार्थी के पेट एवं बाएं हाथ पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया घायल को तत्काल उपचार हेतु अस्पताल पहुंचाया गया प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना वैशालीनगर में आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया घटना के बाद आरोपी लगातार फरार था मुखबिर की सूचना के आधार पर घेराबंदी कर आरोपी किशन निषाद (42 साल ) को गिरफ्तार किया है ।

# नशे की गिरफ्त में आए युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ना हम सभी की जिम्मेदारी: प्रो. संजय तिवारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दुर्ग, 29 जुलाई।** मेरा युवा भारत, जिला दुर्ग तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्त्वावधान में सेठ आर.सी.एस. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, दुर्ग में ÷युवा शक्ति-नशा मुक्त भारत की शक्ति÷ विषय पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारियों, स्वयंसेवकों, प्रतिभागियों तथा निर्णायक मंडल के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. संजय तिवारी, कुलपति, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग ने युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश देते हुए कहा कि नशे की लत व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ उसके परिवार, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक जीवन को भी प्रभावित करती है। युवाओं को अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित कर शिक्षा, खेल, कला, साहित्य, सामाजिक सेवा और राष्ट्र निर्माण से जुड़ी गतिविधियों में अपनी ऊर्जा का उपयोग करना चाहिए।प्रो. तिवारी ने कहा कि नशे में लिप्त युवाओं को अपराधी या समाज पर बोझ समझना उचित नहीं है। उन्हें सहानुभूति, परामर्श, उपचार और सामाजिक सहयोग की आवश्यकता होती है। परिवार, शिक्षक, कार्यक्रम अधिकारी, स्वयंसेवक और सामाजिक संस्थाएं मिलकर ऐसे युवाओं को नशे की आदत से बाहर निकाल सकती हैं। नशे से प्रभावित युवाओं का आत्मविश्वास बढ़ाकर उन्हें पुनः शिक्षा, रोजगार और समाज की मुख्यधारा से जोड़ना सामूहिक जिम्मेदारी है।उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों से अपने-अपने महाविद्यालयों एवं गोद ग्रामों में नशामुक्ति के लिए जनजागरूकता अभियान चलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवक युवाओं के बीच मित्र, मार्गदर्शक और प्रेरक की भूमिका निभाकर नशामुक्त समाज के निर्माण में प्रभावी योगदान दे सकते हैं।कार्यक्रम के समापन अतिथि माननीय श्री ललित चंद्राकर, विधायक, दुर्ग ग्रामीण एवं उपाध्यक्ष, पिछड़ा वर्ग आयोग ने कहा कि नशे के विरुद्ध अभियान को केवल मंचीय कार्यक्रम तक सीमित नहीं रखना चाहिए। इसे परिवार, गांव, मोहल्ले, विद्यालय और महाविद्यालय स्तर तक पहुंचाना आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से नशे से स्वयं दूर रहने और अपने आसपास के लोगों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने का आग्रह किया।समापन अवसर पर विधायक श्री ललित चंद्राकर ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों, कार्यक्रम अधिकारियों, निर्णायक मंडल के सदस्यों, स्वयंसेवकों एवं प्रतिभागियों को जीवन में किसी भी प्रकार का नशा न करने, दूसरों को नशे से बचाने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय योगदान देने की सामूहिक शपथ दिलाई।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री प्रवीण चंद तिवारी, अध्यक्ष, जिला शिक्षा समिति, दुर्ग; श्री मनोज शर्मा, अध्यक्ष, शासी निकाय तथा डॉ. पूजा मल्होत्रा, प्राचार्य, सेठ आर.सी.एस. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, दुर्ग उपस्थित रहे। अतिथियों ने युवाओं की रचनात्मक प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए नशामुक्ति अभियान को सामाजिक आंदोलन बनाने पर बल दिया।प्रो. जैनेंद्र दीवान, कार्यक्रम समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा, अनुशासन, नेतृत्व और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास करना है। नशामुक्ति जैसे अभियानों में स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकती है।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में नशामुक्ति और सामाजिक जागरूकता से संबंधित 24 प्रकार की विधाओं में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने अपनी कला, लेखन, वक्तृत्व, अभिनय और रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों को सामने रखा तथा स्वस्थ एवं नशामुक्त जीवन का संदेश दिया।सभी प्रतियोगिताओं के निष्पक्ष एवं पारदर्शी मूल्यांकन के लिए विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों को शामिल करते हुए 24 सदस्यीय निर्णायक मंडल गठित किया गया था। निर्णायकों ने प्रतिभागियों की प्रस्तुति, विषय की समझ, रचनात्मकता, मौलिकता और सामाजिक संदेश के आधार पर मूल्यांकन किया।कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारियों तथा स्वयंसेवकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। स्वयंसेवकों ने पूरे आयोजन में अनुशासन, पंजीयन, मंच व्यवस्था, प्रतिभागी समन्वय और जागरूकता गतिविधियों में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।कार्यक्रम के आयोजक श्री क्षितिज गुप्ता, जिला युवा अधिकारी, मेरा युवा भारत, दुर्ग; डॉ. लीना साहू, जिला संगठक, राष्ट्रीय सेवा योजना, जिला बालोद तथा श्री सुरेश कुमार ठाकुर, जिला संगठक, राष्ट्रीय सेवा योजना, जिला दुर्ग रहे। आयोजकों के संयुक्त प्रयास और समन्वय से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।समापन अवसर पर अतिथियों ने प्रतिभागियों, निर्णायक मंडल, कार्यक्रम अधिकारियों और स्वयंसेवकों को उनके योगदान के लिए बधाई दी। आयोजकों ने सभी अतिथियों, सहयोगी संस्थाओं और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### 217 वाहनों का चालान किया

**भिलाई, 29 जुलाई।** दुर्ग यातायात पुलिस ने शहर और राष्ट्रीय राजमार्ग पर नो पार्किंग में खड़े वाहनों के खिलाफ अभियान चलाते हुए दो दिनों में 217 दोपहिया, चारपहिया और भारी वाहनों पर चालानी कार्रवाई की। और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( यातायात ) कौशलेन्द्र देव पटेल ने बताया कि गुरुद्वारा चौक से कुम्हारी टोल प्लाजा, सुपेला, चंद्रा-मौर्या चौक, पावर हाउस, डबरापारा और कुम्हारी ओवरब्रिज के नीचे अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटाया गया। नो पार्किंग में खड़े वाहन जाम और दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं।

### शिक्षकों को कर्तव्य प्रमाण पत्र व अर्जित अवकाश प्रदान संबंधी आदेश निरस्त

**दुर्ग, 29 जुलाई ।** कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी श्री अभिजीत सिंह ने जिले में भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य में प्रगणक एवं पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त शिक्षकों को सामूहिक कर्तव्य प्रमाण पत्र (ड्यूटी सर्टिफिकेट) जारी करने तथा अर्जित अवकाश प्रदान करने संबंधी पूर्व में जारी आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है।

# भिलाई शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने निगम ने की नई पहल

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा नागरिकों की सुविधा एवं शहर में बढ़ते यातायात दबाव को कम करने के उद्देश्य से एक नई पहल की शुरुआत की गई है। इसके तहत शहर के प्रमुख एवं व्यस्त चौक-चौराहों पर लेफ्ट फ्री व्यवस्था विकसित की जा रही है, ताकि वाहन चालकों को सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके और यातायात का दबाव कम किया जा सके। नगर निगम द्वारा चंद्रा मौर्या चौक, घड़ी चौक, नेहरू नगर चौक, सूर्या मॉल चौक सहित अन्य ऐसे प्रमुख स्थलों को चिन्हित कर स्वीकृत किया गया है, जहां दिनभर वाहनों का अधिक आवागमन एवं यातायात का दबाव रहता है। इन स्थानों पर नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत लेफ्ट फ्री हेतु कार्य की जा रही है, जिससे वाहन चालकों को बाएं मुड़ने के लिए अनावश्यक रूप से सिग्नल या चौराहे पर रुकना न पड़े और यातायात का प्रवाह लगातार बना रहे। लेफ्ट फ्री व्यवस्था से चौराहों पर वाहनों के अनावश्यक रुकने एवं जाम की स्थिति को कम करने में मदद मिलेगी। साथ ही वाहनों के बार-बार रुकने और चालू होने से होने वाली अतिरिक्त ईंधन खपत में भी कमी आएगी। यातायात के सुचारू संचालन से वाहन चालकों का समय बचने के साथ ही चौराहों पर होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की संभावना को कम करने में भी सहायता मिलेगी। लेफ्ट फ्री निर्माण से वायु गुणवत्ता में सुधार कर प्रदूषण में कमी आएगी । नगर निगम भिलाई का उद्देश्य शहर में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के साथ-साथ यातायात व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित एवं सुगम बनाना है। प्रमुख चौक-चौराहों पर लेफ्ट फ्री व्यवस्था विकसित होने से आम नागरिकों को आवागमन में राहत मिलेगी और शहर की यातायात व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी।



### नौकरी के नाम पर 3.19 लाख की ठगी

**भिलाईनगर।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर 3.19 लाख की ठगी की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ धारा 318 (4) के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है जामुल टीआई राकेश खुटेश्वर ने बताया कि लोमेश वासनिक (54 साल ) निवासी अटल आवास वार्ड-14 जामुल सिंप्लेक्स कंपनी में कार्यालयीन कार्य करते हैं उन्होंने पुलिस अधीक्षक दुर्ग को दिए आवेदन में बताया कि उनके घर के पीछे रहने वाले मनोज केशरवानी ने उनके पुत्र को शासकीय नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाया था शिकायत के अनुसार आरोपी ने 17 अगस्त 2025 से 20 अप्रैल 2026 के बीच अलग-अलग 23 किश्तों में 3,19,050 नगद और ऑनलाइन माध्यम से ले लिए। इसमें तीन बार ऑनलाइन कुल 16 हजार का भुगतान भी किया गया। जब नौकरी नहीं लगी तो पीड़ित ने आरोपी से अपनी रकम वापस मांगी। इस पर उसने कुछ दिन का समय लेकर पैसे लौटाने का आश्वासन दिया।



# बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री ने दिया मार्गदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 29 जुलाई।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल राष्ट्रीय महिला परिषद ओजस्विनी हिंदू हेल्पलाइन छत्तीसगढ़ प्रदेश की 25,26 जुलाई 2026 दो दिवसीय अहम बैठक जिला रायगढ़ के किरोड़ीमल नगर मे संपन्न हुई। प्रदेश की बैठक में राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री प्रदीप गौड़ जी का मार्गदर्शन छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को प्राप्त हुआ। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के संस्थापक अध्यक्ष डॉ प्रवीण भाई तोगड़िया जी के विचारों को जन जन तक पहुंचाने एवं उनके आह्वान पर गुरु पूर्णिमा से विजयादशमी तक देश के 25 लाख हिन्दू घरों पर घर संपर्क करेगा अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद् एवं राष्ट्रीय बजरंग दल साथ ही हिन्दू सुरक्षा हेतु देश के गांव, नगर, ब्लॉक, तहसील, वार्डों मे करेगा राष्ट्रीय बजरंग दल का हनुमान चालीसा केंद्र जिसमें हिन्दू समृद्धि, सुरक्षा एवं सम्मान की योजना बनाई जाएगी साथ ही महिला सुरक्षा के लिए ट्रेनिंग एवं निशुल्क स्वास्थ्य जाँच केम्प लगाएं जायेंगे। इसी संकल्प के साथ बैठक मे छत्तीसगढ़ के प्रदेश पदाधिकारी राहुल वाड़ीवा, महेंद्र साव, गौरीशंकर भलावी,वरुण सिंह, मुकेश चक्रधारी, नागेश्वर साहू, जीतेन्द्र महंत, हेमंत साहू, मनोज साहू, सहित विभाग,जिला के मुख्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित हुए साथ ही जिला विभाग के पदाधिकारी वंन्धुओ की नियुक्ति की गई।

# स्मार्ट मीटर से बिजली खपत नहीं बढ़ती, तीन शहरों के सर्वे में सामने आई सच्चाई

**दुर्ग/बालोद/बेमेतरा, 29 जुलाई ।** स्मार्ट मीटर को लेकर फैलाई जा रही भ्रांतियों और अफवाहों के बीच छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र ने तीन जिलों दुर्ग, बालोद और बेमेतरा में स्मार्ट मीटर लगे घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली खपत का तीन माह का तुलनात्मक अध्ययन कराया है। मई, जून और जुलाई 2026 की खपत के विश्लेषण में यह सामने आया कि अधिकांश उपभोक्ताओं की बिजली खपत जुलाई माह में कम हुई है।

दुर्ग शहर के चयनित 240 स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं जिनकी खपत 400 यूनिट से अधिक थी, उनके तीन माह के तुलनात्मक अध्ययन में भी जुलाई माह में बिजली की खपत में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई। अध्ययन में जुलाई 2026 में कुल बिजली खपत 76,257 यूनिट रही, जबकि जून 2026 में यह 1,65,411 यूनिट तथा मई 2026 में 1,75,451 यूनिट थी। इस प्रकार जुलाई माह में लगभग 53 प्रतिशत की कमी खपत में दर्ज हुई है।

कारण स्पष्ट है, कि खपत का आधार स्मार्ट मीटर नहीं अपितु उपभोक्ताओं द्वारा की जा रही वास्तविक खपत है। ऐसे उपभोक्ता जिनके आवासों में स्मार्ट मीटर नहीं लगे थे उनकी खपत में भी माह अप्रैल-मई-जून में पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि दर्ज हुई है। इसी प्रकार बालोद शहर क्षेत्र के चयनित 241 स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं जिनकी खपत 400 यूनिट से अधिक थी, उनके तीन माह के तुलनात्मक अध्ययन में भी जुलाई माह में बिजली की खपत में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई। अध्ययन में जुलाई 2026 में कुल बिजली खपत 74847 यूनिट रही, जबकि जून 2026 में यह 1,62,127 यूनिट तथा मई 2026 में 1,54,110 यूनिट थी। इस प्रकार जुलाई माह में लगभग 54 प्रतिशत की कमी खपत में दर्ज हुई है।बेमेतरा डिविजन के बेमेतरा टाउन क्षेत्र में 400 यूनिट से अधिक मासिक खपत वाले चयनित 241 स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं का विश्लेषण किया गया। इसमें मई माह की खपत 1,59,812 यूनिट, जून में 1,79401 यूनिट तथा जुलाई में घटकर 78902 यूनिट दर्ज की गई। इस प्रकार जुलाई की खपत लगभग 56 प्रतिशत कम हुई है।1. उपभोक्ता जो एसी का उपयोग करते है, जिससे इनकी खपत 400 यूनिट से अधिक होती है। इन्हे मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत जन अभियान योजना का लाभ नहीं मिल पाता है जिसके कारण विद्युत देयक में वृद्धि परिलक्षित होती है। परंतु जुलाई माह की सिस्टम से निकाले गए आंकडों में ऐसे उपभोक्ताओं की खपत में भी उल्लेखनीय कमी हुई है।

# म्यूल खाता मामले में पुलिस ने 23 पर की कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 29 जुलाई।** भिलाई नगर थाने पुलिस ने म्यूल अकाउंट रैकेट बेनकाब करते हुए साइबर ठगी में म्यूल मामले में 26 खाताधारकों पर पुलिस ने कार्रवाई की है भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से थाना भिलाई नगर पुलिस ने म्यूल बैंक खाताधारकों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस मुख्यालय तकनीकी सेवा (साइबर) के निर्देशानुसार 21 अप्रैल से थाना भिलाई नगर क्षेत्र अंतर्गत संचालित पंजाब नेशनल बैंक के ऐसे खातों का परीक्षण किया गया जिनका उपयोग साइबर ठगी से संबंधित विभिन्न शिकायतों में किया गया था। जांच के दौरान यह पाया कि संदिग्ध बैंक खातों में साइबर ठगी से प्राप्त धनराशि सीधे जमा हुई। इससे ये खाते लेयर-1 (म्यूल अकाउंट) की श्रेणी में पाए गए। प्रारंभिक जांच में वर्ष 2024 से 2026 के मध्य इन खातों के माध्यम से विभिन्न पीड़ितों से छलपूर्वक प्राप्त धनराशि को अन्य बैंक खातों में स्थानांतरित अथवा आहरित किए जाने के तथ्य सामने आए। प्रथम दृष्टया यह भी पाया कि संबंधित खाताधारकों द्वारा स्वयं अथवा अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर अपने बैंक खाते, एटीएम कार्ड, चेकबुक, पासबुक, मोबाइल सिम एवं इंटरनेट बैंकिंग सुविधाएं साइबर अपराधियों को उपलब्ध कराई गईं, जिनका उपयोग साइबर ठगी से प्राप्त धनराशि को प्राप्त करने, छिपाने, स्थानांतरित करने तथा उससे अवैध आर्थिक लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से किया गया। उक्त तथ्यों के आधार पर थाना भिलाई नगर में धारा 318 (2), 318(3), 318(4), 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर सभी 26 आरोपियों शंकर चौधरी (50 साल ) निवासी संत रविदास नगर, वार्ड-37 पावर हाउस थाना छावनी, कार्तिय साहू (24 साल ) निवासी सेक्टर-06, रूपेश कुमार देवांगन (20 साल ) निवासी सेक्टर-4, अनील कुमार शर्मा (58 साल ) निवासी एचआईजी-756, न्यू हाउसिंग बोर्ड, कमल दास मानिकपुरी (33 साल ) निवासी शारदा पारा कैम्प-2, पुरुषोत्तम भारती (25 साल ) निवासी लक्ष्मी नगर सुपेला, राकेश कुमार निर्मलकर (33 साल ) निवासी ग्राम बोरी, राहुल मेश्राम (25 साल ) निवासी नेहरू नगर, हिमांशु यादव (23 साल ) निवासी वार्ड 33 नेवई, अरविंद पासवान (20 साल ) निवासी कैलाश नगर, आदित्य कुमार वर्मा (23 साल ) निवासी कोहका, शैलेन्द्र विश्वकर्मा (24 साल ) निवासी गंजपारा, मोह.कमाल (28 साल ) निवासी सुपेला पांच रास्ता, महेन्द्र कुमार साहू (26 साल ) निवासी ग्राम डुमरडीह, दुर्गा प्रसाद ठाकुर (27 साल ) निवासी इन्द्रा नगर उतई, सचिन मेश्राम (44 साल ) निवासी बाम्बे आवास उरला, नारायण देवांगन (27 साल ) निवासी मीनाक्षी नगर, आशुतोष मिश्रा (24 साल ) निवासी सर्कुलर मार्केट, कैम्प, अभिषेक कुमार वर्मा (25 साल ) निवासी शारदा पारा, जितेन्द्र हरिश कुमार (24 साल ) निवासी सेक्टर-11, प्रभावति हरजिन (50 साल ) निवासी मिलन चौक, गीता लाजेवार (45 साल ) निवासी पंजाबी मोहल्ला खुर्सीपार, सतविन्दर कौर (30 साल ) निवासी एलआईजी-742, श्रुति वर्मा (28 साल ) निवासी ग्राम मेहकाखुर्द तहसील पाटन, प्रेम शीला चौधरी (27 साल) निवासी कबीर मंदिर के पास, वार्ड-46 खुर्सीपार और अंकिता बंजारे (22 साल ) निवासी शंकर नगर वार्ड-41, छावनी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में डिजिटल एवं बैंकिंग साक्ष्यों के आधार पर विस्तृत विवेचना जारी है तथा साइबर ठगी के मास्टरमाइंड एवं अन्य संलिप्त आरोपियों की तलाश की जा रही है

## एक नजर

### पोस्टमार्टम से हुई पुष्टि, हिंसक प्राणी के हमले से हुई हिरण की मौत

**बलौदाबाजार, 29 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सोनाखान क्षेत्र में हिंसक पशु के हमले से एक हिरण की विगत दिनों मृत्यु हो गई। इस सम्बन्ध में वनमण्डलाधिकारी ने बताया क़ि 20जुलाई .2026 को प्राप्त मृत मादा चित्तीदार हिरण के शव का शासकीय वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा वैज्ञानिक विधि से पोस्टमार्टम किया गया। आधिकारिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कहीं भी करंट लगने, विद्युत प्रवाह अथवा शरीर के जलने से संबंधित कोई लक्षण दर्ज नहीं किए गए हैं।पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार हिरण के शरीर के पिछले हिस्से तथा दाहिने कंधे पर हिंसक वन्यप्राणी (मांसाहारी जीव) द्वारा काटने एवं मांस खाने के गंभीर घाव पाए गए। शासकीय पशु चिकित्सक द्वारा दी गई आधिकारिक राय के अनुसार हिरण की मृत्यु हिंसक वन्यप्राणी के हमले एवं अत्यधिक रक्तस्राव के कारण हुई है। अतः हिरण की मृत्यु का कारण बिजली के स्टे तार में करेंट लगना नहीं है।

### पुलिस ने किया अंतरजिला ट्रैक्टर बैटरी चोरी गिरोह का भंडाफोड़



**राजनांदगांव, 29 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राजनांदगांव पुलिस ने संपत्ति संबंधी अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक अंतरजिला ट्रैक्टर बैटरी चोरी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से विभिन्न थाना क्षेत्रों से चोरी की गई 12 ट्रैक्टर बैटरियां, वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन तथा नगद राशि सहित कुल ?1.35 लाख मूल्य का मशरूका बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा (भा.पु.से.) के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन के दिशा-निर्देशन में पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़ एवं साइबर सेल ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए इस संगठित गिरोह का खुलासा किया। मामले की शुरुआत ग्राम सांगिनकछार निवासी परमेन्द्र कुमार सिन्हा की शिकायत से हुई, जिसमें उन्होंने 21-22 जुलाई 2026 की रात उनके ट्रैक्टर तथा समीप खड़े एक अन्य ट्रैक्टर से बैटरियां चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस पर पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़ में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों, मुखबिर की सूचना और पूछताछ के आधार पर पुलिस ने चोरी की बैटरियों की खरीद-बिक्री की पूरी श्रृंखला का खुलासा किया। पूछताछ में आरोपियों ने राजनांदगांव और डोंगरगढ़ क्षेत्र के तिलईरवार, विचारपुर नवागांव, सांगिनकछार, भंडारपुर, मेढ़ा, पटपर, धौराभाठा सहित विभिन्न गांवों में ट्रैक्टरों से कुल 12 बैटरियां चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरी की सभी 12 ट्रैक्टर बैटरियां, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन तथा बिक्री से प्राप्त ?8,000 नकद सहित कुल ?1.35 लाख मूल्य का सामान बरामद कर जब्त किया। विवेचना में यह भी सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी आदतन अपराधी हैं तथा उनके विरुद्ध पूर्व से भी संपत्ति संबंधी कई मामले दर्ज हैं।पुलिस ने सभी सात आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। मामले में पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़ एवं थाना डोंगरगढ़ में विभिन्न अपराध पंजीबद्ध कर आगे की विवेचना जारी है। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक धनीराम नारंगे, प्रधान आरक्षक लोकनाथ वर्मा, आरक्षक जगत राम ठाकुर, चंद्रशेखर यादव, विकास राजेत्री, थलेश देशमुख सहित पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़ स्टाफकी सराहनीय भूमिका रही।

### संयुक्त कार्रवाई कर अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर से 41.195 किलो गांजा जब्त

**राजनांदगांव,29 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राजनांदगांव पुलिस एवं नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की संयुक्त कार्रवाई में अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 41.195 किलोग्राम गांजा, एक टाटा योद्धा पिकअप वाहन एवं मोबाइल फोन सहित कुल ?28.65 लाख मूल्य का मशरूका जब्त किया गया। हालांकि पुलिस की घेराबंदी के दौरान वाहन चालक और उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए, जिनकी तलाश जारी है। पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा (भा.पु.से.) के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन के पर्यवेक्षण में जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत साइबर सेल राजनांदगांव एवं पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़ की संयुक्त टीम को यह बड़ी सफलता मिली। पुलिस के अनुसार, 26 जुलाई 2026 को एनसीबी रायपुर से सूचना प्राप्त हुई थी कि ओडिशा के मलकानगिरी-कोरापुट क्षेत्र से भारी मात्रा में गांजा टाटा योद्धा पिकअप वाहन में भरकर राजनांदगांव-तुमड़ीबोड़ मार्ग से होते हुए आगरा (उत्तर प्रदेश) ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर एनसीबी और पुलिस की संयुक्त टीम ने नेशनल हाईवे स्थित गुरुद्वारा चौक के पास घेराबंदी की। घेराबंदी के दौरान संदिग्ध पिकअप वाहन पुलिस को देखकर लगभग 300 मीटर पहले रुक गया। वाहन में सवार दो आरोपी अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने तत्काल पीछा कर आसपास के क्षेत्र में व्यापक तलाश की, लेकिन आरोपी हाथ नहीं आए। वाहन की तलाशी लेने पर सीट के पीछे और नीचे छिपाकर रखे गए 36 पैकेट बरामद हुए। जांच में इनमें कुल 41.195 किलोग्राम गांजा, जिसकी अनुमानित कीमत 20.59 लाख** है, पाया गया। इसके साथ ही वाहन से एक ओप्पो कंपनी का मोबाइल फोन भी बरामद किया गया। पुलिस ने गांजा, टाटा योद्धा पिकअप और मोबाइल फोन सहित कुल 28.65 लाख मूल्य का मशरूका जब्त कर लिया।

# बाईपास प्रभावित गांवों की रजिस्ट्री से रोक हटाने और नजूल भूमि के नवीनीकरण की मांग

■ **डोंगरगढ़ विधायक ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**डोंगरगढ़ 29 जुलाई।** डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र की जन-समस्याओं को लेकर स्थानीय विधायक द्वारा जिलाधीश (कलेक्टर) राजनांदगांव को एक औपचारिक ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान जिला महामंत्री विजयराज सिंह, पंच राम चंदेल, सुरेश सिन्हा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन विशेष रूप से उपस्थित रहे। ज्ञापन के माध्यम से विधायक ने डोंगरगढ़ क्षेत्र में व्याप्त तीन प्रमुख समस्याओं की ओर शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की हैः

बाईपास प्रभावित 17-18 गांवों में रजिस्ट्री की समस्याः बाईपास निर्माण के कारण आसपास के 17-18 गांवों में जमीनों की खरीद-बिक्री एवं रजिस्ट्री पर पूर्ण रोक लगा दी गई है। विधायक ने कहा कि जो जमीनें प्रत्यक्ष अधिग्रहण क्षेत्र से बाहर हैं, उन पर से प्रतिबंध तत्काल हटाया जाए ताकि किसान अपनी आवश्यकतानुसार जमीन का उपयोग कर सकें। आपातकालीन अनुमति प्रक्रिया में पारदर्शिताः आपातकालीन स्थितियों (जैसे इलाज, शादी-ब्याह) में रजिस्ट्री की विशेष अनुमति हेतु पारदर्शी व्यवस्था न होने से भ्रष्टाचार और अत्यधिक विलंब की शिकायतें मिल रही हैं। इसके लिए एक निश्चित समय-सीमा तय कर पारदर्शी प्रक्रिया लागू करने की मांग की गई। डोंगरगढ़ शहर में नजूल भूमि का नवीनीकरणः पूरे डोंगरगढ़ शहर में नजूल भूमि की वैधता समाप्त हो जाने के कारण जमीनों का हस्तांतरण, नामांतरण और रजिस्ट्री प्रक्रिया पूरी तरह ठप है। इससे शहरवासियों को बैंक लोन नहीं मिल पा रहा है और राज्य सरकार को भी करोड़ों रुपये के राजस्व (स्टाम्प ड्यूटी) की हानि हो रही है।

**प्रमुख मांगें:** डोंगरगढ़ शहर की नजूल भूमि की समाप्त हो चुकी वैधता का शासन स्तर पर तत्काल नवीनीकरण किया जाए। 17-18 गांवों में आपातकालीन रजिस्ट्री के लिए भ्रष्टाचार-मुक्त व समयबद्ध प्रक्रिया लागू की जाए। गैर-प्रभावित जमीनों से रजिस्ट्री का प्रतिबंध अविलंब हटाया जाए। विधायक ने स्पष्ट किया कि इन समस्याओं का शीघ्र निराकरण न होने से आम जनता को मानसिक व आर्थिक प्रताड़ना झेलनी पड़ रही है। अतः प्रशासन जनहित एवं राज्य के राजस्व संरक्षण को ध्यान में रखते हुए कड़े व स्पष्ट आदेश जारी करे।

# पुलिस का जज़्बा ही सुरक्षित, शांत और विकसित छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी ताकत : मुख्यमंत्री साय

**रायपुर, 29 जुलाई।** पुलिस का जज़्बा ही सुरक्षित, शांत और विकसित छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी ताकत : मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय पुलिस का जज़्बा ही सुरक्षित, शांत और विकसित छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी ताकत : मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव सायरायपुर : पुलिस का जज़्बा ही सुरक्षित, शांत और विकसित छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी ताकत : मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव सायपुलिस केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने वाली संस्था नहीं, बल्कि समाज में सुरक्षा, विश्वास और सुशासन की सबसे मजबूत आधारशिला है। पुलिसकर्मी अपने परिवार से दूर रहकर, हर मौसम और हर चुनौती के बीच दिन-रात जनता की सुरक्षा के लिए समर्पित रहते हैं। उनके त्याग, साहस और कर्तव्यनिष्ठा के कारण ही आम नागरिक अपने घरों में निश्चिंत होकर जीवन जी पाते हैं। ऐसे समर्पित पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों का सम्मान पूरे समाज का सम्मान है।



मुख्यमंत्री श्री साय आज राजधानी रायपुर के शांति नगर स्थित एक निजी सभागार में आयोजित 'जज़्बा पुलिस अवार्ड्स-2026' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने पुलिसिंग के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया और उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे पुलिस बल के मनोबल और सेवा भावना का सम्मान है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि उन्हें छत्तीसगढ़ के साहसी, अनुशासित और कर्तव्यनिष्ठ पुलिसकर्मियों के बीच उपस्थित होकर विशेष आत्मीयता और गर्व का अनुभव हो रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस की वर्दी केवल अधिकार का प्रतीक नहीं, बल्कि त्याग, अनुशासन, सेवा और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी पुलिसकर्मी अपने कर्तव्य का निर्वहन जिस निष्ठा से करते हैं, वह समाज के लिए प्रेरणा का विषय है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कॉमनवेल्थ गेम्स-2026 में महिलाओं की 53 किलोग्राम वेटलिफ्टिंग स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाली छत्तीसगढ़ पुलिस की सहायक उप निरीक्षक ज्ञानेश्वरी यादव का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि ज्ञानेश्वरी ने 199 किलोग्राम भार उठाकर न केवल देश और प्रदेश का गौरव बढ़ाया है, बल्कि यह सिद्ध किया है कि पुलिस बल के जवान सेवा के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। उनकी उपलब्धि पूरे प्रदेश के युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वर्षों तक नक्सलवाद ने बस्तर के विकास की गति को बाधित किया। प्राकृतिक सौंदर्य, खनिज संपदा और समृद्ध जनजातीय संस्कृति से परिपूर्ण यह क्षेत्र हिंसा और भय के कारण अपनी वास्तविक क्षमता के अनुरूप आगे नहीं बढ़ पा रहा था। आज बस्तर विकास, विश्वास और परिवर्तन के नए युग में प्रवेश कर चुका है। यह परिवर्तन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व, केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह की दृढ़ रणनीति तथा राज्य पुलिस और सुरक्षा बलों के अदम्य साहस का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के विरुद्ध लड़ाई लोकतंत्र, विकास और मानवता की रक्षा का अभियान था। हमारे वीर जवानों ने अपने प्राणों की परवाह किए बिना कठिन जंगलों में अभियान चलाया और प्रदेश को भयमुक्त बनाने का कार्य किया। यह विजय आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का अध्याय बनेगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्हें कई बार अस्पतालों में नक्सल मोर्चे पर घायल पुलिस जवानों से मिलने का अवसर मिला। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद उनके चेहरे पर निराशा नहीं, बल्कि देश और प्रदेश की सेवा का अदम्य संकल्प दिखाई देता था। वे कहते थे कि स्वस्थ होते ही फिर से मोर्चे पर लौटेंगे और नक्सलवाद के विरुद्ध लड़ाई को आगे बढ़ाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यही अदम्य जज़्बा आज छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी शक्ति बनकर सामने आया और इसी के परिणामस्वरूप प्रदेश नक्सलवाद के अभिशाप से मुक्त होने की दिशा में निर्णायक सफलता प्राप्त कर सका।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि लोकतंत्र में मीडिया को चौथा स्तंभ इसलिए कहा जाता है क्योंकि वह समाज के सकारात्मक प्रयासों को सामने लाकर जनविश्वास को मजबूत करता है। पुलिस विभाग के उत्कृष्ट कार्यों, नवाचारों और सेवा भावना को समाज के सामने लाने से पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ता है और युवाओं को भी राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि सकारात्मक पत्रकारिता समाज में विश्वास और उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करती है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस महानिदेशक श्री अरुण देव गौतम ने कहा कि किसी मीडिया संस्थान द्वारा पुलिसकर्मियों के उत्कृष्ट कार्यों का सम्मान किया जाना अत्यंत सराहनीय पहल है। पत्रकारिता समाज के सामने आदर्श स्थापित करती है और जनभावनाओं को अभिव्यक्ति देती है। उन्होंने कहा कि मीडिया के माध्यम से हमें समाज की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को समझने का अवसर मिलता है, जिससे पुलिस व्यवस्था को और अधिक जनोन्मुखी बनाया जा सकता है।

डीजीपी श्री गौतम ने कहा कि नक्सलवाद की समाप्ति से सबसे अधिक राहत उन परिवारों को मिली है, जिनके बेटे, बेटियां, पति या पिता वर्षों तक बस्तर जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में अपनी जान जोखिम में डालकर सेवा कर रहे थे। यह उपलब्धि पूरे पुलिस बल के साहस, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है।

# शिक्षकों की कमी दूर करने की मांग, एक सप्ताह में व्यवस्था नहीं हुई तो होगा शांतिपूर्ण आंदोलन



■ **सिमगा विकासखंड शिक्षा अधिकारी को पालकों ने सौंपा ज्ञापन**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा 29 जुलाई।** शासकीय आदर्श इंग्लिश मीडियम प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय, सिमगा में शिक्षकों की भारी कमी को लेकर पालकों ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) को ज्ञापन सौंपकर जल्द व्यवस्था करने की मांग की है। पालकों का कहना है कि शिक्षकों के अभाव में विद्यार्थियों की नियमित पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है और शिक्षा की गुणवत्ता पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। ज्ञापन में बताया गया है कि इस समस्या से पूर्व में भी शिक्षा विभाग को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। पालकों ने मांग की है कि विद्यालय में रिक्त पदों पर शीघ्र शिक्षकों की नियुक्ति अथवा वैकल्पिक व्यवस्था की जाए, ताकि बच्चों की पढ़ाई सुचारु रूप से संचालित हो सके। पालकों ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर शिक्षकों की व्यवस्था नहीं की गई, तो वे शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति उत्पन्न होने पर इसकी पूरी जिम्मेदारी शिक्षा विभाग की होगी।

# चिरायु ने बदली मासूमों की ज़िंदगी,मिला सामान्य जीवन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 29 जुलाई।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम-चिरायु द्वारा जिले में बच्चों की सेहत को लेकर लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इस कड़ी में विकासखंड भाटापारा में हाल में ही तीन बच्चों के अलग-अलग प्रकार के ऑपरेशन हुए जिससे उनकी बदली और सामान्य जीवन मिला।

ग्राम परसवानी ख की 5 माह की बच्ची उर्मी यादव जन्म से ही कटे हुए होंठ से पीड़ित थी, ऐसे ही ग्राम धनेली की 9 साल की बच्ची खुशबू ध्रुव को कटे हुए तालु की शिकायत थी।खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेंद्र माहेश्वरी के अनुसार उक्त दोनों ही जन्मजात विकार हैं । ऐसी स्थिति में बच्चे को बोलने ,खाने पीने की समस्या बनी रहती है । कान में संक्रमण की भी आशंका होती है। दोनों ही बच्चियों के ऑपरेशन रायपुर के एक बड़े निजी अस्पताल में कराए गए जिससे वह सामान्य जीवन जी सकें ।



एक अन्य प्रकरण में ग्राम सेमरिया घाट की एक नवजात बालिका को जन्म से ही क्लब फूट की शिकायत पाई गई । इस विकार में बच्चे का एक या दोनों पैर जन्म के समय ही टेढ़ा-मेढ़ा और मुड़ा हुआ होता है। इसमें बच्चे को चलने -फिरने में दिक्कत होती है। उक्त बालिका का ऑपरेशन जिला अस्पताल बलौदाबाज़ार में अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ कल्याण कुरुवंशी के किया।

एक बच्चे के परिजन देवचरण ध्रुव के अनुसार इलाज के पश्चात अब बच्ची स्वस्थ है। इलाज पूरी तरह से निशुल्क रहा है जबकि निजी अस्पताल में इसके लिए काफी पैसे ल ग त ` । सीएमएचओ डॉ राजेश अवस्थी के अनुसार चिरायु टीम स्कूलों और आँगन बाड़ी केंद्रों में लगातार बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करती रहती है। किसी रोग से ग्रसित होने पर उन बच्चों का इलाज निःशुल्क किया जाता है। उक्त बच्चों की पहचान और उपचार भाटापारा चिरायु की बी टीम द्वारा किया गया जिसमें डॉ सारा राम,डॉ सेवक राम साहू,बिंदु चौहान ,वंदना वर्मा और अंजू साहू सम्मिलित हैं।

### सिर्फ पूल पार्टी के वायरल पोस्टर नहीं, पूरे नेटवर्क की सच्चाई सामने आए - इदरीस गांधी

रायपुर, 29 जुलाई। छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी के अध्यक्ष इदरीस गांधी ने कहा कि रायपुर शहर में पिछले कई दिनों से पूल पार्टी से जुड़े पोस्टर और प्रचार सामग्री सोशल मीडिया पर लगातार वायरल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस केवल वायरल पोस्टरों तक सीमित न रहे, बल्कि यह भी पता लगाए कि इन्हें किसने तैयार किया, किसने प्रचारित किया और इनके पीछे कौन लोग सक्रिय हैं। इदरीस गांधी ने कहा कि यदि होटल, रिसॉर्ट, फार्म हाउस अथवा अन्य स्थानों पर कानून और निर्धारित नियमों के विपरीत इस प्रकार के आयोजन किए जा रहे हैं, तो पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। आयोजन से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जुड़े सभी लोगों की जिम्मेदारी तय कर कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि अश्लीलता और फूहड़ता छत्तीसगढ़ की संस्कृति, सामाजिक मर्यादाओं और पारिवारिक मूल्यों के अनुरूप नहीं है।

# जिले में शासकीय भूमि से कब्जे हटाने का अभियान शुरू

■ **कलेक्टर जितेंद्र यादव के सख्त निर्देश पर रिवागहन में अतिक्रमण हटाया, राजस्व व पुलिस की संयुक्त कार्रवाई**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 29 जुलाई।** जिले में शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त अभियान शुरू कर दिया है। कलेक्टर श्री जितेंद्र यादव के स्पष्ट निर्देश पर राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में तहसील डोंगरगढ़ के ग्राम रिवागहन स्थित शासकीय घास भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को हटाकर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

कार्रवाई कलेक्टर जितेंद्र यादव के निर्देशों तथा एसडीएम डोंगरगढ़ विश्वास कुमार के मार्गदर्शन में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार संजय वर्मा ने शासकीय घास भूमि पर टीन शेड बनाकर अवैध कब्जा कर लिया था। मंगलवार को राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और नियमानुसार कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण हटाकर शासकीय भूमि को मुक्त कराया।

**कलेक्टर का स्पष्ट संदेश:** कलेक्टर जितेंद्र यादव ने जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शासकीय भूमि पर कहीं भी अवैध कब्जा, दुकान, मकान, टीन शेड या किसी भी प्रकार के अनधिकृत निर्माण की सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंचकर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शासकीय संपत्ति की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

**अतिक्रमणकारियों को चेतावनी:** जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय भूमि पर कब्जा करने या अवैध निर्माण करने वालों के विरुद्ध बिना किसी भेदभाव के कठोर कार्रवाई की जाएगी। ऐसे सभी मामलों की लगातार निगरानी की जा रही है और भविष्य में भी अतिक्रमण हटाने का अभियान जारी रहेगा।

**नागरिकों से अपील:** प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे शासकीय भूमि पर किसी प्रकार का अवैध कब्जा न करें। यदि कहीं अतिक्रमण की जानकारी मिले तो तत्काल प्रशासन को सूचित करें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

# सुगम आवागमन के लिए जर्जर सड़कों की मरम्मत में तेजी लाएं:कलेक्टर

■ **छूटे हुए स्कूली बच्चों के आयुष्मान कार्ड बनाने विशेष अभियान चलाने के निर्देश**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 29 जुलाई।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को समय- सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने बारिश के मौसम में सुगम आवागमन हेतु जर्जर सड़कों की शीघ्र मरम्मत कराने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिये। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा क़ि कई मुख्य एवं ग्रामीण सड़के बारिश के कारण और अधिक जर्जर हो गई है जिससे आवागमन प्रभावित होने के साथ ही दुर्घटना की भी आशंका बढ़ जाती है। ऐसे सभी सड़कों का पैच रिपेयर कार्य तेजी से लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के तहत स्कूली बच्चों के आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा क़ि अब तक़ जिन बच्चों का आयुष्मान कार्ड नहीं बन पाया है उनके लिये स्कूल शिक्षा विभाग से समन्वय कर विशेष अभियान चलाएं और समय - सीमा के भीतर पूरा कराएं।

कलेक्टर ने सुपोषित बचपन अभियान के तहत जिले के आंगनबाड़ी केन्द्र में दर्ज गंभीर एवं मध्यम कुपोषित बच्चों को पौष्टिक लड्डू वितरण की समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम को आंगनबाड़ी केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण करने तथा अनियमितता पर सीडीपीओ पर कार्यवाही के निर्देश दिये। उन्होंने बरसात के मौसम में गुणवत्तापूर्ण लड्डू निर्माण हेतु स्थानीय आंगनबाड़ी केंद्रों में ही निर्माण के निर्देश दिये। कलेक्टर ने आश्रम छात्रावासों में पोषण वाटिका निर्माण की समीक्षा करते हुए सहायक आयुक्त आदिवासी को निर्देशित किया क़ि सभी आश्रम -छात्रावासों में उपयुक्त स्थान पर पोषण वाटिका का निर्माण कराएं। कलेक्टर ने ई -ऑफिस के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए राज्य शासन की मंशा अनुसार सभी फाइलो का मूवमेंट एवं पत्राचार शतप्रतिश ई-ऑफिस के माध्यम से करने के निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में लंबित राजस्व प्रकरण, सीपी ग्राम्स,मुख्यमंत्री जनदर्शन,सीएम हेल्पलाइन, स्वामित्व योजना,एग्रीस्टेक पंजीयन, सेवा सेतु पोर्टल आदि की समीक्षा की। बैठक में डीएफओ गणवीर धम्मशील,अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गोते,ए. आर. टंडन, निशा नेताम मड़ावी,सीमा ठाकुर सहित एसडीएम,जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर पुलिस ने जिले भर के स्कूलों में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया

**बलौदाबाजार 29 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वी जयंती एवं 'राष्ट्रीय एकता दिवस 2026' के उपलक्ष्य में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा आज दिनांक 28.07.2026 को जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में देशभक्ति, राष्ट्रीय अखंडता एवं यातायात सुरक्षा पर केंद्रित वाद-विवाद तथा निबंध प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय ` कुशल निर्देशन में चलाए गए इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम, एकता, सामाजिक समरसता और नियमों के पालन की भावना को सुदृढ़ करना है। थाना पलारी पुलिस द्वारा आत्मानंद स्कूल में सम्मान समारोहः- थाना पलारी पुलिस टीम द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, पलारी में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने राष्ट्र निर्माण और राष्ट्रीय एकता में पुलिस की भूमिका पर अपने विचार लिखे। पलारी पुलिस द्वारा प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को मोमेंटो (स्मृति चिन्ह) एवं प्रशस्ति पत्र देकर उत्साहवर्धन व सम्मानित किया गया।

# सीजेआई जो चाहते हैं, वह तो अच्छी बात है लेकिन...

बड़े पद पर बैठे व्यक्ति के लिए बडी़ बात करना जरूरी होता है क्योंकि वह बडे पद पर बैठकर बड़ी बातें नहीं करेगा तो उसकी इसी बात को लेकर आलोचना होगी कि बड़े पद बैठा व्यक्ति किसी एक पक्ष के बारे में बात कैसे कर सकता है,वह ऐसा करता है तो उसे पक्षपाती और भेदभाव करने वाला बताया जाएगा। बड़े व्यक्ति के पास जब दो पक्षों से संबंधित मामला आता है तो उसके लिए किसी एक पक्ष में कोई बात करना ठीक नहीं माना जाता है, उससे अपेक्षा की जाती है कि वह ऐसी बात करे जिससे दोनो पक्षों का भला हो। मूल समस्या का समाधान हो।बड़े व्यक्ति के लिए जानना जरूरी होता है कि मूल समस्या क्या है। उसका समाधान क्या हो सकता है। समाधान भी ऐसा होना चाहिए जिसे दोनो पक्ष खुशी खुशी स्वीकारे।समाधान भी ऐसा होना चाहिए फिर वैसी समस्या का सामना दोनो पक्षों का जमीन पर न करना पड़े।

सीजेपी आंदोलन के दौरान पुलिस ज्यादती मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। एक पक्ष का कहना है कि आंदोलन को दबाने के लिए कुचलने के लिए पुलिस ने आंदोलनकारियों के साथ ज्यादती है। मारपीट की है, हिंसा की है। वहीं पुलिस वालों का पक्ष है कि किसी क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भीड़ जब बाधा बनती है तो उसे बलप्रयोग करना पड़ता है। पुलिस जवानों पर पथराव किया जाता है, उनके साथ मारपीट की जाती है तो उसे बल प्रयोग करना पड़ता है। इस तरह की शिकायते तो हर आंदोलन के बाद सामने आती है और इसका कोई समाधान अब तक तो किया नहीं जा सका है। सीजेआई अगर इस समस्या के समाधान के लिए कुछ करना चाहते हैं तो उसका दोनों पक्षों सहित लोगों को स्वागत करना चाहिए। दिल्ली में प्रदर्शनकारियों पर पुलिस कार्रवाई के विवाद के बीच सुप्रीम कोर्ट ने बेहद अहम टिप्पणी की है कि शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन संविधान से मिला मौलिक अधिकार है और केवल यह कहकर कि कहीं आंदोलन चल रहा था,पुलिस की कथित ज्यादतियों को उचित नहीं ठहराया जा सकता। शीर्ष अदालत ने साफ संकेत दिए कि अब पूरे देश में विरोध-प्रदर्शनों के लिए एक समान प्रोटोकॉल बनाने की जरूरत है, ताकि लोकतांत्रिक अधिकार भी सुरक्षित रहें और कानून-व्यवस्था भी कायम रहे। यह सच है कि लोकतंत्र में प्रदर्शन और कानून-व्यवस्था दोनों जरूरी हैं। इसके लिए बहुत किया जा सकता है जैसे शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वालों के लिए पहले से कोई स्थान निर्धारित और उपयुक्त स्थान तय किया जा सकता है। पदर्शनकारियों की संख्या तय की जा सकती है। इसके बाद भी हिंसा हो तो आंदोलन करने वाले संगठन को दोषी ठहराया जा सकता, हानि की वसूली की जा सकती है। यदि किसी प्रदर्शन में असामाजिक तत्व घुसकर हिंसा फैलाने की कोशिश करें तो उनके खिलाफ कानून के मुताबिक सख्त कार्रवाई की जा सकती है,पुलिसकर्मियों की सुरक्षा के लिए भी नए और कड़े कायदे कानून बनाए जा सकते हैं कि पुलिस के साथ मारपीट करने पर क्या सजा मिलेगी। सुरक्षा के लिए लगाए बेरिकेड तोड़ने पर क्या सजा होगी,भीड़ के नाम पर लोग बच जाते हैं इसलिए भीड़ में शामिल लोगों को हिंसा करने पर सजा जरूर मिले ऐसी व्यवस्था करनी होगी। आए दिन होने वाले आंदोलन के दौरान हिंसा को देखते हुए अब जरूरी हो गया है कि पूरे देश में ऐसा स्पष्ट और एक जैसा प्रोटोकॉल होना चाहिए, जिसमें यह तय हो कि कोई भी व्यक्ति या संगठन यदि शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करना चाहता है तो उसके लिए क्या प्रक्रिया होगी, किन स्थानों का उपयोग किया जाएगा और प्रशासन की जिम्मेदारियां क्या होंगी।इस विषय पर केंद्र और राज्य सरकारों के साथ टकराव की बजाय सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए, ताकि पूरे देश के लिए अनिवार्य दिशा-निर्देश तैयार किए जा सकें। लोकतांत्रिक व्यवस्था में कानून के शासन के साथ ही आत्मानुशासन भी जरूरी है। जब भीड़ जुटती है और वह आत्मअनुशासित हो तो पुलिस की जरूरत नहीं पड़ेगी लेकिन भीड़ में अनुशासन होता नहीं है और वह किसी की नहीं सुनती है, इसी वजह से कानून का शासन जरूरी हो जाता है। भीड़ के लिए कानून का शासन मतलब होता है कि पुलिस ने उसके साथ ज्यादती की है।

आंदोलन के दौरान हिंसा,तोड़फोड़, मारपीट यह आज किसी एक राज्य या एक घटना का मामला नहीं है, बल्कि लोकतांत्रिक अधिकारों और सार्वजनिक व्यवस्था से जुड़ा राष्ट्रीय महत्व का एक गंभीर प्रश्न है।यह सच है कि शांतिपूर्ण विरोध हर नागरिक का संवैधानिक अधिकार है और इसे दबाया किसी भी तरह से नहीं रोका जाना चाहिए लेकिन उतना ही सच यह भी है कि प्रदर्शन के नाम पर हिंसा, सरकारी संपत्ति को नुकसान या पुलिस पर हमले को किसी भी कीमत पर जायज़ नहीं ठहराया जा सकता लेकिन आज कल प्रदर्शन या आंदोलन तब ही सफल माना जाता है जब बहुत भीड़ एकत्र हो और वह सड़क पर हिंसा व अराजकता फैलाए। लोकतंत्र में भीड़ एकत्र करना आसान हैं लेकिन उसे नियंत्रित करना बहुत मुश्किल है। लोकतंत्र में विरोध के लिए भीड़ जरूरी है और समर्थन के लिए भीड़ जरूरी है।भीड़ है तो समस्या है,भीड़ ही सबसे बड़ी समस्या है।

अंतराष्ट्रीय बाघ दिवस

# वन्यजीव खत्म तो जंगल खत्म और इंसान की सांसें भी खत्म



पृथ्वी पर मौजूद हर जीव अपनी अलग पहचान और भूमिका के साथ प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान देता हैं। खाद्य श्रृंखला की हर कड़ी आवश्यक है, क्योंकि किसी एक जीव का भी असंतुलन पूरे पारिस्थितिक तंत्र को प्रभावित कर सकता हैं। आज के समय में मनुष्य को छोड़कर सभी जीव प्रकृति की रक्षा में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। स्वच्छ हवा, साफ पानी और पर्याप्त भोजन सभी के जीवन के लिए जरूरी है, और ये तभी मिल सकते है जब पर्यावरण स्वस्थ और संतुलित हो। सूक्ष्म जीव मिट्टी को उपजाऊ बनाते है, जबकि पक्षी और वन्य प्राणी बीजों का प्रसार करके नए पौधों और वनों के विकास में सहायता करते हैं। जब जंगलों में जीव-जंतु सुरक्षित रहते है, तब वन हरे-भरे बने रहते है, मौसम का चक्र संतुलित रहता है, जलस्त्रोत सुरक्षित होते है और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण होता हैं। इससे प्रदूषण कम होता है, बीमारियों का खतरा घटता है और जीवन की गुणवत्ता बेहतर होती हैं। वास्तव में वन्यजीव प्रकृति के सच्चे संरक्षक है, क्योंकि वे पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। मनुष्य के बिना प्रकृति स्वयं को तेजी से पुनर्जीवित कर सकती है, किंतु प्रकृति के अभाव में मानव जीवन की कल्पना भी संभव नहीं है, इसलिए प्रकृति और वन्यजीवों का संरक्षण हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी हैं। सभी जीवों को अपने प्राकृतिक अधिवास में जीने का अधिकार है, लेकिन पिछले कुछ दशकों से बढ़ते मानवीय हस्तक्षेप के कारण वन्यजीवों और मानवों के बीच संघर्ष बहुत ज्यादा बढ़ गया हैं। इसमें हानि दोनों को होती है, मनुष्य भी जान गवांते है और वन्यजीव भी। आजादी के पहले राजा-महाराजाओं और अंग्रेजों ने शिकार करके जंगली जानवरों की संख्या बेहद कम कर दी। अधिकतम प्रजातियां तो हमेशा के लिए विलुप्त भी हो गयी। तेजी से घटती वन्यजीवों की संख्या को बचाने सरकार ने कानून बनाये हैं। आयआयटी बॉम्बे और सस्त्रा विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं की एक रिसर्च में पाया गया कि साल 2015 - 2019 के बीच, देश में हर 1 वर्ग किलोमीटर जंगल बढ़ने के बदले लगभग 18 वर्ग किलोमीटर जंगल खत्म हो गए। प्राकृतिक घने और पुराने जंगल तेज़ी से खत्म हो रहे है, अगर यही स्थिति रही तो, इसमें रहनेवाले वन्यजीव भी बुरे तरीके से प्रभावित होंगे ही, अर्थात उनका जीवन संकट में होगा। आज देश में बढ़ते शहरीकरण के कारण, पारंपरिक खेती कम हो रही है, शहरों के आसपास के गाँवो में कांक्रीट के जंगल बढ़ रहे है, जिसके कारण जंगल सिकुड़ रहे और मानवीय गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं। जंगलों के पास, प्रकृति की गोद में लोगों को आबाद करने के लिए फार्महाउस बनाने का ट्रेंड चल पड़ा हैं। विकास के नाम पर जंगलों के बीच से महामार्ग बनाएं जा रहे और जंगलों को काटकर उत्खनन का काम चल रहा हैं। इससे सीधे तौर पर वन्यजीवों के प्राकृतिक अधिवास नष्ट हो रहे हैं। साल-दर साल प्राकृतिक आपदाएं लगातार बढ़ रही हैं।



जिन वनों में बाघ रहते है, वहां का पारिस्थितिक तंत्र अधिक समृद्ध और संतुलित होता हैं। बाघ केवल एक वन्यजीव नहीं, बल्कि पूरे जंगल के संरक्षक हैं। जीवित रहने के लिए उन्हें विशाल, सुरक्षित और मानवीय हस्तक्षेप से मुक्त आवास चाहिए। ऐसे क्षेत्रों की रक्षा से असंख्य वन्य प्राणी, वनस्पतियां, सूक्ष्म जीव और पूरी जैव-विविधता सुरक्षित रहती हैं। बाघ शाकाहारी जीवों की संख्या नियंत्रित करते हैं, जिससे वनस्पतियों का अत्यधिक दोहन रुकता है और प्राकृतिक संतुलन बना रहता हैं। सुरक्षित जंगल अधिक कार्बन सोखते है और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव कम करने में मदद करते हैं। साथ ही, ये घने वन वर्षा जल के प्रवाह को नियंत्रित कर बाढ़ की तीव्रता घटाते है और करोड़ों लोगों को मीठा पानी देते हैं। इसलिए बाघों और उनके आवासों की रक्षा पूरे पर्यावरण की रक्षा हैं। यह संरक्षण मानव जीवन, कृषि, जलस्त्रोतों और भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी अत्यंत आवश्यक हैं। हर साल 29 जुलाई को "अंतराष्ट्रीय बाघ दिवस" खतरे में पड़ी बड़ी बिल्लियों की प्रजातियों और उनके प्राकृतिक अधिवास को बचाने के बारे में जागरूकता बढ़ाने हेतु मनाया जाता हैं। बाघ भारत का राष्ट्रीय पशु है, बाघ बचाओं, जंगल बचाओं, प्रकृति बचाओं यह नारा दिया जाता है, क्योंकि यह बचेंगें तो ही हम बचेंगें, यह समझना बहुत जरुरी हैं। ग्लोबल टाइगर फोरम के अनुसार, दुनिया भर के जंगल में सिर्फ़ 5,660 टाइगर बचे हैं। देश के नेशनल टाइगर कंज़र्वेशन अथॉरिटी की रिपोर्ट "स्टेटस ऑफ़ टाइगर्स इन इंडिया : को-प्रिडेटर्स एंड प्रे 2022" के अनुसार, इनमें से 3,682 भारत में पाए जाते हैं। हर साल सड़क दुर्घटनाओं, खेतों में करंट से, खुले कुएं में गिरकर और शिकार द्वारा असंख्य वन्यजीवों की बेदर्दी से असमय मौत होती हैं। विदर्भ क्षेत्र (महाराष्ट्र) के समाचारपत्रों में अक्सर वन्यजीवों के मौत की खबर सुर्खियां बनी रहती है, विशेषकर बाघों के मौत की। आये दिन बाघों की मौत चिंता का विषय है, पिछले छह माह में महाराष्ट्र में कुल 24 बाघों की मौत हो चुकी हैं। साल 2025 के दौरान मध्यप्रदेश राज्य में कुल 54 बाघों की जान चले गयी और महाराष्ट्र राज्य के वनमंत्री गणेश नाईक ने बताया कि, महाराष्ट्र राज्य में 41 बाघों की मौत हुयी।

वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर अनुसार, हर बाघ की पहचान उसकी धारियों के अलग पैटर्न से होती है, ठीक वैसे ही जैसे हर इंसान के फिंगरप्रिंट अलग होते हैं। मादा बाघ अपने शावकों से संवाद करने के लिए कानों के पीछे बने सफेद निशानों का उपयोग करती है, जो उनके लिए संकेतों की तरह काम करते हैं। दुनिया के आधे से अधिक बाघ भारत में पाए जाते है, जो देश की समृद्ध जैव-विविधता का बड़ा प्रमाण हैं। बाघ अलग-अलग परिस्थितियों में गुर्राने, दहाड़ने, कराहने, फुफकारने और हांफने जैसी आवाज़ों से संवाद करते हैं। माना जाता है कि बाघ लगभग 20 लाख वर्षों से पृथ्वी पर मौजूद है, लेकिन पिछले सौ वर्षों में मानवीय हस्तक्षेप, जंगलों की कटाई और अवैध शिकार के कारण इनकी संख्या में लगभग 97 प्रतिशत की कमी आई हैं। इसी वजह से इन्हें लुप्तप्राय प्रजाति माना गया है, आज भी अवैध शिकार इनके लिए बड़ा खतरा हैं। वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर एशिया में इनके संरक्षण के लिए लगातार काम कर रहा हैं। वर्ष 2016 में कुछ क्षेत्रों में बाघों की संख्या बढ़ने की खबर मिली, लेकिन दक्षिण-पूर्व एशिया में इनकी आबादी अब भी घट रही हैं।

मनुष्य जैसे बुद्धिमान प्राणी के पास आज कानूनी अधिकार, उन्नत तकनीक, प्रसार माध्यम, सरकार, न्याय प्रणाली, सोशल मीडिया, रिश्तेदार, मित्र-परिवार और समाज है, फिर भी उच्चशिक्षित और जागरूक मनुष्य होकर भी अनेक मौकों पर वह खुद को ठगा सा महसूस करता हैं। अपनी समस्या को लेकर सरकारी दफ्तरों, नेताओं और न्यायालय के चक्कर काटकर भी बहुधा संतोषजनक समाधान नहीं पाता हैं। बरसात में बाढ़ की समस्या, गर्मी में अकाल, लू और जल की कमी, ठंडी में कोहरे और हाइपोथर्मिया की समस्या और प्राकृतिक आपदाएं। अगर इंसान सर्व सुविधा सम्पन्न होकर ऐसी परिस्थितियों में विवश हो जाता है, तो फिर इसके मुकाबले वन्यपशुओं की स्थिति का तो अंदाजा भी लगाना मुश्किल हैं। फिर सोचिए जरा मूक वन्यजीवों के नजरिये से, जिन्हे मनुष्य से नहीं बल्कि प्रकृति से केवल भूख-प्यास की पूर्ति की आस है और प्रकृति समस्त जीवों के भरणपोषण में बहुत सक्षम है, अगर मानवी हस्तक्षेप न हो तो। फिर हम वन्यजीवों को परेशान कर रहे है क्या? या वन्यजीव हमें परेशान कर रहे है? बढ़ते वन्यजीव व मानवी संघर्ष के लिए आखिर कौन जिम्मेदार है? वक्त रहते इसका गहराई से विचार करना बहुत जरुरी हैं।

## राशिफल

**मेष**-आज का दिन खर्चों पर काबू रखने की चुनौती देगा। नौकरी और पैसों के मामलों में व्यस्तता रहेगी और कुछ अनचाहे खर्चों को मजबूरी में उठाना पड़ सकता है। संतान की सेहत चिंता का कारण बन सकती है और पारिवारिक मामले भी मन को बेचैन करेंगे। घूमते-फिरते किसी महत्वपूर्ण जानकारी तक पहुंचना संभव है और बिजनेस में बदलाव आपके लिए लाभदायक साबित होंगे।

**वृषभ**-आज आपके मन में किसी काम को लेकर हलचल बनी रहेगी। मेहनत पर भरोसा रखकर आगे बढ़ें। सामाजिक गतिविधियों में रुचि रहेगी और गुस्से को कंट्रोल करना जरूरी होगा। अनजान लोगों से दूरी बनाकर चलें। बिजनेस में समस्या आए तो पार्टनर से खुलकर बात करें, तभी काम सुचारू रूप से आगे बढ़ पाएगा।

**मिथुन**-आज दिन व्यस्तता और काम के दबाव से भरा रहेगा। जरूरी काम कल पर टालने से बचें। पारिवारिक मामलों को बैठकर निपटाना बेहतर रहेगा। जीवनसाथी के साथ नए काम की शुरुआत आपके लिए उत्साहजनक होगी। मन में किसी बात की परेशानी है तो पिताजी से साझा करें। रुका काम पूरा होने की संभावना है। आस-पड़ोस में बिना मांगे सलाह देने से बचें।

**कर्क**-आज जिम्मेदारी का दिन है। नए प्रोजेक्ट पर काम करने का मौका मिलेगा और निवेश में लाभ संभव है। खान-पान में सुधार करें और लापरवाही से बचें। मन की इच्छाओं की पूर्ति खुशी देगी। वैवाहिक जीवन में संतुलन रहेगा और काम की भाग-दौड़ बनी रहेगी।

**सिंह**-आज चुनौती भरा दिन है। दोस्तों और परिवार का पूरा साथ मिलेगा। दूसरों के मामलों में बेवजह बोलने से बचें। आध्यात्मिक रुचि बढ़ेगी और लंबी दूरी की यात्रा का योग बन सकता है। काम समय पर निपटाना आवश्यक है। दूर रहे परिजन याद आएंगे और विद्यार्थी नौकरी से जुड़े कोर्स की तैयारी कर सकते हैं।

**कन्या** -आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरतों के लिए लाभकारी रहेगा। मान-सम्मान में वृद्धि और आर्थिक सफलता मिलने की संभावना है। नौकरी के लिए अच्छा ऑफर मिल सकता है। माता-पिता से संपत्ति को लेकर वाद-विवाद हो सकता है। वाणी पर संयम रखें और यात्रा से लाभ मिल सकता है।

**तुला**-आज मिश्रित परिणाम मिलेंगे। ईर्ष्या-द्वेष से बचें और दबाई गई शारीरिक समस्या को नजरअंदाज न करें। सगे संबंधियों से मिलने का मौका मिलेगा। जीवनसाथी से चल रही अनबन दूर होगी और दोनों मिलकर कहीं घूमने भी जा सकते हैं।

**वृश्चिक** -आज भाग्य आपका साथ देगा। मेहनत का फल मिलेगा और इन्कम बढ़ाने के स्त्रोतों पर ध्यान देना लाभदायक रहेगा। कोर्ट-कचहरी से जुड़े मामलों में सफलता मिल सकती है। अनबन बातचीत से दूर होगी। भाई-बहनों से सहयोग मिलेगा और मित्रों की संख्या में भी इजाफा होगा।

**धनु**-आज दिन अनुकूल रहेगा। धार्मिक आयोजनों में सम्मिलित होंगे। राजनीति में काम कर रहे लोगों को ज्यादा उत्साहित न होना चाहिए। रहन-सहन सुधारने की कोशिश करेंगे और खान-पान में नई चीजें शामिल कर सकते हैं। कामों में बदलाव न करें और पुरानी कड़वाहट को बातचीत से दूर करने का प्रयास करें।

**मकर**-आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। नए काम की शुरुआत सोच सकते हैं। अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखें। निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी। साझेदारी में नया काम शुरू हो सकता है। साथी के साथ रोमांटिक समय व्यतीत होगा। पिताजी की कोई बात बुरी लग सकती है।

**कुंभ**-आज का दिन खास रहेगा। दांपत्य जीवन में तालमेल बनाए रखें। भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा। विरोधी काम में बाधा डालेंगे, लेकिन सफलता आपके कदम चूमेगी। संतान पर ध्यान दें। घूमने जाने की योजना बन सकती है। नौकरी में समस्या हो तो नए विकल्प पर विचार कर सकते हैं।

मीन -आज आपकी कोई मनोकामना पूरी हो सकती है। जीवनसाथी के लिए गिफ्ट लाने का मौका मिलेगा। माता-पिता की सेवा में समय निकालेंगे। कार्यक्षेत्र की समस्या को लेकर बॉस से बातचीत करने से रिश्ते मजबूत होंगे। वाहन सावधानी से चलाएं। बिजनेस को विस्तार देने के प्रयास में रहेंगे।

## सू- दोकू क्र.114

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.113 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

## शब्द सामर्थ्य -114

बाएं से दाएं

[illegible]

ऊपर से नीचे

[illegible]



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 113 का हल



# सियासत की काल कोठरी में उम्मीदों की रौशन मशाल थे स्व. आलमबदी

निर्मल रानी



पिछले कई वर्षों से लगभग दस्तूर के तौर पर प्रत्येक माह में दो-तीन बार मुझे फ़ोन पर ढेर सारा प्यार व आशीर्वाद देने वाली महान शख़्सियत आलमबदी आज़मी अब हमारे बीच नहीं रही । गत 22 जुलाई को आलमबदी साहब का 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। समाजवादी पार्टी के टिकट पर 1996 में पहली बार आजमगढ़ की निज़ामाबाद विधानसभा चुनाव क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले आलमबदी ने प्रदेश की 13वीं, 14वीं, 16वीं और 17वीं विधानसभाओं में भी जीत हासिल की और 5 बार विधायक चुने गये। सुबह सवेरे उठकर समाचार पत्रों का अध्ययन करना और सम्पादकीय आलेख पढ़ना उनकी दिनचर्या में शामिल था। वे मेरे लेख प्रायः विभिन्न अख़बारों में पढ़ा करते थे। मुझे बेटी कहकर संबोधित करते और कहते थे कि मैं आपके आलेख को पुस्तक के रूप में प्रकाशित कराऊंगा। बहुत दुख का विषय है कि इतना प्यार,आशीष व सम्मान देने वाले महान व्यक्ति से मेरी रूबरू मुलाक़ात नहीं हो सकी। परन्तु उनके देहावसान के बाद पता चला कि वे वास्तव में मेरी कल्पनाओं से भी कहीं अधिक महान शख़्स थे। ख़ासकर आज की रसातल की ओर जाती हुई राजनीति के दौर में भी राजनीति में रहते हुये उनके जीवन के सैकड़ों ऐसे क़िस्से सुनने को मिल रहे हैं जो देश के दंभी,अहंकारी,भ्रष्ट,सत्ता लोलुप, परिवारवादी, साम्प्रदायिकतावादी व जातिवादी राजनीति करने वालों के लिये आदर्श पेश करते हैं। वे नेहरू, बोस, गांधी व लोहिया से प्रेरणा लेकर समाज सेवा में आने वाले महान नेता थे। उनकी लोकप्रियता का अंदाज़ा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि उनके ताबूत में आगे पीछे 15 -15 फ़ुट के क़रीब 4 बांस इसलिये अलग से जोड़े गये थे ताकि उनके जनाज़े को कांधा देने वाला हर शख़्स उनके जनाज़े को कांधा देकर अपने लोकप्रिय नेता को अंतिम बिदाई दे सके। आलमबदी आज़मी का जन्म 16 मार्च 1936 को आज़मगढ़ ज़िले के बिंदावल में वदीउज़्ज़मां आज़मी के घर हुआ था। वे पेशे से इंजीनियर थे। वे एक ऐसे नेता थे जिन पर पूरा जीवन भ्रष्टाचार या रिश्वत का एक भी दाग़ नहीं लगा। पांच बार के विधायक होने के बावजूद भी ना ही वे गाड़ियों का क़ाफ़िला लेकर चलना पसंद करते ना ही आजतक उन्होंने अपना कोई बड़ा या नया मकान बनवाया। उनका पूरा जीवन एक साधारण इंसान की तरह गुज़रा। वैसे तो वे इंजीनियर के रूप में नौकरी करते थे। परन्तु 1970-90 के दशक के मध्य जब कभी घर आते तो इलाक़े में बुनियादी सुविधाओं का अभाव देखकर दुखी होते। क्या




बिजली क्या सड़कें क्या स्वास्थ्य सेवाएं तो क्या शिक्षा व्यवस्था व शिक्षा सुविधायें इन सब की दयनीय हालत को देखकर दुखी होते। आख़िरकार इनमें सुधार लाने की ग़रज़ से ही उन्होंने इन बुनियादी मुद्दों को लेकर स्थानीय स्तर पर आवाज़ उठानी शुरू की। उनके इसी अध्ययनशील और गंभीर स्वभाव ने उन्हें जनता के बीच लोकप्रिय बना दिया। 1996 में मुलायम सिंह यादव ने पहली बार उन्हें लखनऊ बुलाकर समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ने का आग्रह किया। इसी चुनाव के दौरान मुलायम सिंह यादव ने चुनावी ख़र्च हेतु उन्हें उस समय 5 लाख रूपये भेजे। आलमबदी साहब ने यह कहकर उन पैसों को वापस कर दिया कि 'आलमबदी चुनाव लड़ रहा है कोई धंधा नहीं कर रहा है,मुझे नोटों की नहीं बल्कि जनता की दुआओं की ज़रुरत है'। इस बात पर मुलायम यादव ने भी गर्व महसूस करते हुये कहा कि आज राजनीति में ऐसे ही समर्पित व ईमानदार लोगों की ज़रुरत है। उधर यह ख़बर जब आलमबदी साहब के चुनाव क्षेत्र में फैली तो पूरे इलाक़े ने दस,बीस,पचास,सौ यानी जिससे जो हो सकता था चुनाव में खर्च करना शुरू कर दिया और पूरा चुनाव जनता ने अपने ऊपर ले लिया। यह सिलसिला उनके अंतिम चुनाव तक जारी रहा। उनके क्षेत्र की जनता आलमबदी साहब की जीत को अपने स्वाभिमान की जीत समझती थी । आलमबदी साहब रोज़ाना सुबह सवेरे उठकर अपने कमरे में खुद अपने हाथों से झाड़ू लगाते व सफ़ाई करते। उनके घर पर समाजवादी पार्टी का नहीं बल्कि राष्ट्रीय ध्वज लहराता रहता था। सादगी की मिसाल क़ायम करने वाले आलमबदी अपने घर आने वालों को छोटे से कप में बिना दूध की चाय देते और ख़ुद भी हमेशा वही पीते थे। उनके घर में मेहमान की सेवा करने तक के लिये कोई सेवक नहीं था। उनके बेटे और पोते ही मेहमानों की सेवा का काम करते थे। वे हमेशा अपने घर के टीन शेड के नीचे आम लोगों से रूबरू होते थे। 5 बार के इस आदर्श विधायक के पास ढंग की एक कार तक नहीं थी। एक पुरानी एम्बेसडर कार थी जिसे पूरा इलाक़ा इसलिये भी पहचनता था क्योंकि वह अक्सर ख़राब होकर या तेल के अभाव में बीच सड़क पर ही खड़ी हो जाती थी। कुछ समय पूर्व ही शुभचिंतकों के बहुत आग्रह पर उन्होंने एक पुरानी बोलेरो ख़रीदी थी लेकिन उसका भी वे कम ही इस्तेमाल करते थे। कभी वे किसी कार्यकर्ता की गाड़ी में बैठकर जनसेवा के मिशन पर निकल जाते या फिर सड़क पर जो भी मिल जाता उससे ही लिफ़्ट ले लिया करते थे। विधानसभा सत्र के दौरान लखनऊ जाने के लिए वो यूपी रोडवेज़ की बस में अपने 'विधायक पास' का इस्तेमाल किया करते थे। वे कभी भी 20 /30 रूपये मीटर से मंहगा कपड़ा नहीं पहनते थे। अपने कपड़े ख़ुद धोते थे। कीपैड वाला सस्ता व मामूली सा मोबाईल इस्तेमाल करते थे। कभी स्कूटर कभी ऑटो तो कभी बस से यात्रा करते थे। मुलायम व अखिलेश दोनों ही की ओर से उन्हें मंत्री बनने का प्रस्ताव दिया गया परन्तु उन्होंने यह कहकर मना कर दिया कि ' किसी नैजवान को मंत्री बनाइये' । कई ऐसे अवसर भी आये जबकि सत्ता में होने के बावजूद वे जनता के साथ सरकार व सत्ता विरोधी प्रदर्शनों में हिस्सा लेते नज़र आये। उनका स्पष्ट मानना था कि जनता बड़ी होती है पार्टी या सरकार नहीं। उनके पूरे इलाक़े में भ्रष्ट ठेकेदार काम करने से घबराते थे क्योंकि वे स्वयं प्रत्येक सामग्री की गुणवत्ता चेक किया करते थे। इलाक़े के किसी भी सरकारी निर्माण कार्य में कमीशन,चोरी,मिलावटख़ोरी या भ्रष्टाचार की गुंजाईश नहीं थी। बताया जाता है कि 2014 के चुनाव में कार्यकर्ताओं की एक बैठक में जब अधिकांश चापलूस कार्यकर्ता व नेता मुलायम यादव को उनकी जीत का आश्वासन दे रहे थे उस समय अकेले आलमबदी साहब ही थे जिन्होंने मुलायम से कहा था कि आप इन चापलूसों पर भरोसा करेंगे तो चुनाव हार जायेंगे। आलमबदी साहब जनता की समस्याओं को अपनी व अपने परिवार के सदस्य की समस्याओं की तरह सुनते थे। चुनाव प्रचार में उनकी सादगी व ख़ामोशी देखकर लोग पूछ बैठते कि आप इस बार चुनाव नहीं लड़ रहे हैं क्या ? उनका जवाब होता जनता लड़ रही है मैं नहीं। पूरा क्षेत्र क्या हिन्दू तो क्या मुस्लिम ख़ुद ही चुनाव प्रचार करता अपनी साइकिल स्कूटर बाइक का प्रयोग करता ख़ुद तेल डलवाता और इनके लिए वोट मांगता। जनता कहती जब उनका जीवन उनकी सेवाएं हमारे लिए हैं तो चुनाव भी हमें ही लड़ना है। अफ़सोस कि उस अज़ीम शख़्सियत की दुआओं से भरी फ़ोन कॉल अब कभी नहीं सुनाई देगी। निह संदेह स्व० आलमबदी आज़मी साहब वर्तमान सियासत की काल कोठरी में उम्मीदों की रौशन मशाल थे। ईश्वर उन्हें स्वर्ग में ऊँचा स्थान दे और वर्तमान दौर के नेताओं को उनसे सीखने की प्रेरणा दे।

# दंतेवाड़ा में श्रद्धा और भक्ति के साथ निकली बहुडा रथयात्रा

- दंतेश्वरी मंदिर के मुख्य पुजारी ने पूजा-अर्चना कर किया शुभारंभ
- रथ खींचने एक बार पुनः भक्तों की उमड़ी अपार भीड़

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 25 जुलाई।** दंतेवाड़ा में भगवान श्रीजगन्नाथ, भगवान बलभद्र एवं माता सुभद्रा की पावन बहुदा यात्रा शुक्रवार को श्रद्धा, आस्था और धार्मिक उल्लास के साथ निकाली गई। गुंडिचा मंदिर से प्रारंभ हुई इस भव्य यात्रा का शुभारंभ दंतेश्वरी मंदिर के मुख्य पुजारी द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। पूजा के पश्चात भगवान श्रीजगन्नाथ के रथ को नगर भ्रमण के लिए रवाना किया गया।





बहुडा यात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। डोल-नगाड़ों, शंखध्वनि, भजन-कीर्तन और जय श्रीजगन्नाथ के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। भगवान के रथ को खींचने के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। महिलाएं, पुरुष, युवा और बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में यात्रा का हिस्सा बने और पूरे मार्ग में भक्ति का अनूठा दृश्य देखने को मिला।यात्रा गुंडिचा मंदिर से निकलकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए आगे बढ़ी। जगह-जगह श्रद्धालुओं एवं सामाजिक संगठनों ने भगवान की आरती उतारी, पुष्पवर्षा कर स्वागत किया तथा प्रसाद का वितरण किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीजगन्नाथ के दर्शन कर परिवार और प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।आयोजन को सफल बनाने के लिए मंदिर समिति, स्वयंसेवकों एवं स्थानीय नागरिकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यात्रा के दौरान पुलिस और प्रशासन की ओर से सुरक्षा एवं यातायात की समुचित व्यवस्था की गई, जिससे पूरे आयोजन का संचालन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से हुआ।बहुदा यात्रा के अवसर पर दंतेवाड़ा में धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला। हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी भव्य बना दिया तथा पूरे शहर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा।

## एक नजर

### जिला पंचायत सामान्य सभा व सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 7 अगस्त को

**जगदलपुर, 29 जुलाई।** बस्तर जिला पंचायत कार्यालय के सभा कक्ष में आगामी 7 अगस्त को जिला पंचायत सामान्य सभा और सामान्य प्रशासन समिति की पृथक.पृथक बैठकें आयोजित की जाएंगीए जिनमें जिले के विभिन्न विकास कार्यों और विभागीय योजनाओं की समीक्षा होगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 11 बजे जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक आयोजित होगी। इस बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की वर्तमान स्थितिए विकास कार्यों की प्रगति तथा लंबित मामलों पर चर्चा की जाएगी। जिला पंचायत की ओर से सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक एवं अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।इसके पश्चात अपराह्न 4 बजे जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में प्रशासनिक कार्योंए विभागीय व्यवस्थाओं तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विचार.विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे। जिला पंचायत प्रशासन ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं समिति के सदस्यों से समय पर उपस्थित होकर बैठक को सफ्ल बनाने का आग्रह किया है।

### अबूझमाड़ की कृषि विरासत पीला.काला कोसरा व तिखुर को मिलेगा जीआई टैग

**नारायणपुर, 29 जुलाई ।** जिले के सुदूर वनांचल अबूझमाड़ की पारंपरिक कृषि और वनोंपजों को अब वैश्विक पहचान मिलने जा रही है। नारायणपुर जिले के तीन स्थानीय उत्पादों पीला कोसरा ;आर्कद्धए काला कोसरा और तिखुर को जीआई टैग दिलाने की आधिकारिक प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह पहला मौका है जब अबूझमाड़ जैसे दूरस्थ जनजातीय क्षेत्र की पारंपरिक फ्सलों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पेटेंट कराने की दिशा में यह ऐतिहासिक कदम उठाया गया है।इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के विज्ञानियों ने अबूझमाड़ के जनजातीय समुदाय की दीर्घायुए सुदृढ़ स्वास्थ्य और खान.पान पर विशेष शोध किया। अध्ययन में सामने आया कि स्थानीय ग्रामीणों की रोग प्रतिरोधक क्षमता का मुख्य आधार उनके दैनिक आहार में शामिल ये पारंपरिक मिलेट्स हैं। प्रमुख विज्ञानी डाण् दीपक शर्मा के अनुसार इन तीनों ही उत्पादों में लो.ग्लाइसेमिक इंडेक्स पाया जाता हैए जो मधुमेह के मरीजों के लिए बेहद लाभदायक साबित हो सकता है।

### जिले में सिंचाई के दावे विफल, परेशान किसान खेती नहीं कर पा रहे

**जगदलपुर, 29 जुलाई ।** बस्तर जिले में किसानों की आय बढ़ाने के लिए खेतों तक सिंचाई सुविधा पहुंचाने के बड़े-बड़े दावे सरकार करती रही है। लेकिन शासकीय लापरवाही के कारण बस्तर जिले के एक ग्राम उसरीबेड़ा में पिछले चार साल से सिंचाई योजना पूरी नहीं हो सकी है। ग्रामीणों का आरोप है कि लाखों रुपये खर्च कर पाइप लाइन बिछा दी गई, लेकिन ट्रांसफार्मर और बिजली कनेक्शन अब तक नहीं लगा है।ट्रांसफार्मर और बिजली लाइन के अभाव में पाइप लाइन ग्रामीणों के किसी काम नहीं आ रही है। बिजली को लेकर कोई प्रबंध नहीं होने के कारण पाइपलाइन जगह-जगह क्षतिग्रस्त होने लगी है। वहीं मानसून की बेरुखी से परेशान किसान सिंचाई के अभाव में खेती नहीं कर पा रहे हैं।ग्राम पंचायत उसरीबेड़ा के सरपंच मधुसूदन बघेल का कहना है कि में वर्ष 2022-23 में उद्यान सिंचाई योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने का कार्य शुरू हुआ था। योजना का उद्देश्य इंद्रावती नदी के पानी से किसानों के खेतों तक सिंचाई सुविधा पहुंचाना था, लेकिन चार साल बीत जाने के बाद भी योजना अधूरी है। सबसे बड़ी वजह ट्रांसफार्मर और बिजली कनेक्शन का नहीं लगना बताई जा रही है। उन्होने कहा कि बारिश से पहले कई बार संबधित ठेकेदार और संबंधित विभाग के अधिकारियों से काम पूरा करने की मांग की गई। लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिलता है, और काम नहीं होता है। अब बारिश शुरू होने के बाद बिजली विभाग ने भी काम अगले सीजन तक टाल दिया है। इस संबंध में जिला पंचायत, कलेक्टर कार्यालय और सुशासन कार्यक्रम में कई बार शिकायत दर्ज कराई जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

### एक साल बाद भी झिटकीपारा में प्राथमिक शाला भवन नहीं बना, अस्थायी झोपड़ी में स्कूल

**दंतेवाड़ा, 29 जुलाई ।** जिले के ग्राम पंचायत हितामेटा के आश्रित गांव झिटकीपारा में प्राथमिक शाला के बच्चे पिछले करीब एक साल से झोपड़ीनुमा अस्थायी कक्ष में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। 26 अगस्त 2025 को आई भीषण प्राकृतिक आपदा ने स्कूल भवन को इस कदर क्षतिग्रस्त कर दिया कि वह बच्चों के बैठने लायक नहीं बचा। विडंबना यह है कि आपदा को एक वर्ष पूरा होने वाला है, लेकिन आज तक नया भवन नहीं बन पाया है।बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए शिक्षा विभाग ने विद्यालय भवन में पढ़ाई बंद कराकर अस्थायी व्यवस्था की गई।

#### पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने प्रेसवार्ता में दी जानकारी, वाराणसी से निकलेगी समरसता यात्रा

## समरसता से विकसित भारत का संकल्प-गुरु रविदास जयंती वर्ष पर भाजपा का देशव्यापी अभियान शुरू



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 29 जुलाई।** संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी देशभर में समरसता संकल्प अभियान चलाएगी। यह अभियान 29 जुलाई 2026 (गुरु पूर्णिमा) से प्रारंभ होकर 20 फरवरी 2027 (माघ पूर्णिमा) तक विभिन्न चरणों में आयोजित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य गुरु रविदास महाराज के समता, सामाजिक न्याय, मानवता, सेवा और सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना तथा विकसित भारत के निर्माण में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित करना है।

बीजापुर स्थित भाजपा अटल सदन में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने कहा कि गुरु रविदास महाराज किसी एक समाज के नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानवता के संत हैं। उनके विचार आज भी सामाजिक समानता, आत्मसम्मान और राष्ट्रीय एकता के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने संत-महात्माओं, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों, युवाओं, महिलाओं और विद्यार्थियों से अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।उन्होंने बताया कि अभियान की शुरुआत बुधवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर देशभर के मंदिरों में 51 हजार से अधिक दीप प्रज्वलित कर की जाएगी। इसके साथ श्री गुरु रविदास महाराज कलश वंदन अभियान के तहत वाराणसी स्थित जन्मस्थली से पवित्र मिट्टी और जल से भरे कलश देश के विभिन्न राज्यों, जिलों और मंदिरों तक पहुंचाए जाएंगे। इस दौरान भजन-कीर्तन, धार्मिक प्रवचन, दीप महोत्सव तथा सामाजिक समरसता के कार्यक्रम आयोजित होंगे।गागड़ा ने बताया कि 29 जुलाई से 31 अगस्त तक संत संपर्क अभियान चलाया जाएगा, जिसमें गुरु रविदास परंपरा से जुड़े संतों, महंतों और धार्मिक संस्थाओं से संवाद कर उनका सम्मान किया जाएगा। वहीं 5 अक्टूबर से 5 नवंबर तक गुरु रविदास समरसता यात्रा निकाली जाएगी, जो वाराणसी तक पहुंचेगी और विभिन्न राज्यों से होकर गुजरेगी।उन्होंने बताया कि अभियान के अंतिम चरण में 26 नवंबर 2026 से 15 जनवरी 2027 तक %छात्र संपर्क अभियान आयोजित किया जाएगा। इसके तहत विद्यालयों और महाविद्यालयों में समरसता संवाद, चित्र प्रदर्शनी, संगोष्ठियां एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं को गुरु रविदास महाराज के जीवन, दर्शन और सामाजिक समरसता के संदेश से जोड़ा जाएगा।पूर्व मंत्री ने कहा कि अभियान के सफल संचालन के लिए प्रदेश, जिला और मंडल स्तर पर समितियों का गठन शुरू कर दिया गया है। भाजपा का उद्देश्य इस अभियान को केवल धार्मिक आयोजन तक सीमित न रखते हुए सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता और विकसित भारत के निर्माण के व्यापक जनआंदोलन के रूप में आगे बढ़ाना है।प्रेसवार्ता में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीनिवास मुदलियार, भाजपा जिलाध्यक्ष घासीराम नाग, जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, जिला महामंत्री फूलचंद गागड़ा, मंडल अध्यक्ष अशोक राव, जिला मीडिया प्रभारी प्रताप यादव, जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत सदस्य सहित पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बस्तर को मिलेगा स्वच्छ पेयजल और बेहतर सिंचाई का लाभ

**जगदलपुर, 29 जुलाई।** देश की राजधानी दिल्ली स्तिथ छत्तीसगढ़ भवन में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ के सांसदों,उपमुख्यमंत्री अरुण साव की उपस्थिति मे आवश्यक बैठक आहूत की गई द्य इस दौरान बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सांसद महेश कश्यप ने केंद्रीय मंत्री सी.आर. पाटिल को बस्तर लोकसभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन,पेयजल आपूर्ति,सिंचाई विकास एवं जल संरक्षण से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चार अलग अलग पत्र सौंपे। सांसद ने बस्तर की भौगोलिक एवं जनजातीय परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप विशेष कार्ययोजना बनाने का आग्रह भी किया।सांसद महेश कश्यप ने अपने पत्र में कहा कि बस्तर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत बस्तर,कोंडागांव, नारायणपुर,कांकेर,दंतेवाड़ा,बीजापुर एवं सुकमा जिलों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत अनेक कार्य अभी भी अधूरे हैं। कई स्थानों पर ओवरहेड टैंक बन चुके हैं,लेकिन पाइपलाइन नहीं जुड़ी है,कहीं पाइपलाइन बिछने के बाद भी नल कनेक्शन नहीं दिए गए हैं तथा अनेक गांवों में नल कनेक्शन होने के बावजूद नियमित जलापूर्ति प्रारंभ नहीं हो सकी है। इससे दूरस्थ,जनजातीय एवं पूर्व नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामीण आज भी पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं।उन्होंने केंद्रीय मंत्री से कहा कि जल जीवन मिशन के सभी कार्यों की उच्चस्तरीय तकनीकी एवं वित्तीय जांच कराई जाए,अधूरे कार्यों के लिए जिम्मेदार अधिकारियों एवं ठेकेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई हो, सभी लंबित परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराया जाए तथा प्रत्येक योजना का स्वतंत्र थर्ड पार्टी ऑडिट कराया जाए।

## भाजपा का समरसता संकप्ल अभियान से 20 फरवरी तक



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दन्तेवाड़ा,29 जुलाई।** संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय, दन्तेवाड़ा में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में संत गुरु रविदास महाराज के जीवन, उनके समरसता, समानता एवं सामाजिक न्याय के संदेश तथा भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशव्यापी स्तर पर चलाए जा रहे ÷समरसता संकल्प अभियान÷ की जानकारी साझा की गई।

मुख्य वक्ता दन्तेवाड़ा विधायक श्री चैतराम अटामी ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज किसी एक समाज के नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के महान संत एवं पथप्रदर्शक थे। उन्होंने अपने जीवन और विचारों से सामाजिक समरसता, समानता और भेदभाव मुक्त समाज का संदेश दिया। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही एक सशक्त, समरस एवं विकसित भारत का निर्माण संभव है।उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा 29 जुलाई 2026 (आषाढ़ पूर्णिमा) से 20 फरवरी 2027 (माघ पूर्णिमा) तक पूरे देश में ÷समरसता संकल्प अभियान चलाया जाएगा। अभियान के अंतर्गत समरसता दीप महोत्सव, कलश वंदन अभियान, समरसता यात्राएं एवं विभिन्न जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनका उद्देश्य संत गुरु रविदास महाराज के विचारों को जन-जन तक पहुँचाना और सामाजिक समरसता को मजबूत करना है।प्रेस वार्ता में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती ओजस्वी भीमा मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, जिला महामंत्री सत्यजीत सिंह चौहान एवं मुन्ना मरकाम, जिला पंचायत सदस्य कमला विनय नाग, जिला मीडिया प्रभारी राजेश कश्यप, जनपद पंचायत अध्यक्ष दन्तेवाड़ा सुनीता भास्कर, नगर पालिका अध्यक्ष दन्तेवाड़ा पायल गुप्ता सहित भाजपा के जिला पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।प्रेस वार्ता के माध्यम से भाजपा नेताओं ने समाज के सभी वर्गों से संत गुरु रविदास महाराज के आदर्शों को आत्मसात करने तथा समरसता संकल्प अभियान एवं आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया।

### भारतीय सेना में बस्तर रेजिमेंट बनाने की मांग पर रक्षा मंत्रालय ने दिया जवाब

**जगदलपुर, 29 जुलाई ।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की ओर से भारतीय सेना में बस्तर रेजिमेंट बनाने की मांग पर रक्षा मंत्रालय ने जवाब दिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पत्र भेजकर बताया कि प्रस्ताव मिल गया है, इस पर जरूरी प्रक्रिया चल रही है। विजय शर्मा ने 26 जून 2026 को रक्षा मंत्री को पत्र लिखकर भारतीय सेना में बस्तर रेजिमेंट बनाने की मांग की थी। उन्होंने पत्र में बस्तर के आदिवासी युवाओं और जवानों की बहादुरी और नक्सल विरोधी अभियान में उनके योगदान का जिक्र किया था। राजनाथ सिंह ने पत्र भेजकर बताया कि प्रस्ताव मिल गया है।विजय शर्मा ने कहा था कि बस्तर के जवान लंबे समय से कठिन इलाकों में सुरक्षा बलों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। उनका कहना था कि बस्तर रेजिमेंट बनने से देश की सुरक्षा और मजबूत होगी। साथ ही इलाके के विकास और शांति को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि बस्तर रेजिमेंट बनने से यहां के युवाओं को सेना में भर्ती होने के ज्यादा मौके मिलेंगे। इससे युवाओं में देश सेवा, अनुशासन और गर्व की भावना भी बढ़ेगी।

## नक्सल मुक्त बीजापुर का पहला स्वतंत्रता दिवस होगा ऐतिहासिक



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 29 जुलाई।** कलेक्टर विश्वदीप की अध्यक्षता में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा (टीएल) बैठक में आगामी स्वतंत्रता दिवस एवं हर घर तिरंगा अभियान को लेकर व्यापक तैयारियों के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि 15 अगस्त से पूर्व पूरे जिले में अभियान का व्यापक स्तर पर आयोजन सुनिश्चित किया जाए, ताकि प्रत्येक घर में सम्मानपूर्वक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया जा सके। इसके लिए समस्त एसडीएम, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों (सीईओ) तथा नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों (सीएमओ) को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने कहा कि चार दशक बाद यह पहला स्वतंत्रता दिवस होगा, जब बीजापुर माओवाद मुक्त वातावरण में आजादी का पर्व मनाएगा। यह जिले के लिए ऐतिहासिक अवसर है, जिसे पूरे हर्षोल्लास, उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया जाना चाहिए। उन्होंने सभी शासकीय कार्यालयों में तिरंगा फहराने, अभियान के तहत जनभागीदारी सुनिश्चित करने तथा स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर शासकीय भवनों में आकर्षक रोशनी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही जिले के दूरस्थ एवं अंदरूनी क्षेत्रों तक भी अभियान को प्रभावी ढंग से पहुंचाते हुए तिरंगा फहराने के निर्देश दिए गए।बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सुशासन तिहार के लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित करने के लिए विशेष शिविर आयोजित करने को कहा।श्रम विभाग को निर्देशित किया गया कि गत वर्ष संचालित योजनाओं की प्रगति की जानकारी प्रस्तुत करते हुए वर्तमान वर्ष में अधिकाधिक श्रमिकों को विभागीय योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। साथ ही तेंदूपत्ता संग्राहकों एवं श्रम कार्डधारी पालकों के बच्चों को विभागीय छात्रवृत्ति योजनाओं से शत-प्रतिशत लाभान्वित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए।बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सहित अन्य विभागों की योजनाओं एवं कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आईपीएस रविन्द्र मीणा,अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारी, सभी अनुभागों के एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार, जनपद पंचायतों के सीईओ तथा नगरीय निकायों के सीएमओ उपस्थित थे।

## झारखंड में सक्रिय 49 लाख के इनामी 8 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 29 जुलाई।** सुरक्षा बलों के लगातार बढ़ते दबाव और छत्तीसगढ़ शासन की नक्सल आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर झारखंड राज्य में सक्रिय 5 महिला सहित कुल 8 माओवादी कैडरों ने हिंसा का रास्ता छोड़ते हुए बीजापुर पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया। इन सभी माओवादियों पर कुल 49 लाख रुपये का इनाम घोषित था।पुलिस के अनुसारए आत्मसमर्पण करने वाले सभी माओवादी लंबे समय से प्रतिबंधित भाकपा ;माओवादीद्ध संगठन से जुड़े थे और झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय थे। नक्सली संगठन की कमजोर होती स्थितिए हिंसक एवं जनविरोधी विचारधारा से मोहभंग होकर पूर्व माओवादियों के सफ्ल पुनर्वास तथा आदिवासी अंचलों में तेजी से हो रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर उन्होंने मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया।

### आत्मसमर्पण करने वाले 3 डीवीसीएम 4 एसीएम माओवादी

1 अश्विन उर्फ लच्छू डीवीसीएम जेडसीएमए दक्षिण जोनल कमेटी 8 लाख इनामी 2. रंगा उर्फ सोहन डीवीसीएमए सरांडा सब जोनल कमेटीद्ध 8 लाख इनामी 3. दोबा माड़वी उर्फराहत डीवीसीएमए सरांडा सब जोनल कमेटी 8 लाख इनामी 4. फगनी पोयाम उर्फरजनी एरिया कमेटी सदस्यद्ध 5 लाख इनामी 5. सूरज मुन्नी चम्पिया उर्फसुबनी एरिया कमेटी सदस्य 5 लाख इनामी 6. हिड़मे कड़ती उर्फ रीता एरिया कमेटी सदस्य 5 लाख इनामी 7 बुधरी कुंजाम उर्फ अनुषा एरिया कमेटी सदस्य 5 लाख इनामी 8.सलमी चम्पिया उर्फजिलानी ईआरबी स्टॉप पार्टी सदस्य एवं सुरक्षा गार्ड 5 लाख इनामी

### बीजापुर झारखंड और सीआरपीएफ की संयुक सफलता

इस आत्मसमर्पण को झारखंड पुलिसए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ;सीआरपीएफद्ध और बीजापुर पुलिस के बीच बेहतर समन्वय एवं विश्वास निर्माण का परिणाम बताया गया है। सुरक्षा बलों की संवेदनशील कार्यशैली और पुनर्वास की सकारात्मक पहल से प्रभावित होकर इन माओवादी कैडरों ने हथियार छोड़ने का निर्णय लिया।

लच्छू 16 वर्षों से सक्रिय था संगठन में आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली लच्छूए जो झारखंड संगठन में प्रवक्ता की भूमिका निभा चुका हैए ने बताया कि वह पिछले 16 वर्षों से नक्सली संगठन से जुड़ा हुआ था। उसने कहा कि वह मूल रूप से सावनार गांव का निवासी है और गांव के अन्य लोगों के संगठन में जाने के कारण वह भी नक्सलियों के साथ चला गया था। वर्ष 2014 से वह झारखंड में सक्रिय था।

### सीआरपीएफ के डर से हथियार छोड़े

लच्छू ने बताया कि दंडकारण स्पेशल जोनल कमेटी डीकेएसजेडसी सदस्य सुधाकर की मौत 2025 में हुई थी। जिसके बाद से क्षेत्र कमजोर हो गया था। सीआरपीएफ ;ब्त्च्थ्द्ध और सुरक्षा बलों के प्रयासों के चलते उसने आत्मसमर्पण करने का निर्णय लिया। उसने कहा कि लगातार फोर्स के दबाव के कारण जान बचाना मुश्किल हो रहा थाए इसलिए हथियार छोड़कर मुख्यधारा में लौटना ही बेहतर विकल्प लगा। आत्मसमर्पित नक्सलियों में 6 छत्तीसगढ़ व 2 झारखंड निवासी है। उसने जानकारी दी कि अभी भी संगठन में करीब 15 से 20 नक्सली झारखंड में सक्रिय हैं।

### गांव लौटकर खेती-किसानी करूंगा:लच्छू

आत्मसमर्पण के बाद लच्छू ने कहा कि अब वह अपने गांव लौटकर खेती.किसानी कर सामान्य जीवन जीना चाहता है। उसने अन्य सक्रिय नक्सलियों से भी हथियार छोड़कर सरकार की पुनर्वास नीति का लाभ उठाते हुए मुख्यधारा में लौटने की अपील की।

### पुनर्वास योजना का मिलेगा लाभ:पुलिस अधीक्षक

आत्मसमर्पण करने वाले सभी माओवादी कैडरों को छत्तीसगढ़ शासन की नक्सल आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत नियमानुसार आर्थिक सहायताए कौशल विकास प्रशिक्षणए आवासए शिक्षाए स्वरोजगार तथा रोजगार से संबंधित सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा उन्हें समाज की मुख्यधारा में सम्मानपूर्वक स्थापित करने के लिए निरंतर मार्गदर्शन और सहयोग भी प्रदान किया जाएगा।पुलिस अधीक्षक उमेश प्रसाद गुप्ता ने आगे कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास और पुनर्वास की योजनाओं का सकारात्मक प्रभाव लगातार दिखाई दे रहा है तथा भविष्य में भी मुख्यधारा में लौटने के इच्छुक माओवादी कैडरों का स्वागत है। शासन द्वारा लागू पुनर्वास योजना का लाभ दिया जाएगा।

## उफनते सरगी नाले को पार करना पड़ा महंगा, तेज बहाव में बहे बुजुर्ग की 10 किमी दूर मिली लाश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 29 जुलाई।** जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर हैं। ऐसे ही उफनते सरगी नाले को पार करने की कोशिश एक बुजुर्ग के लिए जानलेवा साबित हुई। सहसपुर निवासी थानवार यादव की तेज बहाव में बह जाने से मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, पिछले 24 घंटे से जिले में लगातार बारिश होने के कारण छोटे-बड़े नदी-नालों का जलस्तर काफी बढ़ गया है। इसी बीच थानवार यादव ने उफनते सरगी नाले को पार करने का प्रयास किया। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें कई बार रोकने और इंतजार करने की सलाह दी, लेकिन उन्होंने लोगों की बात अनसुनी कर दी। जैसे ही वे नाले में उतरे, तेज बहाव की चपेट में आकर बह गए।प्रत्यक्षदर्शियों ने पूरी घटना का वीडियो भी बनाया, जिसमें बुजुर्ग को तेज बहाव से संघर्ष करते देखा जा सकता है। काफी तलाश के बाद उनका शव घटनास्थल से करीब 10 किलोमीटर दूर खुंटेरी गांव के पास बरामद हुआ।सूचना मिलते ही फिंगेश्वर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।इधर, जिले के सिकासार जलाशय में लगातार बढ़ते जलस्तर को देखते हुए डैम से पानी छोड़ा जा रहा है, जिससे नदी-नालों का जलस्तर और बढ़ने की संभावना है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि बारिश के दौरान उफनते नदी-नालों को पार करने का जोखिम न उठाएं। यह घटना सभी के लिए एक बड़ी चेतावनी है कि थोड़ी सी लापरवाही भी जानलेवा साबित हो सकती है।

# कानून व्यवस्था के लिए समय पर कार्रवाई करने के दिए गए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 29 जुलाई।** जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, सड़क सुरक्षा को बेहतर करने तथा नागरिक सुविधाओं में सुधार के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री मयंक चतुर्वेदी तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री शशि मोहन सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में कानून व्यवस्था से जुड़े 16 महत्वपूर्ण एजेंडों पर बिंदुवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में जिले के भीतर अवैध रूप से निवास कर रहे अथवा निवास की योजना बना रहे अवैध अप्रवासियों की पहचान एवं उनकी सतत मॉनिटरिंग को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था एवं आंतरिक सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), पुलिस अधिकारी तथा संबंधित विभाग संयुक्त रूप से सत्यापन अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान करें तथा प्रत्येक सूचना पर गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करें। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने बताया कि राज्य शासन द्वारा अवैध रूप से रह रहे लोगों एवं परिवार की पहचान एवं राज्य की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए पुलिस विभाग ने टोल फ्री हेल्पलाइन 1800-233-1905 जारी की है, जो सप्ताह के सातों दिन चौबीसों घंटे संचालित रहेगी। नागरिक अपने आसपास रहने वाले संदिग्ध व्यक्तियों अथवा उनकी गतिविधियों की सूचना इस हेल्पलाइन पर दे सकते हैं। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

बैठक में रायगढ़ शहर की यातायात व्यवस्था को अधिक सुगम एवं व्यवस्थित बनाने पर विशेष चर्चा हुई। नगर निगम आयुक्त ने उद्योगों द्वारा कर्मचारियों के आवागमन के लिए संचालित बसों के शहर के भीतर प्रवेश से बढ़ रहे यातायात दबाव का विषय रखा। इस पर कलेक्टर ने सहमति देते हुए नगर निगम, राजस्व विभाग, यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग को शहर के बाहरी हिस्सों में उपयुक्त बस स्टॉप विकसित करने के लिए स्थल चयन के निर्देश दिए। कुछ दिन पूर्व जिला प्रशासन, ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन, उद्योग एवं खनन कंपनियों के साथ हुई बैठक में उठाई गई मांगों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि घरघोड़ा बाईपास मार्ग, बंजारी मंदिर क्षेत्र, पूंजीपथरा मार्ग, तमनार, खरसिया के रानीसागर चौक तथा गिरवानी मार्ग सहित चिन्हित स्थलों पर भारी वाहनों के लिए सुव्यवस्थित पार्किंग स्थल का चयन 30 सितंबर तक पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि इससे शहर के भीतर यातायात का दबाव कम होगा तथा राष्ट्रीय राजमार्गों पर दुर्घटनाओं में कमी आएगी।बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने के लिए संचालित पीएम-राहत (प्रधानमंत्री राहत) नकदरहित (कैशलेस) उपचार योजना की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के बाद समय पर उपचार मिलने से अनेक लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। परिवहन, स्वास्थ्य एवं पुलिस विभाग संयुक्त रूप से जनजागरूकता अभियान चलाकर प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजना की जानकारी पहुंचाएं।कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्गों एवं प्रमुख सड़कों पर अवैध रूप से खड़े भारी वाहनों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए। उन्होंने दुर्घटना संभावित स्थलों (ब्लैक स्पॉट) पर आवश्यक सुधार कार्यों में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। बैठक में सड़क सुरक्षा, जिला सड़क सुरक्षा कार्यबल, नशा नियंत्रण अभियान, औद्योगिक सुरक्षा, अवैध उत्खनन, खाद्य एवं औषधि सुरक्षा, मोटरयान अधिनियम, कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, जिला जेल, पैरोल, हिट एंड रन, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, चिटफंड प्रकरण, पीएम रिपोर्ट, हिस्टोपैथोलॉजी रिपोर्ट तथा अभियोजन स्वीकृति के लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई।

# स्मार्ट मीटर बना उपभोक्ताओं का भरोसेमंद साथी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 29 जुलाई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में बिजली सेवाओं को अधिक पारदर्शी, आधुनिक और उपभोक्ता-केंद्रित बनाने की दिशा में स्मार्ट मीटर योजना प्रभावी साबित हो रही है। स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं को बिजली की सटीक रीडिंग के साथ रियल टाइम में खपत की जानकारी मिल रही है। रायगढ़ निवासी मोहन सोनी का कहना है कि वे स्वयं भी अपनी बिजली खपत पर आसानी से नजर रख पा रहे हैं। मोहन सोनी ने बताया कि उनके घर में स्मार्ट मीटर स्थापित होने के बाद बिजली की रीडिंग पूरी तरह सटीक मिल रही है। जितनी बिजली की खपत होती है, उसका रिकॉर्ड स्वतः दर्ज हो जाता है, जिससे बिलिंग प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनी है। उन्होंने बताया कि मोर बिजली मोबाइल एप के माध्यम से भी वे कभी भी अपने मोबाइल पर बिजली की खपत और मीटर की रीडिंग देख सकते हैं। इससे बिजली उपयोग पर नियमित निगरानी रखना आसान हो गया है और आवश्यकता के अनुसार बिजली की खपत को नियंत्रित करने में भी सुविधा मिल रही है।

मोहन सोनी ने कहा कि यह सुविधा उपभोक्ताओं के हित में है। इससे बिजली की सटीक रीडिंग, पारदर्शी बिलिंग और खपत की वास्तविक जानकारी सहज रूप से उपलब्ध होती है। उन्होंने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय तथा छत्तीसगढ़ शासन और विद्युत विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। स्मार्ट मीटर व्यवस्था से बिजली वितरण प्रणाली में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ने के साथ-साथ उपभोक्ताओं का भरोसा भी मजबूत हो रहा है। आधुनिक तकनीक के माध्यम से बिजली सेवाओं को सरल, सुलभ और जवाबदेह बनाने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण साबित हो रही है।

## एक नजर

### सिर्फ दो दिन शेष, 31 जुलाई तक कराएं फसल बीमा

**रायगढ़, 29 जुलाई ।** खरीफ मौसम 2026 में फसलों को प्राकृतिक आपदाओं एवं अन्य जोखिमों से सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए किसान 31 जुलाई तक अपनी फसलों का बीमा करा सकते हैं। योजना के अंतर्गत जिले के किसान धान (सिंचित एवं असिंचित), मक्का, उड़द, मूंगफली, मसूर, अरहर तथा रागी जैसी अधिसूचित फसलों का बीमा कराकर संभावित प्राकृतिक एवं उत्पादन संबंधी जोखिमों से आर्थिक सुरक्षा प्राप्त कर सकेंगे।प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों को बुवाई एवं रोपण जोखिम, स्थानीयकृत प्राकृतिक आपदाओं, प्रतिकूल मौसम तथा फसल कटाई के बाद निर्धारित अवधि में होने वाले नुकसान से उत्पन्न आर्थिक जोखिमों के विरुद्ध सुरक्षा प्रदान की जाएगी। इसका उद्देश्य किसानों की आय को सुरक्षित रखना तथा कृषि क्षेत्र में जोखिम कम करना है। यह योजना ऋणी एवं अऋणी दोनों श्रेणी के किसानों के लिए उपलब्ध है। अऋणी किसान अपने निकटतम बैंक, वित्तीय संस्था अथवा लोक सेवा केंद्र के माध्यम से बीमा प्रस्ताव पंजीकृत करा सकते हैं, जबकि ऋणी किसानों का बीमा संबंधित बैंक के माध्यम से किया जाएगा। निर्धारित अंतिम तिथि के बाद किसी भी बीमा प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा। योजना के अंतर्गत किसानों को कुल बीमित राशि का मात्र 2 प्रतिशत प्रीमियम देना होगा।

### आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद के लिए 11 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़, 29 जुलाई ।** एकीकृत बाल विकास परियोजना पुसौर के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र अमलडिहा-1, ग्राम पंचायत पचेड़ा में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद की पूर्ति के लिए पात्र महिलाओं से ऑनलाइन आवेदन 11 अगस्त तक आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी महिला एवं बाल विकास विभाग के ऑनलाइन पोर्टल ड्ड22.दृड्डद्धड्डद्दह्लह्वद्ध.द्बठ्ठ के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आंगनबाड़ी सहायिका की नियुक्ति से संबंधित विस्तृत निर्देश, नियम एवं शर्तों का अवलोकन परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर किया जा सकता है।

### 30 जुलाई को जिला स्तरीय श्रमिक सम्मेलन का आयोजन

**मोहला, 29 जुलाई ।** जिले के निर्माण श्रमिकों के सशक्तिकरण, सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक श्रमिकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से 30 जुलाई को मोहला स्थित वन-धन केंद्र में जिला स्तरीय श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन श्रम विभाग के अधीन संचालित छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के तत्वावधान में आयोजित होगा।सम्मेलन में जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में श्रमिकों को राष्ट्र निर्माण, समाज विकास तथा आर्थिक प्रगति में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही श्रमिकों को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए उनका पंजीयन एवं योजनाओं से लाभान्वित करने की प्रक्रिया को भी बढ़ावा दिया जाएगा। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से पात्र श्रमिकों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना, उनका सम्मान करना, सामाजिक सुरक्षा को सुदृढ़ करना तथा उनके परिवारों के भविष्य को सुरक्षित बनाने की दिशा में प्रभावी पहल करना है। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा श्रमिकों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें श्रमिकों के स्वास्थ्य की जांच कर आवश्यक परामर्श प्रदान किया जाएगा।

### नक्सल पुनर्वास नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ पात्र हितग्राहियों को मिले योजनाओं का लाभ : कलेक्टर

**मोहला, 29 जुलाई ।**कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नक्सल पुनर्वास नीति के प्रभावी क्रियान्वयन एवं हितग्राहियों को विभिन्न विभागीय योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने विभागवार प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए पात्र हितग्राहियों को सभी निर्धारित सुविधाओं का समयबद्ध लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने नक्सल पुनर्वास नीति के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की विभागवार समीक्षा करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र हितग्राही तक योजनाओं का लाभ पहुँचना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया।

# पीएम-राहत योजना से सड़क दुर्घटना पीड़ितों को मिलेगा 1.5 लाख रुपये तक का कैशलेस उपचार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 29 जुलाई।** सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को समय पर उपचार उपलब्ध कराकर बहुमूल्य जीवन बचाने के उद्देश्य से भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा संचालित पीएम-राहत (प्रधानमंत्री राहत) नकदरहित (कैशलेस) उपचार योजना का जिले में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक में इस योजना की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। बैठक में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री शशि मोहन सिंह ने योजना का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कर आमजन को इसके प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि सड़क दुर्घटना के बाद समय पर उपचार ही किसी घायल व्यक्ति का जीवन बचाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। इसलिए प्रत्येक नागरिक को इस योजना की जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने परिवहन, स्वास्थ्य, पुलिस सहित संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि दुर्घटना की स्थिति में कोई भी पात्र व्यक्ति इस महत्वपूर्ण सुविधा से वंचित न रहे। बैठक में कलेक्टर ने डिप्टी कलेक्टर सुश्री शिल्पा भगत एवं जिला परिवहन अधिकारी श्री गौरव साहू को योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, जनजागरूकता गतिविधियों के संचालन तथा विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ योजना की जानकारी गांव-गांव एवं शहरों तक पहुंचाई जाए।

बैठक में बताया गया कि पीएम-राहत योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल पात्र व्यक्तियों को अधिकतम 1.5 लाख रुपए तक का नकदरहित (कैशलेस) उपचार उपलब्ध कराया जाता है। दुर्घटना के बाद अधिकतम सात दिनों तक उपचार का व्यय निर्धारित सीमा तक सरकार द्वारा वहन किया जाता है। योजना का लाभ शासकीय अस्पतालों के साथ-साथ अधिकृत निजी अस्पतालों में भी उपलब्ध है। इससे आर्थिक तंगी के कारण उपचार में होने वाली देरी को रोका जा सकेगा तथा पीड़ितों को तत्काल चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी।

सड़क दुर्घटना के बाद का पहला एक घंटा, जिसे स्वर्णिम घंटा (गोल्डन ऑवर) कहा जाता है, जीवन बचाने की दृष्टि से सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। इस अवधि में घायल व्यक्ति को शीघ्र अस्पताल पहुंचाकर उपचार प्रारंभ कर देने से मृत्यु एवं गंभीर जटिलताओं की संभावना काफी कम हो जाती है। पीएम-राहत योजना का प्रमुख उद्देश्य भी यही है कि किसी भी सड़क दुर्घटना पीड़ित का उपचार धन के अभाव में प्रभावित न हो तथा उसे तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सके।

# केवल 5 दिनों में बना आय प्रमाण पत्र, छात्रवृत्ति का रास्ता हुआ आसान



**रायगढ़, 29 जुलाई।** छत्तीसगढ़ शासन की सेवा सेतु पहल ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए सरकारी सेवाओं को सरल, सुलभ और समयबद्ध बनाने की दिशा में प्रभावी साबित हो रही है। इसका उदाहरण रायगढ़ जिले के पुसौर विकासखंड के ग्राम गोर्रा में देखने को मिला, जहां कक्षा 11वीं के छात्र ईशान श्रीवास का आय प्रमाण पत्र मात्र 5 दिनों में बन गया। समय पर प्रमाण पत्र मिलने से अब वह छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त कर सकेगा। ईशान के पिता हेमसागर श्रीवास ने बताया कि उन्होंने अपने पुत्र के आय प्रमाण पत्र के लिए निकटस्थ सीएससी केंद्र-सेवा सेतु के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया था। आवेदन के कुछ ही दिनों बाद उनके मोबाइल के व्हाट्सएप पर संदेश प्राप्त हुआ कि आय प्रमाण पत्र तैयार हो गया है। संदेश में उपलब्ध लिंक के माध्यम से उन्होंने प्रमाण पत्र देखा और बाद में सीएससी केंद्र से उसकी प्रति प्राप्त कर ली।

हेमसागर श्रीवास ने बताया कि पहले आय प्रमाण पत्र बनवाने में 15 से 20 दिन तक का समय लग जाता था। कई बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे और अतिरिक्त खर्च भी होता था। लेकिन अब सेवा सेतु व्यवस्था के तहत बिना किसी परेशानी के समय पर आय प्रमाण पत्र मिल गया। उन्होंने कहा कि समय पर आय प्रमाण पत्र मिलने से उनके पुत्र ईशान श्रीवास को छात्रवृत्ति योजना का लाभ लेने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होगी। यह व्यवस्था विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के लिए बड़ी राहत साबित हो रही है।

हेमसागर श्रीवास ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सेवा सेतु ने ग्रामीण नागरिकों के लिए सरकारी सेवाओं को वास्तव में आसान और पारदर्शी बनाया है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार का सेवा सेतु पोर्टल एक डिजिटल मंच है जो 36 से अधिक विभागों की 520 से ज्यादा सरकारी सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराता है। इसके जरिए नागरिक घर बैठे या नजदीकी च्वाइस सेंटर से आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड और भू-अभिलेख जैसी सेवाएं आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।

# राजस्व कार्यालय बनेंगे स्मार्ट, तीन माह में दिखेगा बदला हुआ स्वरूप



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 29 जुलाई।** जिले में राजस्व सेवाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार मंगलवार को जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व विभाग से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की विस्तृत समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में अपर कलेक्टर श्री रवि राही ने कहा कि जिले के सभी तहसील कार्यालयों को आगामी तीन माह के भीतर स्मार्ट राजस्व कार्यालय के रूप में विकसित किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य आम नागरिकों को अधिक सुगम, पारदर्शी और त्वरित राजस्व सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट कार्यालय केवल भवनों के सौंदर्यीकरण तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि सेवा वितरण प्रणाली को भी अधिक व्यवस्थित और नागरिक हितैषी बनाया जाएगा।

## आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होंगे कार्यालय

स्मार्ट कार्यालयों में रंग-रोगन, साफ-सफाई, सुव्यवस्थित साइन बोर्ड, एलईडी डिस्प्ले, पेयजल, प्रतीक्षालय, छायादार व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक नागरिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। साथ ही कार्यालय परिसर को व्यवस्थित एवं सुगम बनाते हुए आमजनों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया जाएगा।

## सेवा वितरण होगा अधिक सरल और पारदर्शी

अपर कलेक्टर श्री रवि राही ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक कार्यालय में सेवा वितरण की स्पष्ट कार्यप्रणाली विकसित की जाए। आम नागरिकों की सुविधा के लिए विभिन्न राजस्व सेवाओं की प्रक्रिया का स्टैंडर्ड फॉर्मेट तैयार किया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी न हो तथा निर्धारित समय-सीमा में सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने कार्यालयीन कर्मचारियों के क्षमता विकास के लिए प्रशिक्षण आयोजित करने के भी निर्देश दिए।बैठक में डिजिटल किसान किताब, स्वामित्व योजना, ऑनलाइन डायवर्जन, नगरीय निकाय क्षेत्र की सेवा भूमि, अवैध प्लॉटिंग पर कार्रवाई, नक्शा बटांकन, डिजिटल हस्ताक्षर, राजस्व अभिलेख अद्यतीकरण, ग्राम पंचायत स्तर पर लंबित नामांतरण, खाता विभाजन तथा ई-कोर्ट सहित विभिन्न राजस्व विषयों की बिंदुवार समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

### अवैध शराब विक्रय पर करें सख्त कार्रवाई : कलेक्टर

**मोहला, 29 जुलाई ।** कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री यशपाल सिंह की उपस्थिति में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कानून व्यवस्था एवं एनकॉर्ड समिति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में उप पुलिस अधीक्षक श्री विनोद कुमार मिंज,उप पुलिस अधीक्षक श्री नोहर मंडावी, श्रीमती नेहा पवार समिति के सदस्य एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं पुलिस विभाग के सभी थाना प्रभारी उपस्थित रहे।कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने नशा मुक्ति अभियान की समीक्षा करते हुए समाज कल्याण विभाग को वार्षिक कैलेंडर तैयार कर विद्यालयों में नियमित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस, समाज कल्याण एवं शिक्षा विभाग को कोटपा एक्ट के तहत शैक्षणिक परिसरों एवं उनके आसपास नशीले पदार्थों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### नागरिकों को पौधे निःशुल्क उपलब्ध कराए



**कांकेर 29 जुलाई।** हरित पर्यावरण को बढ़ावा देने एवं जनसहभागिता से वृक्षारोपण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वनमंडल कांकेर के अंतर्गत चारामा परिक्षेत्र में नेचर पार्क जैसाकर्रा चारामा के मुख्य प्रवेश द्वार के सामने ÷ट्री एटीएम÷ की स्थापना की गई है। इस अभिनव पहल के माध्यम से वर्षा ऋतु के वर्तमान रोपण सत्र में क्षेत्र के किसान, ग्रामवासी, विद्यार्थी, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं इच्छुक नागरिकों को पौधे निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में जनभागीदारी सुनिश्चित की जा सके। ट्री एटीएम में स्थानीय जलवायु के अनुरूप विभिन्न प्रजातियों के फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधे उपलब्ध कराए गए हैं।

# विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर स्वास्थ्य विभाग ने चलाया जागरूकता अभियान



**रायगढ़, 29 जुलाई।** विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय रायगढ़ के सभाकक्ष में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हेपेटाइटिस की रोकथाम, समय पर जांच, उपचार और टीकाकरण के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही नर्सिंग अंतिम वर्ष की छात्राओं का हेपेटाइटिस-बी टीकाकरण भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने की। इस वर्ष विश्व हेपेटाइटिस दिवस की थीम हेपेटाइटिस− आइए इसे खत्म करें के अनुरूप लोगों को जागरूक करते हुए विशेषज्ञों ने बताया कि समय पर जांच, सुरक्षित व्यवहार और टीकाकरण से हेपेटाइटिस संक्रमण को प्रभावी रूप से रोका जा सकता है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने कहा कि बरसात के मौसम में दूषित भोजन और पानी के कारण संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने नागरिकों से फल एवं सब्जियों को अच्छी तरह धोकर उपयोग करने, स्वच्छ पानी पीने, भोजन को अच्छी तरह पकाकर खाने तथा खुले एवं दूषित खाद्य पदार्थों से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत स्वच्छता अपनाना और सुरक्षित जीवनशैली संक्रमण से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। विशेषज्ञों ने बताया कि हेपेटाइटिस-बी के प्रमुख लक्षणों में बुखार, त्वचा पर चकत्ते, भूख कम लगना, अत्यधिक थकान, जोड़ों में दर्द एवं अवसाद शामिल हैं, जबकि हेपेटाइटिस-सी में लगातार थकान, अनिद्रा, पैरों में सूजन, त्वचा में खुजली तथा गहरे रंग का मूत्र जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तत्काल चिकित्सकीय जांच करानी चाहिए।कार्यक्रम में हेपेटाइटिस से बचाव के लिए सुरक्षित रक्त का उपयोग, एक बार उपयोग होने वाले रेजर ब्लेड एवं इंजेक्शन का प्रयोग, व्यक्तिगत उपयोग की वस्तुएं साझा नहीं करने, असुरक्षित यौन संबंधों से बचने तथा घावों को सुरक्षित ढंककर रखने की सलाह दी गई। साथ ही नवजात शिशुओं को जन्म के बाद निर्धारित समय में हेपेटाइटिस-बी का टीका लगाने, सभी गर्भवती महिलाओं की हेपेटाइटिस-बी जांच कराने तथा संक्रमित माता से जन्म लेने वाले शिशुओं को आवश्यक इम्यूनोग्लोब्युलिन एवं टीकाकरण उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, एएनएम, मितानिनों एवं शहरी स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य कर्मियों को हेपेटाइटिस के साथ-साथ मौसमी बीमारियों की रोकथाम, उपचार और जनजागरूकता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई। जिले के सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में भी विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं, जहां ग्रामीण एवं शहरी नागरिकों को हेपेटाइटिस से बचाव, स्वच्छता, सुरक्षित खान-पान और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बी.पी. पटेल, जिला नोडल अधिकारी डॉ. टी.जी. कुलवेदी, डॉ. जाविद मारीकर, डॉ. सुमीत कुमार शैलेन्द्र मंडल, डॉ. अविनाश चंद्रा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा तथा जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. कल्याणी पटेल सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मूकबधिर बच्चों के लिए स्पीच थेरेपी प्रारंभ करने पूर्व विधायक ने कलेक्टर को लिखा पत्र

**महासमुन्द,29 जुलाई।** पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चन्द्राकर ने कलेक्टर को पत्र प्रेषित कर जिले में मूक-बधिर बच्चों के लिए सरकारी स्तर पर स्पीच थेरेपी प्रारंभ करने की मांग की है। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया कि जिले में पंजीकृत और अपंजीकृत बड़ी संख्या में मूक-बधिर बच्चे निवासरत हैं जिनमें से अधिकांश गरीब तबके के परिवारों से आते हैं। इन बच्चों के सर्वांगीण विकास और समाज की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए स्पीच थेरेपी अत्यंत आवश्यक है, लेकिन वर्तमान में शासकीय स्तर पर इस सुविधा का अभाव है।

पूर्व विधायक ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा ग्राम खैरा स्थित बहुविकलांग भवन में पहले से ही बहुविकलांग बच्चों के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उसी भवन में यदि स्पीच थेरेपी की व्यवस्था भी शुरू कर दी जाए तो संसाधनों का बेहतर उपयोग होगा और जरूरतमंद बच्चों को उनके घर के नजदीक ही उपचार मिल सकेगा। उन्होंने सुझाव दिया कि इस कार्य के लिए समाज कल्याण विभाग के पास निराश्रित निधि अथवा मण्डी शुल्क से प्राप्त राशि का उपयोग किया जा सकता है। पूर्व में भी इसी निधि से बहुविकलांग भवन का निर्माण और संचालन किया गया था, इसलिए अब इस निधि को बच्चों की थेरेपी के लिए भी उपयोग में लाया जाना चाहिए। पत्र में यह भी कहा गया है कि अभी एक निजी एनजीओ द्वारा बिना पंजीयन के स्पीच थेरेपी कराई जा रही है जिसके लिए प्रतिदिन लगभग 500 रुपये का शुल्क लिया जा रहा है। गरीब परिवार वर्षों तक चलने वाली इस थेरेपी का इतना खर्च वहन करने में सक्षम नहीं हैं, जिससे कई बच्चे उपचार से वंचित रह जा रहे हैं। यदि शासन द्वारा शीघ्र पहल नहीं की गई तो जिले के सैकड़ों बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो सकता है। चन्द्राकर ने कलेक्टर से अनुरोध किया है कि समाज कल्याण विभाग अथवा जिला खनिज न्यास निधि के माध्यम से तत्काल स्पीच थेरेपी प्रारंभ करने की स्वीकृति प्रदान की जाए, ताकि जिले के गरीब और जरूरतमंद मूक-बधिर बच्चों को समय पर आवश्यक सहायता मिल सके और वे आत्मनिर्भर जीवन जीने में सक्षम बन सकें।

### जिले में 498.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

रायगढ़, 29 जुलाई / रायगढ़ जिले में 28 जुलाई तक 498.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 35.4 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून 2026 से अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 680.5 मिली मीटर, पुसौर में 530.6, खरसिया में 468, घरघोड़ा में 347.2, तमनार में 680.4, लैलूंगा में 429.6, मुकडेगा में 348.5, धरमजयगढ़ में 333.2, छाल में 541.9 एवं कापू में 625 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# बैठक में स्वास्थ्य मंत्री ने विभागीय प्रगति की जानकारी ली,योजनाओं की समीक्षा की

कांकेर 29 जुलाई । प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक विकास मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल आज जिला मुख्यालय कांकेर पहुंचकर बस्तर संभाग के स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय प्रगति की जानकारी ली तथा महत्वाकांक्षी योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने संभाग के सभी स्वास्थ्य अधिकारियों को 'मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान' की आशातीत सफलता की बधाई देते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की इच्छाशक्ति से जिस तरह बस्तर को नक्सलमुक्त बनाया गया, उसी तर्ज पर इसे मलेरियामुक्त बनाने की दिशा में ठोस व सार्थक प्रयास करें।जिला पंचायत के सभाकक्ष में मंगलवार को सुबह आयोजित मलेरिया एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम तथा प्रबंधन पर आधारित संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि प्रतिकूल परिस्थितियों एवं भीषण गर्मी में बस्तर का स्वास्थ्य अमला पूरी शिद्दत व ईमानदारी के साथ मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान को सफल बनाया। उन्होंने टीम वर्क के साथ सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों से परस्पर समन्वय स्थापित कर प्राथमिक सेवाओं को निचले स्तर पर पहुंचाने की बात कही।

## एक नजर

### जिले में 6576 बालिकाओं को लगाया गया एचपीवी टीका



**राजनांदगांव 29 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर) से किशोरी बालिकाओं को सुरक्षित करने के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि जिले में 14 से 15 वर्ष तक की किशोरी बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीका लगाया जा रहा है। जिले में 6576 किशोरी बालिकाओं को एचपीवी टीका लगाया गया है। यह वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित और चिकित्सकीय रूप से प्रमाणित है। जिसका कोई भी साइड इफेक्ट नहीं देखा गया है। उन्होंने बताया कि जिले में एचपीवी टीकाकरण से छूटे हुए 4001 किशोरी बालिकाओं को टीका लगाया जाएगा। शासन द्वारा 14 से 15 वर्ष तक की किशोरी बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए उप-स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला चिकित्सालय में निःशुल्क एचपीवी टीका लगाया जा रहा है। उन्होंने जिले के सभी पात्र किशोर बालिकाओं के अभिभावकों से सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण कराने की अपील की है।

### कलेक्टर ने उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्राचार्यो एवं शिक्षकों को किया सम्मानित



**राजनांदगांव 29 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के प्राचार्यों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में युवाओं के चयन के लिए नियमित रूप से ऑनलाइन मार्गदर्शन प्रदान करने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कलेक्टर ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय डोंगरगांव एवं हायर सेकेंडरी स्कूल परागांवखुर्द के प्राचार्यों तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा में युवाओं के चयन में विशेष प्रयास भूमिका निभाने वाले शिक्षक श्री थंगेश्वर साहू एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम विद्यालय राजनांदगांव के व्याख्याता लेखा साहू को सम्मानित किया। शिक्षक श्री थंगेश्वर साहू के विशेष प्रयासों से 3 युवाओं का अग्निवीर तथा व्याख्याता लेखा साहू के विशेष प्रयासों से 3 बच्चों का नीट में चयन हुआ है। इसके साथ ही ऑनलाईन कक्षाओं में अपनी सेवाएं देने वाले व्याख्याता श्री सोहन निषाद को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

# रीजन चेयरमैन बने अमित खण्डेलवाल, क्लब को एक्सीलेंट अवार्ड

- लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी की बड़ी उपलब्धि, अध्यक्ष अमित खण्डेलवाल सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 29 जुलाई।** राजनांदगांव के लिए गर्व का क्षण उस समय आया जब लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी के अध्यक्ष PMJF लायन अमित खण्डेलवाल को उनके उत्कृष्ट नेतृत्व और उल्लेखनीय कार्यों के लिए रीजन चेयरमेन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी को वर्ष 2025-26 का इंटरनेशनल एक्सीलेंट क्लब अवार्ड भी प्रदान किया गया। अध्यक्ष अमित खण्डेलवाल के कार्यकाल की यह अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है, जिससे पूरे राजनांदगांव का गौरव बढ़ा है।

रायपुर स्थित होटल बेबीलोन कैपिटल में आयोजित इंटरनेशनल लायंस क्लब के भव्य इंस्टॉलेशन एवं शपथ ग्रहण समारोह तथा प्रथम कैबिनेट मीटिंग में लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। कार्यक्रम में इंटरनेशनल प्रेसिडेंट लायन ए.पी. सिंह ने क्लब के अध्यक्ष क्लब्ध्स लायन अमित खण्डेलवाल को इंटरनेशनल प्रेसिडेंशियल मैडल पहनाकर सम्मानित किया जो की पूरे 145 क्लब में सिर्फ़ अध्यक्ष अमित खण्डेलवाल को यह मैडल का सम्मान प्राप्त हुआ है तथा उन्हें रीजन चेयरमेन पद की शपथ दिलाई। समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि PMJF लायन ए पी सिंग, लायन विनोद लाड़िया, कुलभूषण मित्तल, जे पी सिंग, जी एस होरा, राजू मनवानी, संगीता जटिया, प्रवीण वशिष्ठ, गवर्नर रिपुदमन सिंह पुसरी, विजय अग्रवाल पवन मलिक, अनिल अग्रवाल, यह सम्मान उन्हें वर्ष 2025-26 में सर्वाधिक 33 नए सदस्यों को क्लब से जोड़ने तथा पूरे डिस्ट्रिक्ट में 105 सदस्यों के साथ सबसे बड़ा क्लब बनाने की उपलब्धि के लिए प्रदान किया गया। इसके साथ ही लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी को प्रतिष्ठित इंटरनेशनल एक्सीलेंट क्लब अवार्ड 2025-26 से भी नवाजा गया। रीजन चेयरमेन के रूप में अमित खण्डेलवाल के नेतृत्व में 3 जोन चेयरपर्सन कार्य करेंगे तथा उनके अधीन 10 क्लब शामिल रहेंगे जिनमें भिलाई के 7 क्लब, राजनांदगांव के 2 क्लब और अहिवारा का 1 क्लब शामिल है। यह जिम्मेदारी उनके नेतृत्व कौशल और संगठन के प्रति समर्पण का प्रमाण मानी जा रही है। इस अवसर पर पद्मश्री PDG लायन डॉ. पुखराज बाफना, लायन टीना खण्डेलवाल, डिस्ट्रिक्ट माइक्रो चेयरपर्सन PMJF लायन राजकुमार शर्मा, लायन शोभा शर्मा, लायन राजेश जैन (राजू), क्लब अध्यक्ष लायन दीपक जैन (नवलखा), सचिव लायन अशोक पवार, जोन चेयरपर्सन लायन तरणदीप अरोरा सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। रीजन चेयरमेन बनने पर अध्यक्ष लायन दीपक जैन (नवलखा), लायन सचिव अशोक पवार, कोषाध्यक्ष लायन मुकेश शर्मा, लायन तरणदीप अरोरा, PMJF लायन बृजकिशोर सुरजन, पद्मश्री लायन डॉ. पुखराज बाफना, उमेद कोठारी, संतोष लोहिया, माइक्रो चेयरपर्सन राजकुमार शर्मा, लायन कमल किशोर साहू, लायन मयंक शर्मा, लायन विजय कोटड़िया, लायन चंद्रिका प्रसाद सिन्हा, लायन भावेश अग्रवाल, लायन नेहा गुप्ता, लायन श्यामचरण गुप्ता, लायन प्रकाश सांखला, राजेश जैन (राजू), लायन सुरेश शर्मा, सुदामा मोटलानी, रमेश गुप्ता, मुकेश चौबे, शोभा चौरसिया, कंचन चौबे सहित बड़ी संख्या में लायन सदस्यों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# दशकों बाद टंडवा को मिली विकास की सौगात
# टंडवा-बैकुंठ मार्ग निर्माण से बदलेगी क्षेत्र की तस्वीर

- भूमिपूजन के साथ पूरी हुई वर्षों पुरानी मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा नेवरा 29 जुलाई।** विकाश खंड तिल्दा क्षेत्र के ग्राम टंडवा में मंगलवार को क्षेत्र की प्रगति और जन-सुविधाओं को नई दिशा देने वाले कई विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। ग्राम पंचायत टंडवा की सरपंच योगिता कृष्ण वर्मा, कार्यक्रम में माहौल उत्सव जैसा था क्योंकि जिस सड़क के लिए ग्रामीण दशकों से आवाज उठा रहे थे, आखिरकार उसका काम शुरू होने जा रहा है।

### 8 करोड़ से अधिक की लागत से बनेंगी दो नई सड़कें

इस अवसर पर दो महत्वपूर्ण सड़क मार्गों का विधिवत भूमिपूजन किया गया। पहला मार्ग टंडवा से बैकुंठ तक 2.65 किलोमीटर लंबा होगा, जिसके निर्माण पर ?3 करोड़ 87 लाख की राशि खर्च की जाएगी। दूसरा मार्ग दैहानपारा टंडवा से झोपड़ापारा बैकुंठ तक 2.67 किलोमीटर लंबा है और इस पर ?4 करोड़ 44 लाख की लागत आएगी। दोनों सड़कें मिलाकर करीब ?8.31 करोड़ की विकास परियोजना है। वर्षों से यह मार्ग जर्जर हालत में पड़ा था। कच्ची और टूटी सड़क के कारण बरसात के मौसम में यहां आवागमन लगभग ठप हो जाता था। विद्यार्थियों को स्कूल पहुंचने में, किसानों को मंडी जाने में और मरीजों को अस्पताल ले जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। इसी समस्या को लेकर ग्रामीण लंबे समय से शासन और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगा रहे थे।

### मंत्री ने कहा, विकास के लिए सड़कें आधारशिला हैं

कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने भूमिपूजन के बाद कहा कि यह सड़क केवल ईंट और डामर का रास्ता नहीं है। सड़कें किसी भी क्षेत्र की शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक गतिविधियों की रीढ़ होती हैं। उन्होंने बताया कि इस सड़क की स्वीकृति वर्ष 2018 में डॉ. रमन सिंह की भाजपा सरकार के दौरान हुई थी, लेकिन बीच में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में यह परियोजना अटक गई थी। ग्रामीणों की लगातार मांग और क्षेत्र की जरूरतों को देखते हुए अब मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार ने इसे फिर से स्वीकृत कर काम शुरू करवाया है। मंत्री ने कहा कि इन दोनों सड़कों के बन जाने से न केवल टंडवा और बैकुंठ के लोगों को सुविधा होगी, बल्कि आसपास के गांवों को भी बेहतर कनेक्टिविटी का लाभ मिलेगा। आवागमन सुगम होने से व्यापार बढ़ेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी।

### स्कूल को भी मिली तीन नई सुविधाएं

भूमिपूजन कार्यक्रम के साथ ही शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टंडवा में तीन सुविधाओं का लोकार्पण भी किया गया। यहां नवनिर्मित प्रार्थना शेड, अतिरिक्त शैक्षणिक कक्षा और साइकिल स्टैंड बच्चों को समर्पित किए गए। मंत्री ने कहा कि इन सुविधाओं से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा। प्रार्थना शेड में बच्चे अब धूप और बारिश से बचकर प्रार्थना कर सकेंगे, अतिरिक्त कक्षा से बैठने की समस्या दूर होगी और साइकिल स्टैंड से छात्र-छात्राओं को अपनी साइकिल सुरक्षित रखने की सुविधा मिलेगी।

### जनप्रतिनिधियों ने जताया आभार, ग्रामीणों में खुशी

पूर्व जिला महामंत्री अनिल अग्रवाल ने कहा कि कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा बलौदाबाजार विधानसभा के हर गांव तक विकास पहुंचाने के लिए संकल्पित हैं। टंडवा से बैकुंठ सड़क की स्वीकृति भी उसी सोच का परिणाम है। ग्राम पंचायत टंडवा की सरपंच योगिता कृष्ण वर्मा ने मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्री और सभी जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस मार्ग के बनने से क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या का समाधान होगा और आने वाली पीढ़ियों को विकास का नया रास्ता मिलेगा। भूमिपूजन की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है और ग्रामीणों को उम्मीद है कि अब उनका दशकों का इंतजार खत्म होकर एक नए विकास अध्याय की शुरुआत होगी।

### 1024 अर्घ्य अर्पण, पूर्ण आहुति और हवन के साथ अनादि सिध्द श्रीसिध्द महामंडल विधान हुआ पूर्ण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर 29 जुलाई।** अमलतास केसल, कचना स्थित 1008 श्री मुनि सुब्रत नाथ दिगंबर जैन मंदिर में चल रहे आठ दिवसीय अनादि सिद्ध श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान में 1024 विशेष अर्घ्य अर्पण एवं पूर्ण आहूति हवन के पश्चात सम्पन्न हुआ. उपरोक्त जानकारी मंदिर के अध्यक्ष हिमांशु जैन ने दी. विधि कारक स्वरुप भाई सुरेश भाई मोदी ने बताया कि उपरोक्त विधान कार्तिक, फाल्गुन और आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी से प्रारंभ किए जाते हैं. आदि सिद्ध श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान जो कि हुंडवसर्पिनी काल में महासति मैना सुन्दरी और कोटिभट्ट श्रीपाल के निमित्त किया जाता है, की किस तरह मैना सुंदरी ने अपने पति श्रीपाल के कुष्ठ रोग को सिद्ध यंत्र के अभिषेक के जल दूर किया था विधान के अंतिम दिवस सहस्त्र नामावली के साथ 1024 विशेष अर्घ्य एवं पूर्णाहुति हवन किया गया।

### बुलडोजर चलाकर शासकीय घास भूमि से हटाया गया अतिक्रमण

**राजनांदगांव 29 जुलाई।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशन में जिले में शासकीय भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में आज डोंगरगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम रीवागहन स्थित शासकीय घास भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रीवागहन निवासी संजय वर्मा द्वारा शासकीय घास भूमि पर टीन शेड का निर्माण कर अवैध रूप से अतिक्रमण किया गया था। राजस्व विभाग की टीम ने आज मौके पर पहुंचकर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाया तथा शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण स्वीकार नहीं किया जाएगा। शासकीय भूमि की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए ऐसे मामलों में नियमानुसार कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

### मुख्यमंत्री साय के सुशासन में गांव-गांव पहुंच रही डिजिटल सेवाएं

**रायपुर,29 जुलाई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन, पारदर्शिता और डिजिटल सेवाओं के विस्तार की दिशा में लगातार प्रभावी पहल की जा रही है। शासन का उद्देश्य है कि प्रत्येक नागरिक को शासकीय सेवाएं सरल, सुलभ और समयबद्ध तरीके से उसके घर के निकट उपलब्ध हों। इसी सोच को साकार करने में सेवा-सेतु पोर्टल ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के नागरिकों के लिए भरोसेमंद माध्यम बनकर उभरा है। इस पोर्टल के जरिए लोगों को अनेक शासकीय सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध हो रही हैं, जिससे समय और धन दोनों की बचत हो रही है तथा अनावश्यक भागदौड़ से भी राहत मिल रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप प्रदेश में डिजिटल सुशासन को बढ़ावा देते हुए शासकीय सेवाओं को नागरिकों के द्वार तक पहुंचाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। सेवा-सेतु पोर्टल इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसने ग्रामीण क्षेत्रों में भी शासकीय सेवाओं की पहुंच को आसान और पारदर्शी बनाया है। इससे लोगों का प्रशासन पर विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है। इस पहल का सकारात्मक उदाहरण गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के मरवाही विकासखंड अंतर्गत ग्राम सिवनी (सिलवारीटोला) में देखने को मिला। यहां सेवा-सेतु ऑपरेटर श्री खिलावन सिंह पोट्टाम ने आवेदक लवकुश मरावी को सेवा-सेतु केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन विवाह प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराया।

## सरोरा पंचायत की बैठक में अवैध शराब बिक्री बंद कराने का निर्णय



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 29 जुलाई।** शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में अवैध शराब का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। जिसमे खास तौरपर युवा वर्ग शराब एवं अन्य नशीली वस्तुओं के मकड़जाल में फंसता जा रहा है। गांव गांव में आसानी से अवैध रूप से शराब बिकने से गांव के पुरे युवा वर्ग इसके चपेट में आ रहे है।

तिल्दा नेवरा ब्लाक के ग्राम पंचायत सरोरा के ग्रामीण अवैध शराब बिक्री बंद कराने के लिए पंचायत भवन में बैठक आयोजित किया गया गांव में महिलाओं ने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक रखकर अवैध शराब बिक्री को पूर्ण रूप से बंद करने का निर्णय पारित किया है साथ ही अवैध शराब बिक्री करने वाले और सेवन कर उत्पात करते पाए जाने पर जुर्माना वसूलने की बात कही गई है तथा गांव में महिला कमांडो ग्रुप बनाये जाने की बात बैठक में रखा गया है . । ग्राम पंचायत सरोरा शराब की अवैध बिक्री हो रही है। गांव में अशांति व स्कूल में शराब की बोतले फेके जाने से ग्रामीणों में आक्रोश है, ग्रामीणों ने बताया की गांव में में खुलेआम शराब की अवैध रूप से बिक्री की जा रही है। गांव का माहौल खराब हो रहा है। महिलाओं का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। शराब बेचने वाला दादागिरी करता है। शराब पीने वाले ने स्कूल और सार्वजनिक जगहों में में शराब की बोतले फोड़ देते है । घटना से ग्रामीणों में आक्रोश है। गांव के बच्चे और युवा में भी शराब की लत लग रही हैग्रामीणों ने बैठक कर इस अवैध शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाने को लेकर विस्तृत चर्चा किये बैठक में प्रमुख रूप से सरपंच उमेश्वरी विश्राम साहू ,उप सरपंच बसंत सिंह विनोद ,पंचगण दयानन्द चतुर्वेदी , चतुर्वेदी ,उमा कुर्रे ,इंदु शेखर शर्मा ,सरोजनी यदु माहेश्वरी पाल ,मनोज यादव ,ताराचंद पाल ,जितेंद्र वर्मा ,रति देवी ,यकिता साहू ,उमा सिन्हा ,नारायण यदु ,चंद्र कुमार , जयनारायण यदु ,ओमप्रकाश प्रमिला साहू ,सती निषाद ,संगीता वर्मा ,अनीता यदु। रुक्मणि ,महेश्वरी ,मीना ,पुनीता ,वेणु यशोदा उपस्थित रहे।

### समर्थ और विकसित छत्तीसगढ़ के लिए अहम उपक्रम साबित होगा खेलः अरुण साव

**रायपुर, 29 जुलाई।** उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री अरुण साव ने आज छत्तीसगढ़ में पहली बार हो रहे स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव का शुभारंभ किया। राज्य शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राजधानी रायपुर के एक निजी होटल में आयोजित कॉन्क्लेव में देशभर के खेल प्रशासक, विशेषज्ञ, स्पोर्ट्स साइंटिस्ट, नामचीन खिलाड़ी और खेल संघों के पदाधिकारी भागीदारी कर रहे हैं। वे दिनभर अलग-अलग कई सत्रों में राज्य में खेल और खिलाड़ियों के लिए बेहतर माहौल तैयार करने, खेल प्रतिभाएं को तराशने, उन्हें अच्छी सुविधाएं उपलब्ध कराने, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं के लिए तैयार करने तथा खेल अधोसंरचना को मजबूत करने रोडमैप पर मंथन करेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव के पहले सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि समर्थ और विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के लिए खेल एक अहम उप म साबित होगा। राज्य में खेल और खिलाड़ियों के विकास से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के ज्यादा मौके मिलेंगे, उनका सर्वांगीण विकास होगा और वे एक मजबूत मानव संसाधन के रूप में तैयार होंगे, जिसका लाभ छत्तीसगढ़ को मिलेगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि खिलाड़ियों की तरक्की और बेहतरी के लिए राज्य शासन हर तरह से तैयार है। इसके लिए खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेल संघों को हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने राज्य की मौजूदा खेल अधोसंरचनाओं का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करते हुए इनके संचालन और खिलाड़ियों के लिए उपलब्धता की सुदृढ़ व्यवस्था बनाने पर जोर दिया।

### उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने ज्ञानेश्वरी यादव को दी बधाई

**रायपुर 29 जुलाई।** उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री अरुण साव ने ग्लासगो में चल रहे राष्ट्रमंडल खेलों में भारोत्तोलन में रजत पदक जीतने वाली ज्ञानेश्वरी यादव को बधाई दी है। राजनांदगांव की वेटलिफ्टर ज्ञानेश्वरी ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए 53 किलोग्राम भार वर्ग में कुल 199 किलोग्राम वजन उठाकर रजत पदक जीता है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने ज्ञानेश्वरी को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने कॉमनवेल्थ गेम्स में रजत पदक जीत कर भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी का नाम रोशन किया है। उनकी शानदार सफलता से राज्य के खिलाड़ी प्रेरणा लेंगे और आगे बढ़ेंगे।

**कृत्रिम गर्भाधान से बदली किस्मतः रायपुर, 29 जुलाई।** ग्रामीण अंचल में जब दृढ़ इच्छाशक्ति को आधुनिक तकनीक का साथ मिलता है, तो सफलता की एक ऐसी इबारत लिखी जाती है जो पूरे समाज को नई राह दिखाती है। प्रेम कुमारी की इस सफलता की नींव रखी पशुपालन विभाग की कृत्रिम गर्भाधान तकनीक ने।


## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरी पुत्री को सना नाज के नाम से जाना जाता था। अब उसने नाम बदलकर सना नाज खान पुत्री चॉद खान कर लिया है। अतः अब सना नाज को नए नाम सना नाज खान के नाम से जाना और पहचाना जाए।

चॉद खान
पिता- सना नाज खान
भिलाई

प्रारूप (तीन)

**शपथ पत्र**

(नाबालिग पुत्र/पुत्री के नाम परिवर्तन के मामले में)

मैं श्रीमती भारती वासम (माता/पिता पालक का नाम) सुपुत्र / पति बलराम निवासी ग्राम आवापल्ली, एतद् द्वारा पूर्णतः पुष्टि करती हूँ और निम्नानुसार घोषित करती हूँ।

मैं ग्राम आवापल्ली, तहसील उसूर, जिला बीजापुर (छ.ग.) की स्थायी निवासी हूँ।

मैं अपने नाबालिग पुत्र/पुत्री के मेगना वासम (MEHNA VASAM) तथा जन्मतिथि 13/03/2010 से बदलकर मेघा वासम (MEGHA VASAM) तथा जन्मतिथि 11/12/2013 करवाना चाहती हूँ।

मैं अपने पुत्र/पुत्री का नाम बदलकर यदि कोई गैर कानूनी काम करती हूं तो उसके लिए स्वयं जिम्मेदार रहूंगी।

मैं अपने पुत्र/पुत्री मेघा वासम (MEGHA VASAM) तथा जन्मतिथि 11/12/2013 को हमारे / हमारी नाबालिग पुत्र/पुत्री के नाम बदलने में कोई आपत्ति नही है।

मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशो हवास में रहकर हस्ताक्षर कर रही हूं तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूँ।

भारती
माता/पिता/पालक के हस्ताक्षर


# महापौर पहुंचे बस स्टैंड, चालकों एवं दुकानदारों से की चर्चा

- साफसफाई एवं आवश्यक मरम्मत कर व्यवस्था दुरूस्त करने अधिकारियो को दिए निर्देश
- गौरव स्थल निरीक्षण कर उन्नयन हेतु दिए दिशा निर्देश



**राजनांदगांव 29 जुलाई।** महापौर श्री मधुसूदन यादव आज सुबह वार्ड नंबर 15 स्थित बस स्टैण्ड एंव गौरव स्थल का निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा एवं वार्ड पार्षद श्री प्रमोद झंझाडे तथा अधिकारियो के साथ पैदल भ्रमण कर बस चालक, परिचालक तथा दुकानदारो से व्यवस्था संबंधी चर्चा किए। वही उन्होंने गौरव स्थल निरीक्षण कर उसके उन्नयन के लिए अधिकारियो को दिशा निर्देश दिए। महापौर श्री यादव आज आकस्मिक रूप से बस स्टैण्ड पहुच व्यवस्था का जायजा लिए। उन्होंने बस स्टैण्ड की समस्या के संबंध में दुकानदारो व चालक, परिचालक से चर्चा किए। बस स्टैण्ड में मरम्मत करने तथा कंडम बस को हटाने की मांग की गयी। इस पर महापौर ने निगम के अधिकारियो से कहा कि सर्व प्रथम कंडम खडी बसो को हटाने परिवहन विभाग को पत्र लिखा जाए। इसके अलावा परिसर एवं उसके आस पास व्यापक साफ सफाई कराने स्वास्थ्य अमला को निर्देशित किए। उन्होने कहा कि बस स्टैण्ड सार्वजनिक स्थल है, यहा नियमित रूप से साफसफाई हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। महापौर ने तकनीकि अधिकारियो से कहा कि सुरक्षा की दृष्टिकोण से परिसर की सभी खुली स्थल को घेरा करना है। उन्होंने परिसर में आवश्यक मरम्मत करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी समय समय पर निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करे। किसी प्रकार की परेशानी व कमी पर उच्च अधिकारी को अवगत करा समाधान करे। उन्होंने कहा कि बस स्टैण्ड सार्वजनिक एवं महत्वपूर्ण स्थल है, यहा की व्यवस्था को बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है। निरीक्षण की कड़ी में महापौर श्री यादव ने गौरव स्थल का जायजा लेकर उसके उन्नयन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने टुटे मार्बल की जगह नया मार्बल लगाने, रेलिंग मरम्मत करने तथा मार्बल में पालिस करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहीदो के नाम एवं परिचय को पुनः रंग रोगन कर उभारा जाए तथा फ्लोर की पेंटिंग की जाए। उन्होंने गौरव स्थल की सफाई के अलावा प्रकाश व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जय स्तम्भ चैक के तिरंगा झंडा को गौरव स्थल में शिफ्ट कर लगाया जाए। गौरव स्थल हमारे शहीदो की याद दिलाती है। इसका देख रेख एवं उचित रख रखाव हमारी महती जवाबदारी है। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता (संविदा) श्री यू.के.रामटेके, प्र.कार्यपालन अभियंता श्री प्रणय मेश्राम, प्र.सहायक अभियंता सुश्री सुषमा साहू, उप अभियंता श्री तिलक राज ध्रुव, प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा सहित तकनीकि व स्वास्थ्य अमला उपस्थित थे ।


**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी निपनिया, जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.
ब/121 वर्ष 2025-2026
ग्राम का नाम गोढी एस

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सुकवारो बाई पटेल पति श्री मिलऊ राम पटेल जाति मरार निवासी ग्राम गोढी एस प.ह.नं. 21 तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़) के द्वारा अपने पुत्री कु. लखनी पटेल पिता श्री मिलऊ राम पटेल माता का नाम श्रीमती सुकवारो बाई पटेल का जन्म दिनांक 12.06.2007 को (स्थान) ग्राम गोढी एस का पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु सचिव ग्राम पंचायत गोढी एस तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छ.ग. जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत शपथपत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, सरपंच प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है तथा दिनांक 14/8/26 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 14/8/26 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 27/7/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया ।

(मुहर) कार्यपालिक दण्डाधिकारी निपनिया ( छत्तीसगढ़ )

**न्यायालय नायब तहसीलदार/कार्यपालिक मजिस्ट्रेट निपनिया (छत्तीसगढ़)**

रा.प्र.क्र. .....ब/ 121 वर्ष 2025-26
ग्राम- गोढ़ी-एस प.ह.नं. 21 तह. भाटापारा

**ईश्तहार**

एतद व्दारा सर्व साधारण को ईश्तहार के द्वारा सुचित किया जाता है कि आवेदिका कैलासा निषाद पति पुनीतराम केंवट निवासी ग्राम गोढ़ी-एस तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़) के द्वारा अपने पुत्री यामिनी निषाद (पिता का नाम-पुनीतराम केंवट माता का नाम-कैलासा निषाद) का जन्म दिनांक 18.12.2017 को स्थान ग्राम गोढ़ी-एस तहसील भाटापारा का जन्म पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु ग्राम पंचायत सचिव गोढ़ी-एस तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छत्तीसगढ़ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं सरपंच का प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसके सबंध में प्रकरण विचाराधीन है, तथा दिनांक 31/7/26 को सुनवाई हेतु नियत है।

अत: उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 31/7/26 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 15/7/26 को न्यायालय के पद मुहर सहित जारी किया गया।

(मुहर) नायब तहसीलदार/कार्यपालिक दण्डाधिकारी निपनिया( छत्तीसगढ़ )

**न्यायालय नायब तहसीलदार/कार्यपालिक मजिस्ट्रेट निपनिया (छत्तीसगढ़)**

रा.प्र.क्र. .....ब/ 121 वर्ष 2025-26
ग्राम- गोढ़ी-एस प.ह.नं. 21 तह. भाटापारा

**ईश्तहार**

एतद व्दारा सर्व साधारण को ईश्तहार के द्वारा सुचित किया जाता है कि आवेदिका कैलासा निषाद पति पुनीतराम केंवट निवासी ग्राम गोढ़ी-एस तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़) के द्वारा अपने पुत्र दुर्गेश निषाद (पिता का नाम-पुनीतराम केंवट माता का नाम-कैलासा निषाद) का जन्म दिनांक 08.07.2013 को स्थान ग्राम गोढ़ी-एस तहसील भाटापारा का जन्म पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु ग्राम पंचायत सचिव गोढ़ी-एस तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छत्तीसगढ़ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं सरपंच का प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसके सबंध में प्रकरण विचाराधीन है, तथा दिनांक 31/7/26 को सुनवाई हेतु नियत है।

अत: उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 31/7/26 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 15/7/26 को न्यायालय के पद मुहर सहित जारी किया गया।

(मुहर) नायब तहसीलदार/कार्यपालिक दण्डाधिकारी निपनिया( छत्तीसगढ़ )

**एक नजर**

### होंडा ने पेशकिया 10 मेड-इन-इंडिया उत्पादों का नया पोर्टफोलियो

**रायपुर 29 जुलाई।** होंडामोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने भारतीय बाजार के लिए 10मोटरसाइकिलों और स्कूटर्स का विस्तारितपोर्टफोलियो पेश किया है। इसमें सात बिल्कुल नए मॉडल औरतीन नए रंग विकल्पों के साथ अपडेट किए गए मॉडलशामिल हैं। इस नई रेंज में क्रूजर, एडवेंचर टूरर,रोडस्टर, लाइफस्टाइलराइडिंग, इलेक्ट्रिक और फ्लेक्स-फ्यूल मोबिलिटी से जुड़े उत्पाद शामिल हैं,जोविभिन्न वर्गों के ग्राहकों की जरूरतों को पूराकरेंगे।इन मॉडलों का भारत में स्थानीय स्तर पर निर्माण(लोकलाइजेशन) एचएमएसआई की विकास यात्रा मेंएक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे भारत में कंपनीकी उत्पाद विकास, इंजीनियरिंग और विनिर्माणक्षमताओं को और मजबूती मिलेगी। साथ ही, ग्राहकोंको होंडा की वैश्विक तकनीकों तक बेहतर पहुंचउपलब्ध होगी और स्थानीय सोर्सिंग तथा विनिर्माणको भी बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडियाके अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (प्रेसिडेंटएवं सीईओ) त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, भारतहोंडा के लिए दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक बाजारोंमें से एक है। 10उत्पादों का यह नया पोर्टफोलियो ग्राहकों को विभिन्न प्रकार के मोबिलिटी समाधानउपलब्ध कराता है।

### ऑनलाइन अटेंडेंस नहीं तो सैलरी भी नहीं

**रायपुर 29 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के शिक्षकों के लिए बड़ी खबर सामने आई है । दरअसल, लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) ने सभी शिक्षकों के लिए नया निर्देश जारी किया है।जिसके अनुसार जुलाई का वेतन अब ऑनलाइन उपस्थिति से जोड़ने का फैसला किया है। डीपीआई द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट कहा गया है कि जिन कर्मचारियों का ऑनलाइन पंजीयन पूरा हो चुका है और जिनकी उपस्थिति ऑनलाइन दर्ज हो रही है, उन्हें उसी के अनुरूप वेतन का भुगतान किया जाएगा। किसी कर्मचारी ने महीने में जितने दिनों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराई होगी, केवल उतने दिनों का ही वेतन जारी किया जाएगा। विभाग ने यह व्यवस्था जुलाई 2026 के वेतन से लागू करने के निर्देश दिए हैं।

### धरना-प्रदर्शन से पहले संगठन की मंजूरी जरूरी: पीसीसी

**रायपुर 29 जुलाई।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के लिए नया निर्देश जारी किया है। अब धरना, आंदोलन, प्रेसवार्ता, पदयात्रा या किसी भी राजनीतिक कार्यक्रम से पहले जिला या प्रदेश संगठन को सूचना देना अनिवार्य होगा। पार्टी के नए निर्देश के मुताबिक, संगठन की सहमति मिलने के बाद ही कोई भी कार्यक्रम आयोजित किया जा सकेगा। बिना अनुमति या पूर्व सूचना के आयोजित कार्यक्रमों को लेकर संगठन ने स्पष्ट नियम तय कर दिए हैं। कांग्रेस का कहना है कि इस व्यवस्था का उद्देश्य संगठनात्मक गतिविधियों में बेहतर समन्वय और अनुशासन बनाए रखना है, ताकि सभी कार्यक्रम तय रणनीति के तहत संचालित किए जा सकें।

### मंत्री ने की विभागीय कामकाज की समीक्षा

**रायपुर 29 जुलाई।** सहकारिता मंत्री केदार कश्यप की अध्यक्षता में आज नवा रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक) के सभाकक्ष में सहकारिता विभाग की एक महत्वपूर्ण एवं उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में विभाग की 16 प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं और मैदानी स्तर पर उनके क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक के दौरान सहकारिता के सुदृढ़ीकरण पर जोर देते हुए सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि राज्य सरकार सहकारिता क्षेत्र को अधिक पारदर्शी, डिजिटल और किसान-हितैषी बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।

### निधन

**सुनील शर्मा**

**रायपुर।** ब्राह्मणपारा के सुनील शर्मा नगर गॉव वाले का आज सुबह 62 वर्ष की आयु में संजीवनी



अस्पताल में आकस्मिक निधन हो गया। बी एस एन एल से सेवानिवृत्त तथा कङ्गालीबाड़ी स्कूल के पूर्व छात्र एवं अनिल शर्मा के छोटे भाई थे। उनकी अंतिम यात्रा वेदांता सिटी भांठा गांव से महादेव घाट के लिए सुबह 11.30 बजे निकली।

# मुख्यमंत्री ने एकलव्य के विद्यार्थियों का बढ़ाया उत्साह

**रायपुर 29 जुलाई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित एकलव्य संवाद कार्यक्रम में प्रदेश के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों से नीट-2026 में सफल विद्यार्थियों से आत्मीय चर्चा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी विद्यार्थियों को उनकी उल्लेखनीय सफलता पर बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह उपलब्धि केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़, विशेषकर जनजातीय समाज के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि एकलव्य विद्यालयों के विद्यार्थियों ने यह सिद्ध कर दिया है कि अवसर, संसाधन और संकल्प मिलने पर प्रतिभा किसी भी परिस्थिति की मोहताज नहीं होती।



मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आपके विद्यालय का नाम 'एकलव्य' है और भारतीय इतिहास में एकलव्य का स्थान अद्वितीय है। उन्होंने गुरु द्रोणाचार्य को अपना आदर्श मानकर कठिन परिस्थितियों में भी निरंतर साधना और समर्पण के बल पर धनुर्विद्या में असाधारण दक्षता प्राप्त की। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि उसी प्रकार आप भी अथक परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ निश्चय के साथ अपने जीवन का लक्ष्य प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि सफलता का सबसे बड़ा मंत्र निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खूब पढ़िए, आगे बढ़िए और और विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में भागीदार बनिए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने विद्यार्थियों को संत कबीर के प्रसिद्ध दोहे गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागूँ पाय; बलिहारी गुरु आपने, गोविंद दियो बताय का उल्लेख करते हुए गुरु के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि गुरु का स्थान ईश्वर से भी श्रेष्ठ माना गया है, क्योंकि गुरु ही हमें ज्ञान देकर जीवन का सही मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने गुरुजनों का सदैव सम्मान करने और उनसे प्राप्त ज्ञान को समाज के हित में उपयोग करने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भारत सरकार द्वारा देशभर में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं और छत्तीसगढ़ के लिए यह गर्व की बात है कि प्रदेश में एकलव्य विद्यालय संचालित हैं, जहां जनजातीय समुदाय के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि एकलव्य की तरह लक्ष्य साधिए, सफलता निश्चित मिलेगी। उन्होंने कहा कि नीट जैसी कठिन राष्ट्रीय परीक्षा में सफलता प्राप्त करना आपके परिश्रम, आपके माता-पिता के आशीर्वाद और गुरुजनों के समर्पण का परिणाम है। उन्होंने इस अवसर पर सभी अभिभावकों और शिक्षकों को भी बधाई दी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने विद्यार्थियों से कहा कि डॉक्टर का स्थान समाज में अत्यंत सम्माननीय होता है। भगवान हमें जन्म देते हैं, लेकिन डॉक्टर जीवन की रक्षा करते हैं और लोगों को नया जीवन प्रदान करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे केवल कुशल चिकित्सक ही नहीं, बल्कि संवेदनशील, सहृदय और विनम्र डॉक्टर भी बनें। उन्होंने कहा कि मरीज के प्रति मधुर व्यवहार और संवेदनशीलता भी उपचार का महत्वपूर्ण हिस्सा है। कई बार डॉक्टर का अपनापन ही मरीज को मानसिक शक्ति प्रदान करता है।

## 1800 की शराब दो हजार में बेची आबकारी सब इंस्पेक्टर सस्पेंड

**रायपुर 29 जुलाई।** सरकारी शराब दुकानों में एमआरपी से अधिक कीमत वसूलने का मामला सामने आया है। अभनपुर की देशी शराब दुकान पर डमी ग्राहक भेजकर गड़बड़ी पकड़ी गई। 1 हजार 800 रुपए की बोतल दो हजार रुपए में बेची जा रही थी। मामले में आबकारी उप निरीक्षक नीलम स्वर्णकार को निलंबित कर दिया गया। सहायक आबकारी आयुक्त और मंडल प्रभारी को कारण बताओ नोटिस दिया गया है।

छत्तीसगढ़ की सरकारी शराब दुकानों में ओवररेटिंग का खेल लगातार जारी है। सरकारी शराब दुकानों में तय दरों से ज्यादा कीमत वसूलने की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। लोगों से अवैध वसूली का यह पैसा निचले स्तर से लेकर ऊपर तक पहुंचने के आरोप लग रहे हैं। पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में भी ऐसा ही बड़ा घोटाला उजागर हो चुका है। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद आबकारी विभाग ने अब सख्ती दिखाना शुरू कर दिया है।

विभाग ने इस बार गड़बड़ी पकड़ने के लिए खास रणनीति बनाई। आबकारी विभाग की टीम ने अभनपुर की देशी शराब दुकान में छापा मारने से पहले एक डमी ग्राहक भेजा। डमी ग्राहक ने दुकान से शराब खरीदी, जहां 1 हजार 800 रुपए की शराब की बोतल दो हजार रुपए में बेची गई। इस तरह 200 रुपए की सीधी ओवररेटिंग रंगे हाथ पकड़ ली गई। इस कार्रवाई से पूरे विभाग में हड़कंप मच गया है। गड़बड़ी की पुष्टि होते ही विभाग ने तुरंत एक्शन लिया। अभनपुर की दुकान में पदस्थ आबकारी उप निरीक्षक नीलम स्वर्णकार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन की यह कार्रवाई पर्यवेक्षण में लापरवाही बरतने और दुकान पर ओवररेटिंग नहीं रोक पाने के कारण की गई है।

शराब घोटाला में केवल निचले कर्मचारियों पर ही कार्रवाई नहीं हुई है, बल्कि दो वरिष्ठ अधिकारियों पर भी शिकंजा कसा गया है। रायपुर के सहायक आबकारी आयुक्त डॉ. प्रवीण वर्मा और अभनपुर मंडल प्रभारी व एडीईओ डीडी पटेल को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। विभाग ने दोनों अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा है।

दूसरी तरफ शराब घोटाले की जांच कर रही आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो यानी ईओडब्ल्यू की टीम भी पूरी तरह से एक्शन में है। ईओडब्ल्यू की टीमों ने जेल में बंद शराब कारोबारी अनवर ढेबर के तीन अलग-अलग ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। यह कार्रवाई रायपुर, अभनपुर और धमतरी स्थित मकानों और यार्डों में की गई। छापेमारी के दौरान कई महत्वपूर्ण और संदिग्ध दस्तावेज बरामद हुए हैं।

जांच एजेंसियों का दावा है कि अनवर ढेबर ने घोटाले से कमाई गई अवैध रकम को दूसरे लोगों के नाम पर निवेश किया है। आबकारी विभाग से जुड़े मामलों में कुल मिलाकर करीब 3 हजार 200 करोड़ रुपए के घोटाले की जांच चल रही है। इसमें 182 करोड़ रुपये का ओवरटाइम घोटाला और 300 करोड़ रुपए से अधिक का ओवररेटिंग घोटाला शामिल है। इस मामले में अब तक लगभग 1 हजार 200 करोड़ रुपए की संपत्तियां अटैच की जा चुकी हैं। अनवर ढेबर, अरुणपति त्रिपाठी और अनिल टुटेजा से जुड़े करीब 200 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश की जानकारी अभी पूरी तरह सामने आना बाकी है।

### खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में राज्य के पदक विजेता खिलाड़ियों को दी प्रोत्साहन राशि

**रायपुर 29 जुलाई।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव के समापन सत्र में शामिल हुए। उन्होंने राजधानी रायपुर के एक निजी होटल में आयोजित कॉन्क्लेव में विगत मार्च-अप्रैल में छत्तीसगढ़ में हुए देश के पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में राज्य के लिए पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की। छत्तीसगढ़ में पहली बार इस स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया था, जिसमें विभिन्न सत्रों में देशभर से आए खेल प्रशासकों, नीति निर्माताओं, स्पोर्ट्स साइंटिस्ट्स, नामचीन खिलाड़ियों, विशेषज्ञों और खेल संघों के पदाधिकारियों ने छत्तीसगढ़ में खिलाड़ियों के लिए बेहतर सुविधाओं, खेल प्रतिभाओं की खोज, प्रशिक्षण और सुदृढ़ खेल अधोसंरचना के रोडमैप पर दिनभर मंथन किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा कि विशेषज्ञों के बीच आज दिनभर हुए गंभीर विचार-विमर्श से राज्य में खेल और खिलाड़ियों की बेहतरी के कार्यों को सार्थक एवं प्रभावी दिशा मिलेगी। राज्य में खेलों के विकास के लिए यह कॉन्क्लेव मील का पत्थर साबित होगा।

## भाजपा का नया फार्मूला, पहले वंदन फिर वसूली

**रायपुर 29 जुलाई।** आज पूर्व संसदीय सचिव एवं छाया सांसद विकास उपाध्याय ने ईश्वरी चरण शुक्ल वार्ड अंतर्गत राजीव नगर क्षेत्र में बिजली बिल को लेकर वार्ड वासियो से घर घर जाकर कहा कि अगर 1000-1500 आने वाला बिजली बिल अगर 5 गुना 7 गुना बढ़कर आ रहा है तो पूरे परिवार का बजट उथल-पुथल हो जाता है और जो परिवार चलाने वाला पालक है उसे बाजार से कर्ज लेना पड़ रहा है जिससे व्यक्तियों को मानसिक परेशानी से जुझना पड़ रहा है और ब्याज पटाने का टेंशन अलग से।



उपाध्याय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सरप्लस बिजली होने के बाद भी छत्तीसगढ़ की जनता को महंगी बिजली बिल का झटका दिया जा रहा है। स्मार्ट मीटर के नाम पर सीधे जनता को लूटा जा रहा है और अडानी को लाभ पहुँचाते हुये बीजेपी अपना कमीशन निकाल रही है। विकास ने कहा कि बिजली बिल को महंगी करके जनता से जो पैसे वसूलने का काम बीजेपी सरकार कर रही है उन पैसों का उपयोग भारत देश के अन्य प्रदेशों में सांसद विधायकों को खरीदने में लगा रही है और विपक्षी पार्टीयों को तोड़ने में इस्तेमाल कर रही हैं एवं भारतीय जनता पार्टी अपने बड़े-बड़े कार्यालय खोलने में एवं उनके साज-सज्जा में लगा रही है। एक तरफजहाँ पूरे देश में महंगाई चरम सीमा पर है वहीं बिजली की दर को बढ़ाकर भारतीय जनता पार्टी दोहरा मार प्रदेश की जनता को दे रही है।

### गुरुपूर्णिमा पर जैन दादाबाड़ी में महापूजन

**रायपुर 29 जुलाई।** गुरुपूर्णिमा के पावन पर्व पर चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी , भैरव सोसायटी में हजारों श्रद्धालुओं ने चारों दादागुरुदेव के दर्शन वन्दन कर बड़ी पूजा में भाग लिया । श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि इस अवसर पर चमत्कारी जैन दादाबाड़ी के प्रतिष्ठाचार्य श्री जिनमणिप्रभ सूरीश्वर जी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए गुणानुवाद किया गया । महेन्द्र कोचर ने आगे बताया कि वर्तमान में खरतरगच्छ परम्परा के गुरुदेव खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणिप्रभ सूरीश्वर जी को गुरुपूर्णिमा के अवसर पर कोटिशः वन्दना । गुरुदेव के शुभ हस्ते अवन्ति पार्श्वनाथ तीर्थ जीर्णोद्धार सहित देशभर में 257 जिनमंदिर व दादाबाड़ीयों की प्रतिष्ठा सम्पन्न हुई है । गुरूदेव के मुखारविंद से 165 भव्य आत्माओं ने भगवती जैन दीक्षा ग्रहण की है , श्री जिनमणिप्रभ सूरीश्वर जी की पावन निश्रा में देशभर में 17 महामंगलकारी उपद्यान तप आराधना व 24 छ:री पालित संघ की यात्रा सम्पन्न हुई है । ऐसे पूज्य गुरुदेव श्री जिनमणिप्रभ सूरीश्वर जी को गुरुपूर्णिमा के अवसर पर श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट पूजन वंदन करता है । गुरुपूर्णिमा पर 21 दिवसीय दादागुरुदेव इक्तिसा जाप 10 अगस्त से 30 अगस्त तक की घोषणा की गई । 9 अगस्त रविवार को मूर्ति कलश व अखण्ड दीपक की स्थापना की जावेगी । विधिकारक श्री विमल गोलछा स्थापना विधी सम्पन्न करेंगे । गुरुपूर्णिमा पर दादागुरुदेव की बड़ी पूजा में प्रसिद्ध भजन गायक वर्धमान चोपड़ा , निर्मल पारख , सरला बैद ने गुरुभक्ति के भजन से शमा बांध दिया । पूजा में श्रीमती मंजू कोठारी , शैला बरड़िया , कीर्ति लोढ़ा, मधु पारख, प्रसन्न चोपड़ा, मनीष बरड़िया , ममता जैन , डॉ योगेश बंगानी , संतोष झाबक , अशोक झाबक , अरुणा कोठारी , ममता बरमट उपस्थित थे



## थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्तदान

**रायपुर 29 जुलाई।** मानव सेवा के संकल्प को साकार करते हुए लक्ष्य वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा मानव सेवा ब्लड बैंक, में दो थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए विशेष स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए समय पर सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा समाज में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। समाजसेवियों एवं जागरूक नागरिकों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश दिया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. ममता साहू, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग (राज्यमंत्री दर्जा) रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. वर्णिका शर्मा, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग (राज्यमंत्री दर्जा) उपस्थित रहीं। विशेष अतिथि के रूप में गज्जू साहू, अध्यक्ष, जोन क्रमांक-01, वार्ड पार्षद एवं संरक्षक, लक्ष्य वेलफेयर फाउंडेशन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के भागीरथ डॉ. उदय भान सिंह चौहान की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

मुख्य अतिथि डॉ. ममता साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों को जीवनभर नियमित रक्त की आवश्यकता होती है। ऐसे बच्चों के लिए रक्तदान शिविर आयोजित कर रक्त की व्यवस्था करना अत्यंत संवेदनशील, मानवीय एवं अनुकरणीय कार्य है। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद को नया जीवन प्रदान कर सकता है। लक्ष्य वेलफेयर फाउंडेशन समाजहित में जिस समर्पण के साथ कार्य कर रहा है, वह वास्तव में प्रशंसनीय है। समाज के प्रत्येक स्वस्थ नागरिक को नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करना चाहिए। डॉ. वर्णिका शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों का जीवन बचाने से बड़ा कोई धर्म नहीं है। थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना पूरे समाज की जिम्मेदारी है।

**PICTURE-स्टोरी**



**रायपुर 29 जुलाई। अमलीडीह के महात्मा गांधी नगर की गलियां नदी बन गई है तथा घरों में पानी घुस गया है।**

## पेज 1 का शेष

### आंदोलनकारियों को भुलाने की कोशिश :मिश्रा

प्रयास भी हुए। मिश्रा ने बताया कि आंदोलन के चलते मेरी नौकरी भी चली गई। उन्होंने पृथक छत्तीसगढ़ राज्य के आंदोलन में तरुण छत्तीसगढ़ की सतत भूमिका को भी याद किया।

आंदोलन को अंजाम तक पहुंचाने वाले कट्टर आंदोलनकारी डॉ. चंद्रभान सिंह चौहान ने छत्तीसगढ़ राज्य का सपना हमारे पुरखों ने देखा था। उन्होंने ने भी लंबी लड़ाई लड़ी थी। फिर इस अधिकार की लड़ाई को हमने अपने कंधों पर ले लिया। चौहान ने बताया कि नगरघड़ी के पास कोने में झोपड़ीनुमा स्थान से पूरा आंदोलन संविधान के दायरे में चलाया गया। चौहान ने यादों के पन्ने पलटते हुए कहा कि हमने राज्य के लिए लंबी यातनाएं झेली हैं। छत्तीसगढ़ महतारी को न्याय दिलाने के लिए महीनों घर ही नहीं गए। चौहान ने बताया कि राज्य की स्थापना होने तक अखंड धरना इसी झोपड़ी में चलाया गया। हमारे पंडाल में साजिशन आग लगा दी गई थी। महत्वपूर्ण कागज तो जले ही हमारे छह साथी भी झुलस गये थे। नौ अप्रैल 1995 से प्रारंभ हुआ धरना राज्य बनने के बाद दस दिसंबर को समाप्त हुआ। चौहान ने पीड़ा व्यक्त की कि अलग राज्य बनने के 25 वर्ष बाद भी छत्तीसगढ़ी को



भाषा का दर्जा नहीं मिला। राज्य में तो बाहरी आक्रमण हो रहे हैं,यह चिंता का विषय है। जंगल कट रहे हैं। कृषि भूमि पर बिल्डरों का कब्जा हो रहा है। बेरोजगारी बढ़ रही है। छग की अस्मिता व संस्कृति को भुलाया जा रहा है।

पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य कर रहे समाजसेवी ललित सिंघानिया की राज्य आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वे आंदोलनकारियों को न केवल हर तरह का सहयोग देते रहे बल्कि धरना-प्रदर्शन में भी शामिल रहे। पर्यावरणविद सिंघानिया ने कहा कि छग का 40 प्रतिशत भू-भाग वन से आच्छादित हैं। यहां की जमीन में खनिजों का भंडार है। राज्य बनने के बाद 25 वर्षों में औद्योगिक विकास हुआ। हमारा प्रदेश लोहा व सीमेंट पैदा कर रहा है। संघानिया ने इस बात पर जोर दिया कि राज्य को प्रदूषण मुक्त करने की दिशा में आगे बढना चाहिए। अत्याधुनिक तकनीक से प्रदूषण पर काबू पाकर पर्यावरण को बेहतर कर सकते हैं। उद्योगों को टेक्नालाजी का लाभ उठाना चाहिए। सिंघानिया ने कहा कि जरूरतों को कम करके स्वस्थ जीवन को अपनाना ही छग का जीवनशैली है। रजत जयंती के पार इसी दिशा में कार्य होना चाहिए। आधुनिकता की दौड़ में छग की संस्कृति की उपेक्षा ना हो इस पर ध्यान देने की जरूरत है।

अग्रसेन महाविद्यालय के डायरेक्टर वीके अग्रवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इससे पूर्व अपने स्वागत भाषण में तरुण छत्तीसगढ़ के प्रधान संपादक कौशल किशोर मिश्र ने बताया कि ललित मिश्रा, उदयभान सिंह चौहान व ललित सिंघानिया ने नब्बे दशक में पृथक राज्य के लिए आंदोलन शुरू किया था। राज्य बनने के बाद इनके संघर्ष को रेखांकित नहीं किया गया। मिश्र ने कहा कि कई लोग ऐसे भी थे जो पृथक राज्य के पक्षधर नहीं थे किन्तु श्रेय लेने में भी पीछे नहीं रहे। जिन्होंने राज्य आंदोलन में अपना खून पसीना बहाया उनके नाम इतिहास में दर्ज होना चाहिए। संगोष्ठी का संचालन श्रीमती आकांक्षा दुबे ने तथा आभार प्रदर्शन प्रकाश शर्मा ने किया। इस अवसर पर अग्रसेन शिक्षण समिति के कोषाध्यक्ष अजय दानी, कपिल अग्रवाल, प्राचार्य युलेन्द्र कुमार राजपूत सहित नरेन्द्र चौहान, दीपक सीठा, अनुराग मिश्रा,राजेन्द्र डागा, हरीश साहू, कैलाश सोनी, प्रशांत अग्रवालतथा कालेज के विद्यार्थी बड़ी संख्या में मौजूद थे। तरुण छत्तीसगढ़ परिवार की और से कौशल किशोर मिश्र ने वक्ताओं को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

## डॉ. अमरोहित ने स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव में खेल चोट के बाद खिलाड़ियों के करियर एवं प्रदर्शन पर दिया व्याख्यान

**रायपुर 29 जुलाई।** राजधानी रायपुर में आज आयोजित छत्तीसगढ़ स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव में डॉ. गीतेश अमरोहित ने खेलों में चोटों के बाद खिलाड़ियों के करियर और प्रदर्शन पर विस्तृत व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का आयोजन खेल विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किया गया था, जिसमें मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की गरिमामय उपस्थिति रही।

डॉ. अमरोहित ने अपने सत्र में स्पोर्ट्स इंज्युरी के विभिन्न आयामों — प्रारंभिक मूल्यांकन, त्वरित उपचार, पुनर्वास प्रोटोकॉल और वापसी-तक-प्रतिष्ठा मापदण्ड — पर वैज्ञानिक और व्यवहारिक सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि चोट का शारीरिक इलाज के साथ-साथ मानसिक समर्थन और समुचित पुनर्वास योजना खिलाड़ी के दीर्घकालिक करियर के लिए अनिवार्य है। उन्होंने कुछ केस-स्टडीज़ व लाइव डेमो के माध्यम से दिखाया कि कैसे चरणबद्ध पुनर्वास और मल्टीडिसिप्लिनरी टीम (फिजियोथेरेपिस्ट, स्पोर्ट्स फिजिशियन, कोच व साइकोलॉजिस्ट) खिलाड़ी की परफॉरमेंस बहाल कर सकती है। व्याख्यान के तुरंत बाद पैनल डिस्कशन आयोजित किया गया, जिसमें डॉ.



अमरोहित ने उपस्थित खिलाड़ियों, कोचों और उनके सपोर्टिंग स्टाफ के सवालों का समाधान किया। उपस्थित नेशनल प्लेयर और राज्य के कोचों ने उपचार के दैनंदिन अभ्यास, चोट-रोधी प्रशिक्षण और छोटे शहरों में उपलब्ध सुविधाओं को बेहतर बनाने पर विशेष रुचि दिखाई। उन्नयनशील खिलाड़ियों के लिए सस्ती और प्रभावी पुनर्वास मॉडल पर भी तीव्र चर्चा हुई।

कॉनक्लेव में खेल जगत से जुड़े कई प्रतिनिधि — खिलाड़ी, प्रशिक्षक, अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ-साथ नेशनल लेवल के खिलाड़ी भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कार्यक्रम के महत्व पर बल देते हुए कहा कि राज्य सरकार खेलों को बढ़ावा देने के साथ-साथ खिलाड़ियों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान दे रही है। उन्होंने बेहतर स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर और प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26